

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 5 | अंक : 218 | सोमवार, 21 सितम्बर 2026 | भाद्रपद माह, शुक्ल, दशमी, विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 5 रुपया



## 'सरकार की पहल से देश में बेरोजगारी घटी'

### केंद्रीय राज्यमंत्री का दावा- देश में स्टार्टअप बढ़कर ढाई लाख से ज्यादा हुए

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय राज्य मंत्री एल मुरुगन ने दावा किया है कि सरकार की कोशिशों के चलते देश में बेरोजगारी दर छह प्रतिशत से घटकर 3.2 प्रतिशत रह गई है। आइए जानते हैं कि केंद्रीय राज्यमंत्री ने क्या-क्या आंकड़े पेश किए।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने बताया कि सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न पहलों के चलते देश में बेरोजगारी दर 6 प्रतिशत से घटकर 3.2 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने बताया कि देश में स्टार्टअप्स की संख्या, जो 2014 में लगभग 400 थी, बढ़कर 2.5 लाख से अधिक हो गई है और यह भी उल्लेख किया कि स्टार्टअप संस्थापकों में एक महत्वपूर्ण संख्या 30 वर्ष से कम आयु के युवाओं की है। मुरुगन ने निरंतर सीखने, नई तकनीकों को अपनाने और पेशेवर कौशल के नियमित उन्नयन के महत्व पर भी जोर दिया।

केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और परमाणु ऊर्जा जैसे अग्रणी क्षेत्रों में युवाओं के लिए बढ़ते अवसरों के बारे में बताया साथ ही अंतरिक्ष, रक्षा, शिक्षा, शासन और सार्वजनिक प्रशासन सहित विभिन्न क्षेत्रों में



महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि 'रोजगार मेलों' के माध्यम से अब तक 12.75 लाख से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए जा चुके हैं, जो युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने पर सरकार के समर्पित जोर को दशार्ता है।

उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा में भर्ती होने वाले नए युवा 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने भर्ती होने वाले लोगों से आग्रह किया कि वे अपनी जिम्मेदारियों को केवल रोजगार सुरक्षित करने के रूप में न देखें, बल्कि राष्ट्र की सेवा करने और इसके समग्र विकास में योगदान देने के अवसर के रूप में देखें।

मुरुगन ने कहा कि नियुक्ति पत्र केवल नियुक्ति का आदेश नहीं है बल्कि राष्ट्र की सेवा करने का एक अवसर है और यह भी बताया कि सरकारी कर्मचारी नागरिकों के साथ बातचीत करते समय प्रतिनिधियों और सरकार के चेहरे के रूप में कार्य करते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ईमानदारी, जवाबदेही, सहानुभूति और जनता के प्रति मानवीय दृष्टिकोण सार्वजनिक सेवा का अभिन्न अंग बने रहना चाहिए।

मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि सरकार की विभिन्न प्रमुख पहलों, जिनमें मेक इन इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया और मुद्रा ऋण योजना शामिल हैं, ने युवाओं को रोजगार चाहने वालों के साथ-साथ रोजगार सृजनकर्ता के रूप में उभरने में सक्षम बनाया है।

डॉ. मुरुगन ने कहा कि तमिलनाडु में नवोदय विद्यालय वंचित और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच प्रदान करेंगे, उनकी मातृभाषा में प्राथमिक शिक्षा की सुविधा प्रदान करेंगे और छात्रों को विभिन्न भारतीय भाषाएं सीखने के अवसर प्रदान करेंगे।

## केरलम में फ्लैश फ्लड का कहर: एक की मौत

**एजेंसी न्यूज**

**कोच्चि।** केरलम के पूक्कोट्टुम्पदम में रविवार शाम अचानक आई बाढ़ से हड़कंप मच गया। शाम करीब पांच बजे टीके कॉलोनी के कोट्टप्पुझा में फ्लैश फ्लड आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, पर्यटकों और एक स्थानीय महिला समेत करीब सात लोगों के बह जाने की आशंका है। पोट्टिकल्लू के मुठिकुंड इलाके में नदी से करीब 50 साल के एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया। शव को जिला अस्पताल भेज दिया गया है। वहीं, लापता बताए जा रहे अन्य लोगों की तलाश जारी है। ओलरवट्टोम नहर से टीके कॉलोनी तक नदी के किनारे कई जगह पर्यटक मौजूद थे। ये इलाके लोकप्रिय पर्यटन स्थल हैं। छुट्टी का दिन होने के कारण केट्टुंगल, आणाकुंडु, बालावडिप्पाडी और कोयिप्रा की तलहटी से लगे अन्य इलाकों में भी सैकड़ों लोग जुटे थे। अचानक पानी का स्तर बढ़ने से नदी के बीच फंसे करीब 27 लोगों को स्थानीय लोगों और मुहम्मद सुहैल ट्रीटमेंट एड कमेटी के सदस्यों ने सुरक्षित बाहर निकाला।

## यूक्रेन का रूस पर अब तक का सबसे बड़ा हमला

### मॉस्को पर एक साथ दागे 1600 ड्रोन, कितना हुआ नुकसान?

**एजेंसी न्यूज**

**मॉस्को।** रूस में संसदीय चुनाव के आखिरी दिन यूक्रेनी सेना ने रविवार रात मॉस्को पर 1,600 से ज्यादा ड्रोन से हमला किया। रॉयटर्स के मुताबिक, रूसी अधिकारियों ने कहा कि इनमें से बड़ी संख्या में ड्रोन को मार गिराया गया। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने इसे रूसी राजधानी पर अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला बताया है।

वहीं, सेना के अधिकारियों ने रविवार को बताया कि हमले में दो लोगों की मौत हो गई और रूस की राजधानी में स्थित एक तेल रिफाइनरी को भी नुकसान पहुंचा है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी सेना ने देशभर में 1,100 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए। इनमें यूक्रेन के कब्जे वाले क्रीमिया प्रायद्वीप और काला सागर के ऊपर उड़ रहे ड्रोन भी शामिल हैं।

मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने कहा कि राजधानी की ओर बढ़ रहे 450 ड्रोन को रास्ते में ही नष्ट कर दिया गया। उन्होंने बताया कि कुछ ड्रोन मॉस्को की तेल रिफाइनरी और एक आवासीय इमारत से भी टकराए। उन्होंने कहा, यह अभूतपूर्व हमला स्पष्ट रूप से चुनावों में बाधा डालने के उद्देश्य से किया गया था। विरोधी इसे हासिल करने में नाकाम रहा।

यह बड़ा हमला रूस में संसदीय चुनाव के तीसरे और अंतिम दिन हुआ है। यह रूस का पहला युद्धकालीन संसदीय चुनाव है। चुनाव




में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की नीतियों का विरोध लगभग न के बराबर रहा है। ऐसे में यह चुनाव क्रेमलिन के प्रभुत्व को और मजबूत करने वाला माना जा रहा है।

यूक्रेन और रूस एक-दूसरे के ऊर्जा ढांचे को लगातार निशाना बना रहे हैं। यह सिलसिला अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सोमवार के उस बयान के बावजूद जारी है, जिसमें उन्होंने कहा था कि दोनों देश एक-दूसरे के ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हमले रोकने पर सहमत हुए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने मॉस्को में धमाकों की आवाज सुनी और तेल रिफाइनरी की जगह से धुआं उठते देखा। रिफाइनरी को हुए नुकसान की पूरी जानकारी तत्काल सामने नहीं आई। यूक्रेन के हमलों से रूस की तेल रिफाइनिंग क्षमता का एक बड़ा हिस्सा प्रभावित हुआ है। इसके कारण कई क्षेत्रों में पेट्रोलियम उत्पादों की कमी, ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी और पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें देखने को मिली हैं। मॉस्को स्थित इस तेल संयंत्र को कई बार

## यूपी सियासत: बसपा में शामिल होने से पहले ही दीपिका आउट

### मायावती ने ईशान आनंद को फिर दी एंट्री; किया ये एलान

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने परिवार और पार्टी संगठन को लेकर एक बार फिर बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि आकाश आनंद और उनकी बहन को अब पार्टी की कोई जिम्मेदारी नहीं दी जाएगी। इसके साथ ही अपने भाई आनंद कुमार के परिवार से केवल ईशान आनंद को ही पार्टी में सम्मानजनक जिम्मेदारी देकर आगे बढ़ाने का एलान किया।

मायावती ने सोशल मीडिया पर जारी पोस्ट में कहा कि उन्होंने अपने अनुभवों को ध्यान में रखते हुए नजदीकी रिश्ते-नातों के मोह से ऊपर उठकर काम करने का फैसला किया है। बसपा संस्थापक कांशीराम ने भी अपने रिश्तेदारों को राजनीतिक लाभ देने से दूरी बनाए रखी। अपना जीवन बहुजन समाज के हित के लिए समर्पित किया।

मायावती ने लिखा कि कांशीराम से प्रेरित होकर उन्होंने भी अपना पूरा जीवन बहुजन समाज के लिए समर्पित किया। उनके मुताबिक, एक महिला होने के कारण उन्हें अपने किसी न किसी भाई-बहन को साथ रखना पड़ा। इसी क्रम में उनके छोटे भाई



आनंद कुमार लंबे समय से उनकी सेवा में कार्यरत हैं।

मायावती ने कहा कि आनंद कुमार के विशेष आग्रह पर उनके बड़े बेटे आकाश आनंद को राजनीति में आगे किया गया। हालांकि, शादी के बाद आकाश आनंद के रवैये और गतिविधियों के कारण उन्हें पार्टी से अलग करना पड़ा। आकाश आनंद अब अपने ससुर अशोक सिद्धार्थ के प्रभाव में हैं और उन्हें दोबारा पार्टी में लेना पार्टी के साथ विश्वासघात होगा।

मायावती ने कहा कि आनंद कुमार के परिवार से किसे पार्टी में आगे किया जाए, इसको लेकर वह पिछले कुछ समय से दुविधा में थीं। अब गंभीर विचार के बाद उन्होंने फैसला लिया है कि परिवार के ऐसे किसी सदस्य को ही आगे किया जाएगा, जो आकाश आनंद के नक्शेकदम पर न चले।

उन्होंने यह भी कहा कि आगे चलकर आकाश आनंद की बहन की मदद लेने का सवाल भी उनके सामने था, लेकिन शादी के बाद उनका मामला भी आकाश आनंद जैसा निकला तो यह पार्टी हित में उचित नहीं होगा। इसलिए आकाश आनंद और उनकी बहन को पार्टी की किसी भी जिम्मेदारी से दूर रखा जाएगा और इस फैसले में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। एजेंसी

## यूपी: सीएम योगी बोले- प्रदेश में हर सप्ताह होगा बड़ा भर्ती इवेंट, छह महीने में एक लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देंगे

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जो कर नहीं पाए, वे हमेशा बोलेंगे। जिन्होंने अपनी अकर्मण्यता और अक्षमता से उत्तर प्रदेश को बीमारू बनाया, उनके निकम्मेपन और निठल्लेपन को यूपी और देश देख चुका है। ऐसे लोगों को आज यूपी पुलिस या प्रदेश की व्यवस्था पर बोलने का कोई अधिकार नहीं होना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि विपक्ष गिनता जाए, सरकार नियुक्तियां देती जाएगी। शनिवार को 818 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए, रविवार को 912 को दिए जा रहे हैं और अब 22 सितंबर को फिर नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। अगले छह महीने में एक लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी देने के साथ प्रदेश में हर सप्ताह एक बड़ा भर्ती इवेंट होगा। एजेंसी

## इंग्लैंड में सिख बस ड्राइवर पर हमला

### पहले खींची दाढ़ी, फिर बस लेकर भागा आरोपी, कई वाहनों को मारी टक्कर

**एजेंसी न्यूज**

**लंदन। इंग्लैंड** के टेलफोर्ड शहर में शुक्रवार शाम एक सिख बस ड्राइवर के साथ मारपीट करने और उसकी बस छीनने की हैरान करने वाली घटना सामने आई है। आरोपी ने बस छीनने के बाद उसे सड़क की उल्टी दिशा में दौड़ाया और कई गाड़ियों को टक्कर मार दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जिसकी पहचान यमन के 33 वर्षीय नागरिक अली बलहाद के रूप में हुई है। यह वारदात 18 सितंबर की शाम लगभग 6:30 बजे मेडले स्थित कोर्ट स्ट्रीट पर हुई। इस पूरी घटना का एक वीडियो भी सामने आया है।

वीडियो फुटेज में देखा जा सकता है कि यमनी नागरिक अली बलहाद ने सिख ड्राइवर की दाढ़ी खींची और फिर अपने सिर से ड्राइवर के सिर पर जोर से वार किया। इस दौरान वीडियो बना रही एक महिला ने पूछा, तुम उसे इस तरह क्यों छू रहे हो? पीड़ित ड्राइवर ने महिला से मदद मांगते हुए कहा- कृपया पुलिस को फोन करें, बस इस व्यक्ति को मुझसे दूर ले जाएं।

इसके बाद हमलावर बस के तारों को खींचने लगा और तोड़फोड़ करने लगा। आरोपी ने ड्राइवर के केबिन से लाइट जैसी कोई चीज निकाली और सिख ड्राइवर को मारने की धमकी देते हुए बार-बार बस सौंपने को कहा। यह हमला एक मिनट से ज्यादा समय तक




चला। इसके बाद आरोपी ने ड्राइवर को बस से बाहर धक्का दे दिया और खुद स्टीयरिंग संभाल ली।

मामले को लेकर वेस्ट मर्सिया पुलिस ने बताया- आरोपी बस को पार्क वे से हाई स्ट्रीट की तरफ ले गया। उसने बस को सड़क की गलत दिशा में तेज रफ्तार में दौड़ाया, जिससे वह कई वाहनों से टकरा गई। वीडियो में एक महिला रोते हुए लोगों को रास्ते से हटने को कह रही थी और वह बस के पीछे भागती नजर आ रही थी।

पुलिस को शाम 6:37 बजे मामले की सूचना मिली। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बस को रुकवाया और लूट तथा खतरनाक ड्राइविंग के आरोपी को पकड़ लिया। सिख ड्राइवर को मामूली चोटें आई थीं, जिनका इलाज किया गया। घटना में किसी अन्य व्यक्ति को चोट नहीं आई। मामले को लेकर टेलफोर्ड के स्थानीय पुलिस अधीक्षक एडवर्ड हैनकॉक्स ने बताया कि पहली कॉल मिलने के 10 मिनट के भीतर मेलिन्सगेट पुलिस स्टेशन के हथियारबंद जवानों सहित अन्य अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एजेंसी

## यूपी: अखिलेश यादव बोले- भाजपा राज में तोड़ी गई हैं आंबेडकर की सबसे ज्यादा प्रतिमाएं

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश समिति की बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए भाजपा पर जमकर निशाना साधा और आरक्षण और प्रदेश में आंबेडकर प्रतिमाएं तोड़े जाने सहित कई मुद्दों को लेकर भाजपा को घेरा।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा राज में संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर की सबसे ज्यादा प्रतिमाएं तोड़ी गई हैं। उन्होंने दावा किया कि 72 जिलों में 151 प्रतिमाएं तोड़ी गई हैं। हर साल 15 से ज्यादा प्रतिमाएं इनकी सरकार में तोड़ी गईं। वहीं, बलिया में सबसे ज्यादा मूर्तियों को तोड़ा गया है।

उन्होंने पूछा कि इसका गुनहगार कौन है। 14 मामलों में गिरफ्तारी हुई ह। 45 में अज्ञात है। 8 में नामजद शिकायत हुई और 84 में कोई कार्रवाई नहीं हुई है। वहीं, सिर्फ 14 मामलों में गिरफ्तारी हुई है। भाजपा के लोग आंबेडकर का सम्मान नहीं करते। अखिलेश यादव सपा प्रदेश समिति की बैठक के बाद मीडिया को संबोधित कर रहे थे। एजेंसी

## सांवलिया सेठ को अनोखा चढ़ावा: कारोबारी ने भेंट किया 1.2 किलो चांदी का मॉडल, 40 किमी पैदल चलकर पहुंचे मंदिर

**एजेंसी न्यूज**

**चित्तौड़गढ़।** चित्तौड़गढ़ जिले के प्रसिद्ध कृष्णधाम सांवलिया सेठ मंदिर में आस्था और समर्पण की एक अनोखी मिसाल देखने को मिली है। निम्बाहेड़ा के एक व्यापारी ने अपने कारोबार में मिली सफलता से खुश होकर भगवान के चरणों में करीब एक किलो 200 ग्राम



चांदी से निर्मित जेके सीमेंट प्लांट का मॉडल अर्पित किया है। लगभग 2.40 लाख रुपये मूल्य की यह अनोखी भेंट देखते ही देखते मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों के बीच चर्चा का प्रमुख विषय बन गई।

निम्बाहेड़ा निवासी धर्मराज बंजारा वेदांश इंटरप्राइजेज का संचालन करते हैं और वर्ष 2017 से जेके सीमेंट प्लांट में ठेकेदारी का काम कर रहे हैं। धर्मराज बताते हैं कि उनके पिता भी जेके सीमेंट में नौकरी करते थे, इसलिए इस संस्थान और काम से उनका परिवार दशकों से जुड़ा हुआ है। वे मानते हैं कि व्यापार में मिली इस ऊंचाई के पीछे सिर्फ व्यक्तिगत मेहनत नहीं, बल्कि सांवलिया सेठ की असीम कृपा है। बचपन से ही माता-पिता के साथ मंदिर आने वाले धर्मराज के लिए सांवलिया सेठ हमेशा से आराध्य देव रहे हैं। समय बीतने, जिम्मेदारियां बढ़ने और नया कारोबार शुरू होने के बावजूद उनकी यह निष्ठा कभी नहीं डगमगाई। आज भी जब भी किसी नए काम या बड़े व्यावसायिक फैसले की शुरूआत होती है, तो वे सबसे पहले सांवलिया जी के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लेते हैं। अक्सर श्रद्धालु मंदिरों में सोना, चांदी, नकद राशि या पारंपरिक आभूषण चढ़ाते हैं। लेकिन धर्मराज ने अपनी मनोकामना पूरी होने पर अपने व्यवसाय और पहचान से जुड़ी भेंट अर्पित करने का संकल्प लिया था। एजेंसी

## चमोली: बदरीनाथ पहुंचे सीएम धामी, की बदरी विशाल की पूजा अर्चना, सांस्कृतिक महोत्सव में की शिरकत

**एजेंसी न्यूज**

**चमोली।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह आज बदरीनाथ धाम पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने भगवान बदरी विशाल के दर्शन किए। इसके बाद वह धाम में आयोजित देवभूमि सांस्कृतिक महोत्सव में शामिल हुए। सीएम ने बामनी गांव में स्थानीय महिलाओं के साथ पारंपरिक छछाड़ी नृत्य किया।

सीएम ने कहा कि बाबा केदार और हमारे सभी पवित्र तीर्थस्थलों की कृपा से तीर्थयात्रा का पहला चरण सचमुच ऐतिहासिक रहा है और इसने एक नया रिकॉर्ड बनाया है। लगभग 51 लाख तीर्थयात्री और श्रद्धालु पहले ही दर्शन कर चुके हैं, और मानसून के मौसम के बाद अब तीर्थयात्रा का दूसरा चरण शुरू हो गया है। हमारी प्राथमिकता है कि सभी इंतजाम सही हों। तीर्थयात्रियों की यात्रा सुचारू हो, दर्शन की व्यवस्था अच्छी हो और उन्हें कोई परेशानी न हो। यात्रा को सुचारू और बिना किसी दिक्कत के पूरा करने के लिए हर स्तर पर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। सड़क का काम चल रहा



है, और मैंने खुद स्थिति का जायजा लिया है। हाल ही में एक समीक्षा बैठक हुई थी, और हमारा मकसद है कि तीर्थयात्रा का दूसरा चरण भी पहले चरण की तरह ही आसानी से पूरा हो।

भगवान बदरीविशाल की भूमि उत्तराखंडी लोक संस्कृति से सराबोर नजर आई। मौका है देवभूमि सांस्कृतिक महोत्सव का। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ पारंपरिक खाद्य सामग्री, जैविक उत्पाद सबकुछ स्थानीय स्तर पर तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी ने पूरे माहौल को और भी खूबसूरत बना दिया।

भारतीय सेना और स्थानीय प्रशासन के सहयोग से ऑपरेशन सद्भावना के तहत आयोजित बदरीनाथ धाम स्थित अराइवल प्लाजा में शनिवार को दो दिवसीय देवभूमि सांस्कृतिक महोत्सव-2026 का उद्घाटन ले. जनरल डीजी मिश्रा ने किया था। हमारी विरासत, हमारा भविष्य, थीम पर आयोजित महोत्सव में गढ़वाली लोकनृत्य, लोक संगीत, पारंपरिक बाद्य यंत्रों व धार्मिक प्रस्तुतियों से पूरा कार्यक्रम सराबोर रहा। पांडव नृत्य, छंतोली नृत्य भी विशेष आकर्षक का केंद्र रहे।

पहले दिन के आखरी में प्रसिद्ध लोक गायिका प्रियंका महर के गीतों के साथ हुआ। प्रियंका महर ने स्वामी जी मेरा चला हिमाचल, पहाड़ों की बांध छौं मि..., सहित विभिन्न गीतों ने सुबह से कार्यक्रम में मौजूद लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। इसके साथ ही प्रथम दिन के कार्यक्रम संपन्न हो गए। एजेंसी

## यूपी: पहले पुलिस की जमीन पर माफिया का कब्जा था, योगी बोले-आज अपराध किया तो समझो डेथ सेंटेंस पर खुद साइन किया

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में रविवार को लोकभवन में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस विभाग के 912 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। कार्यक्रम में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना समेत अन्य मंत्री व अधिकारी मौजूद रहे। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की चयन प्रक्रिया के तहत इन अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों में पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय), सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) और सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) के पद शामिल हैं। ये सभी चयनित अभ्यर्थी पुलिस विभाग में अपनी सेवाएं देंगे। इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि 2017 से पहले भर्ती प्रक्रिया को लेकर युवाओं में निराशा थी। इसमें बदलाव लाया जा सकता था। भाई-भतीजावाद हावी था। 2017 से पहले जो एप्लीकेंट ही नहीं थे, उनका भी चयन हो जाता था। यानी, जो भर्ती में शामिल ही नहीं हुआ, उसे नौकरी मिल जाती थी। जब हम आए तब इस पर बदलाव किया। ग्रुप सी और डी पर हमने साक्षात्कार की व्यवस्था खत्म कर दी। पहले साक्षात्कार में खेल कर दिया जाता था। हमने इस चरण को ही खत्म कर दिया। सीएम ने आगे कहा कि सारे पद पहले जैसे ही हैं, सिर्फ काम करने का तरीका बदला है। ऐसा भी नहीं है कि हम गोरखपुर, दिल्ली या बाहर के प्रदेशों से अधिकारी लाकर काम कर रहे हैं। सारा मानवबल वही है। कार्य करने के तरीके में बदलाव आया है। पहले हर दूसरे दिन दंगे होते थे। महीनो-महीनो कर्फ्यू रहता था। मुजफ्फरनगर में तो छह महीने दंगे होते रहे। एजेंसी

कोसीकलां से शुरू होता था दंगा। उन्होंने कहा कि माफिया का काफिला आने पर ज्यूडिशरी के अधिकारियों का भी काफिला रोक दिया जाता था। पहले माफिया निकलता था। आज भला कोई असलहा लहरा सकता है, आज कोई त्योहारों के पहले दंगा कर सकता है। आज यूपी पुलिस ने करके दिखाया है,

## यूजीसी के विरोध में बवाल आगरा में यमुना एक्सप्रेसवे पर हंगामा

**एजेंसी न्यूज**

**आगरा।** आगरा में यूजीसी के विरोध में यूजीसी मुक्ति मोर्चा ने रविवार को ट्रैक्टर मार्च का एलान किया था। ट्रैक्टर लेकर जैसे ही प्रदर्शनकारी बढ़े पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया। इस दौरान भीड़ की पुलिस से तीखी नोकझोंक हो गई। प्रदर्शनकारियों की भीड़ ने बैरिकेडिंग तोड़ दी।

प्रदर्शनकारी यमुना एक्सप्रेसवे पर पहुंच गए। यहां हंगामा करना शुरू कर दिया। इससे यमुना एक्सप्रेसवे पर वाहनों की कतार लग गई। लंबा जाम लग गया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों की भीड़ नाई की सराय पर पहुंच गई। यहां भीड़ ने हंगामा करते हुए पथराव कर दिया। इस पर पुलिस ने लाठी चलाते हुए प्रदर्शनकारियों को खदेड़ दिया।

खंदौली थाना क्षेत्र के मुड़ी चौराहे पर यूजीसी मुक्ति मोर्चा ने शनिवार देर रात धरना शुरू किया था। मोर्चे के सदस्यों के पहुंचने के साथ ही मौके पर ट्रैक्टरों का जुटना भी शुरू हो गया। मोर्चा की ओर से पहले 20 सितंबर को ट्रैक्टर मार्च निकालने का एलान किया गया था, लेकिन कार्यकर्ता शनिवार रात से ही धरने पर बैठ गए थे। मोर्चे के पदाधिकारियों का कहना था कि वह मुड़ी चौराहे से ट्रैक्टर मार्च निकालेंगे। मार्च आगरा कलेक्ट्रेट पहुंचेगा, जहां जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

यूजीसी मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान और संपूर्ण समस्या समाधान संगठन के अध्यक्ष अवनीश कुमार वैस ने ट्रैक्टर मार्च में हजारों ट्रैक्टरों के साथ करीब 50 हजार लोगों के शामिल होने का दावा किया था। धरने और प्रस्तावित ट्रैक्टर मार्च को देखते हुए पुलिस-प्रशासन पहले से ही सतर्क था। पुलिस की ओर से करीब 80 लोगों को नोटिस तामील कराए गए। एजेंसी

## दिल्ली एसआईआर के बाद बड़ा झटका: आडवाणी, सिसोदिया और केजरीवाल समेत 33 लाख मतदाताओं को नोटिस, सूची में सिब्बल भी

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत दिल्ली में एक बड़ा मामला सामने आया है। निर्वाचन आयोग द्वारा विवरणों में कथित विसंगतियों के कारण नोटिस पाने वाले 33 लाख मतदाताओं की सूची में पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया जैसी कई प्रमुख हस्तियों के नाम भी शामिल हैं। 98 वर्षीय आडवाणी, उनकी बेटी प्रतिभा और बहू गीतिका को नोटिस जारी किए गए हैं, क्योंकि उनके नाम 2002 के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) मतदाता सूची से मेल नहीं खा पाए। हालांकि, उनके बेटे जयंत इस मैपिंग प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पार कर चुके हैं। ये सभी नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र के मतदाता हैं। आप नेता और दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया, उनकी पत्नी सीमा और उनके बेटे मीर को भी नोटिस मिला है। अधिकारियों के अनुसार, बेटे मीर के नोटिस में माता-पिता के नाम में विसंगति और पत्नी सीमा के नोटिस में उनके अपने नाम में बेमेल का कारण बताया गया है।

## एक नजर

### राधा रानी सेवा समिति ने बरसाने मे कराया भंडारा

**बहेड़ी।** लाड़ली सरकार के जन्मोत्सव के अवसर पर स्थानीय राधा रानी सेवा समिति के पदाधिकारियों ने बरसाना (वृंदावन) पहुंचकर तीन दिवसीय भंडारे का आयोजन किया। समिति की ओर से लगातार छठी बार भंडारा कराया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन के सफल समापन पर समिति अध्यक्ष धनंजय गुप्ता ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समिति की ओर से धार्मिक आयोजनों के साथ सेवा कार्य भी निरंतर किए जा रहे हैं। भंडारा कराने वालों में भाजपा नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता, दीपक गुप्ता, आशीष गुप्ता, विनोद रस्तोगी, अभिषेक गुप्ता, ओमप्रकाश पिपलानी (बिट्टू), विवेक शास्त्री, अमित चंद्रा और जितेंद्र कुर्मी आदि शामिल रहे।

# कांग्रेस प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम का मीरगंज में स्वागत

## सिंधौली चौराहे पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से किया अभिनंदन




जागरण मोर्चा कार्यालय

**मीरगंज।** दिल्ली से बरेली जाते समय मीरगंज के सिंधौली चौराहे पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी और पूर्व मंत्री राजेंद्र पाल गौतम का स्वागत किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका अभिनंदन किया। जिला अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी सहित कई कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाईं और नारे लगाए। इस स्वागत कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और उनके साथी मौजूद थे। राजेंद्र पाल गौतम के सिंधौली चौराहे पर पहुंचते ही कार्यकर्ताओं में जोश दिखा। कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया और पार्टी संगठन को मजबूत करने की बात कही। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों को लेकर एकजुटता का संदेश भी दिया। कुछ देर तक चौराहे पर कार्यकर्ताओं की भीड़ लगी रही। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अपने नेता से मिलकर उनका अभिवादन किया। स्वागत कार्यक्रम के आयोजक मोहम्मद इलियास अंसारी ने बताया कि पार्टी के वरिष्ठ नेता के स्वागत को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और साथियों में काफी जोश था। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनाने वाले सभी साथियों का आभार जताया। इल्यास अंसारी ने कहा कि कार्यकर्ताओं की भागीदारी और जोश से संगठन के प्रति उनकी लगन दिखती है। कार्यक्रम के दौरान मौजूद कार्यकर्ताओं ने पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की बात कही। उन्होंने जनता से जुड़े मुद्दों को खास तौर पर उठाने पर भी जोर दिया।इस मौके पर कांग्रेस के स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में समर्थक भी मौजूद थे। स्वागत के बाद राजेंद्र पाल गौतम बरेली के लिए रवाना हुए।इस दौरान जिला अध्यक्ष मिर्ज़ा अशफ़ाक़ सकलैनी, रामपाल माली, केहरि सिंह मौर्य, पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी शाही जावेद,पूर्व सभासद इरफान खां, छेदा लाल गुर्जर, सभासद आरिफ अंसारी, पूर्व सभासद मुमताज हुसैन, न्याय पंचायत अध्यक्ष बाबू अंसारी, अकरम सैफी, इरफान बादशाह, सजाकत हुसैन आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# सात दिन पूजा-अर्चना के बाद गणेश प्रतिमा का विसर्जन

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मीरगंज।** मोहल्ला बनईया स्थित शिव मंदिर में सात दिनों से चल रहे गणेश महोत्सव का रविवार को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ समापन हुआ। सुबह गणपति महाराज की पूजा-अर्चना और आरती के बाद श्रद्धालुओं ने मंगलकामनाओं के साथ भव्य विसर्जन यात्रा निकाली। आकर्षक ढंग से सजाई गई गणेश प्रतिमा को ट्रैक्टर-ट्राली पर विराजमान किया गया। यात्रा शिव मंदिर से शुरू होकर स्टेशन रोड, सिरौली चौराहा और तहसील रोड होते हुए गांव कपूरपुर के पास स्थित बाबा कैलाश गिरी मढ़ी घाट पहुंची। इस दौरान श्रद्धालु डीजे की भक्तिमय धुनों पर झूमते हुए गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाते रहे। श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर उत्सव की खुशियां साझा कीं। मार्ग में स्थानीय लोगों ने प्रतिमा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। घाट पहुंचने के बाद रामगंगा तट पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। मंत्रोच्चार और जयघोष के बीच गणेश प्रतिमा का रामगंगा में विसर्जन किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश से सुख, समृद्धि और शांति की प्रार्थना करते हुए अगले वर्ष फिर आगमन की कामना की। विसर्जन यात्रा में सत्यवीर उर्फ बबलू, अभिषेक कुर्मी उर्फ जग्गू, दुष्यंत कुमार, रवि ठाकुर, ओमकार गंगवार, धर्मेंद्र गंगवार, हरनाम गंगवार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

# भाजपा का प्लास्टिक मुक्त व नशा मुक्ति अभियान



जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** भाजपा हाईकमान के आदेश पर देश भर में चल रहे संकल्प सेवा अभियान के क्रम तथा विश्व सफाई दिवस के मौके पर भाजपा निवर्तमान नगर अध्यक्ष व सभासद सुनील रस्तोगी की अगुवाई में नगर के केसर इंटर कालेज में सिंगल यूज प्लास्टिक के विरोध तथा नशा मुक्ति अभियान के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कालेज प्रधानाचार्य डा रवि प्रकाश शर्मा ने सिंगल यूज प्लास्टिक तथा नशे से होने वाले दुष्परिणामों पर जानकारी दी। सभासद सुनील रस्तोगी ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक माइक्रो प्लास्टिक में टूटकर पानी में मिल जाती है जो कैंसर जैसी घातक बीमारी का कारण बन जाती है। प्लास्टिक हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए परोक्ष तथा अपरोक्ष रूप से संकट का सबब बन रही है। भारत को प्लास्टिक से मुक्ति दिलाने के लिए हम सभी को युद्ध स्तर पर कार्य करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर अवधेश सक्सेना, अरूण गंगवार, सुरेंद्र तोमर, सत्यवीर गंगवार के अलावा सैकड़ों छात्र छात्राओं ने भागीदारी की।

# मैरिज हॉल संचालक पर तमंचे से फायर की कोशिश का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फतेहगंज पश्चिमी।** कस्बे में शनिवार देर शाम एक मैरिज हॉल संचालक पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि कुछ लोगों ने उनके प्रतिष्ठान पर पहुंचकर गाली-गलौज और मारपीट की, फिर 315 बोर के अवैध तमंचे से फायर करने का प्रयास किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पिता-पुत्रों समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मोहल्ला भिटौरा निवासी जतिन चौहान का शाही रोड पर मैरिज हॉल और दुकान है। उनके अनुसार शनिवार की देर शाम कस्बे के उमेश पाठक अपने दोनों बेटों तुष्येन्द्र पाठक और चमन पाठक के साथ वहां पहुंचे। उनके साथ मोहल्ला भिटौरा का ही आदित्य चौहान भी था। आरोप है कि सभी ने पहले गाली-गलौज और मारपीट की। जतिन ने विरोध किया तो एक आरोपी ने जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर कर दिया। गनीमत रही कि कारतूस नहीं चला और जतिन बाल-बाल बच गए। इसके बाद आरोपियों ने वहां काम करने वाले कर्मचारियों से भी मारपीट की। जतिन का यह भी आरोप है कि तुष्येन्द्र पाठक ने शराब के नशे में उन पर हमला किया और वह पहले भी कई बार अभद्रता कर चुका है। सीओ हाईवे देवेश सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जांच में दोषी पाए जाने पर आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# नवनिर्मित सिसैया मंदिर का एमएलसी ने किया औचक निरीक्षण, मिली खामियां

▶ ठेकेदार की लगाई फटकार

जागरण मोर्चा कार्यालय



निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की जानकारी लेते एमएलसी कुंवर महाराज सिंह।

**फरीदपुर (बरेली)।** विधानसभा फरीदपुर के ग्राम सिसैया में नवनिर्मित मंदिर का रविवार को विधान परिषद सदस्य कुंवर महाराज सिंह ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में कई खामियां पाए जाने पर एमएलसी ने कड़ी नाराजगी जताई और मौके पर मौजूद ठेकेदार व कार्यदायी संस्था को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थल के निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। ठेकेदार को निर्देशित किया गया कि जो भी कमियां हैं, उन्हें तत्काल ठीक कर मानक के अनुरूप निर्माण पूरा किया जाए। एमएलसी ने अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि कार्य की नियमित निगरानी की जाए और गुणवत्ता की जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। इस दौरान संघ नगर कार्यवाह अभिमन्यु सिंह, भाजपा नेता छत्रपाल दिवाकर, रामेश्वर प्रसाद, मन्दिर के महंत व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# नाबालिग को गिराकर पीटने का वीडियो वायरल, हड़कंप

जागरण मोर्चा कार्यालय



**फतेहगंज पश्चिमी।** कस्बे के मोहल्ला अंसारी में 13 वर्षीय किशोर निजाम के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में मोहल्ले के बुन्दन और उसका बेटा गुड्डू किशोर को घेरकर गिराते और बेरहमी से पीटते नजर आ रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पीड़ित किशोर की मां बन्नो ने पुलिस से शिकायत की है। उनका आरोप है कि बेटा पेप्सी पीने के बाद खाली बोतल घर के सामने नाली में फेंक आया था। इसी बात से नाराज होकर बुन्दन और गुड्डू ने पहले उससे बोतल उठवाई। कुछ देर बाद दोनों अचानक पहुंचे और उसे गिराकर जमकर पीटा, जिससे वह चोटिल हो गया। बन्नो का यह भी आरोप है कि पुलिस ने दोनों को पकड़ा तो था, लेकिन एक सभासद की सिफारिश पर बिना कार्रवाई किए छोड़ दिया। इससे पीड़ित परिवार दहशत में है। सीओ हाइवे देवेश सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जांच कराकर आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# किसान महापंचायत में उठे कई मुद्दे

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बहेड़ी।** खाद, बीज, डीजल तथा मजदूरी समेत किसानों से जुड़ी हर चीज के दाम सातवें आसमान पर हैं। इसके चलते किसानों की खेती लागत में भारी इजाफा हुआ है लेकिन सरकार किसान विरोधी रूख अख्तियार किए है। उसे उसकी लागत का सही दाम नहीं मिल पा रहा है। ये बातें भाकियू (टिकैत) के पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र सिंह यादव ने कहीं। वे यहाँ गन्ना समिति परिसर में आहूत किसानों की महापंचायत कर रहे थे। यादव ने कहा कि चीनी के दाम में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई पर गन्ना मूल्य 350-370 पर ही अटका हुआ है। इतनी कीमत में फसल की लागत वसूल नहीं हो रही है। उन्होंने गन्ना मूल्य 600 रुपये किए जाने की मांग सरकार से की। अन्य वक्ताओं ने कहा कि खाद के लिए किसान परेशान हैं। चीनी मिलों ने पुराना भुगतान तक नहीं किया है जिससे उस पर कर्ज का बोझ बढ़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से मिलों की मनमानी पर अंकुश लगाकर जल्द से जल्द गन्ना मूल्य भुगतान कराने की मांग की। महापंचायत में उत्तर प्रदेश महासचिव शीशपाल सिंह, जिला अध्यक्ष सोमवीर सिंह, राजेश गुप्ता उर्फ खन्ना, यामीन मलिक, सीता राम राठौर, चौधरी जगत सिंह, सर सरबजीत सिंह, अरमान सैफी तथा प्रेम गुप्ता समेत सैकड़ों अन्य किसान शामिल रहे।

# ई-रिक्शा चालक को टक्कर मारने वाले ट्रक पर केस

**आंवला।** कस्बे के अब्दुल कलाम पार्क के सामने सड़क किनारे सवारी का इंतजार कर रहे ई-रिक्शा चालक को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसका एक पैर काट दिया। हादसे के बाद ट्रक ने एक अधिवक्ता की स्कूटी को भी टक्कर मार दी, हालांकि अधिवक्ता बाल-बाल बच गए। मामले में रविवार को पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। ग्राम कचूरडांडी निवासी वीरू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पिता विजेंद्र सिंह उर्फ विजेंद्र पाल ई-रिक्शा चलाते हैं। 13 सितंबर को दोपहर करीब 4 :15 बजे वह अब्दुल कलाम पार्क सरगम रोड के सामने ई-रिक्शा के पास सड़क किनारे खड़े होकर सवारियों का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान नये अशोक लीलैंड ट्रक के चालक ने विजेंद्र सिंह को टक्कर मार दी। टक्कर से विजेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद ट्रक ने तहसील की ओर से एक्टिवा से आ रहे अधिवक्ता हिमांशु अग्रवाल की स्कूटी में भी टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि अधिवक्ता बाल-बाल बच गए। आसपास मौजूद लोगों ने घायल विजेंद्र सिंह को एंबुलेंस की मदद से बरेली के निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए एक पैर काट दिया। उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस ने वीरू की तहरीर पर ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# स्कूली बच्चों का हुआ क्रिकेट ट्रायल




जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** ओयसिस क्रिकेट एकेडमी की ओर से मंडनपुर में पहली बार 14 से 19 वर्ष के स्कूली बच्चों का क्रिकेट ट्रायल कराया गया। इस कार्यक्रम में बरेली, पीलीभीत, बदायूं तथा शाहजहांपुर सहित मंडल की सभी क्रिकेट एकेडमी के 50 बच्चों ने भाग लिया। टीम सेलेक्शन के लिए स्कूल फार फेडरेशन के चेयरपर्सन देवेंद्र सिंह, ओयसिस के डायरेक्टर करण दीप गिल, चयनकर्ता अमित चौधरी, बरेली सचिव निखिल पांडेय तथा सह सचिव सनी वर्मा ने खिलाड़ियों की प्रतिभा को परखा। बताया गया कि, चयनित खिलाड़ियों में से बरेली तथा मुरादाबाद मंडल की एक संयुक्त टीम का गठन किया जाएगा जो पहले राज्य स्तरीय क्रिकेट मैच खेलेगी और अपनी मेधा के बल पर राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय टीम तक का हिस्सा बन सकेगी। बताया गया कि अब तक केवल नामचीन जगहों से ही क्रिकेट खिलाड़ी आगे बढ़ पाते थे लेकिन ओयसिस क्रिकेट एकेडमी के इस प्रयास से गाँव देहात में छिपी प्रतिभाशाली बच्चों के लिए भी आगे बढ़ने के रास्ते खुल जाएंगे। कार्यक्रम को संपन्न कराने में स्थानीय राइस मिल एशोसिएशन के अध्यक्ष न ईम अहमद का विशेष सहयोग रहा।

# गोवंश से टकराई तेज रफ्तार बाइक, युवक गंभीर घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ हादसे में गोवंश की मौत, घायल को एंबुलेंस से कटरा अस्पताल भेजा

**फतेहगंज पूर्वी।** थाना क्षेत्र में हनुमान मूर्ति के पास तेज रफ्तार बाइक सड़क पर आए गोवंश से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि टक्कर में गोवंश की मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि बाइक संख्या UP16 AU 2766 तेज रफ्तार में थी। हादसे के दौरान बाइक सवार के हेलमेट नहीं पहने होने की बात भी सामने आई है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के साथ गौ सेवक पवन प्रजापति मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। घायल युवक की पहचान अजीम निवासी जलालाबाद के रूप में बताई गई है। मौके से एंबुलेंस को सूचना दी गई, जिसके बाद घायल को उपचार के लिए कटरा अस्पताल भेजा गया। बताया जा रहा है कि उसकी हालत गंभीर है। हादसे के बाद सड़क पर गोवंश की मौजूदगी को लेकर भी सवाल उठे हैं। गौ सेवक पवन प्रजापति ने वाहन चालकों से अपील की कि सड़क पर वाहन चलाते समय गति नियंत्रित रखें और बाइक चलाते समय हेलमेट जरूर पहनें। साथ ही सड़क पर अचानक सामने आने वाले पशुओं से बचने के लिए सतर्क रहें।




## एक नजर

### दहेज हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**आंवला।** दहेज हत्या के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को पुलिस ने रविवार को जैन मंदिर के सामने टेंपो स्टैंड रामनगर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ दहेज में पांच लाख रुपये और कार की मांग पूरी न होने पर विवाहिता का उत्पीड़न कर हत्या करने का आरोप है। ग्राम जाम थाना मीरगंज निवासी राना सिंह ने सात जुलाई को पुलिस को तहरीर देकर ग्राम रामनगर निवासी आकाश और उसके परिजनों पर दहेज की मांग पूरी न होने पर बहन का उत्पीड़न और हत्या करने का आरोप लगाया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सात नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। मामले की विवेचना क्षेत्राधिकारी आंवला द्वारा की जा रही है। विवेचना के दौरान पुलिस ने छह अगस्त को आरोपी आकाश और कमलेश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। रविवार को पुलिस टीम ने वांछित आरोपी धारा सिंह पुत्र राजकुमार (41) निवासी ग्राम रामनगर को गिरफ्तार कर लिया।

# गणपति बप्पा की विदाई में उमड़ा बरेली

## भव्य शोभायात्रा में सैकड़ों प्रतिमाएं शामिल, दही-हांडी और गुलाल से उत्सव का रंग गहरा, रामगंगा तट पर नम आंखों से दी गई विदाई

जागरण मोर्चा कार्यालय





**बरेली।** बाबूराम धर्मशाला, शिवाजी मार्ग पर आयोजित साप्ताहिक श्री गणेश महोत्सव का रविवार को प्रतिमा विसर्जन के साथ समापन हो गया। गणपति बप्पा को विदाई देने के लिए निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। नासिक से आए करीब 100 कलाकारों के बैंड और ढोल की थाप पर भक्त जमकर झूमे। शहर की सड़कों पर गणपति बप्पा मोरया और अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे गूंजते रहे। श्री गणेश महोत्सव समिति एवं मराठा संगठन के संस्थापक अध्यक्ष अनिल पाटिल के नेतृत्व में शोभायात्रा निकाली गई। इससे पहले सुबह हवन-पूजन, अथर्वशीर्ष पाठ का समापन और विसर्जन महाआरती हुई। दोपहर में शोभायात्रा रवाना की गई। इसमें शहर के विभिन्न स्थानों से गणेश प्रतिमाएं रथों पर सवार होकर शामिल हुईं। रास्ते में श्रद्धालुओं ने गुलाल उड़ाकर उत्सव मनाया। शोभायात्रा के दौरान कई स्थानों पर दही-हांडी का आयोजन हुआ। गोविंदा की टोलियों ने पिरामिड बनाकर मटकी फोड़ी। नासिक से आए महिला बैंड की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। स्थानीय व्यापारियों और सामाजिक संगठनों ने जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया। कुतुबखाना, बड़ा बाजार, साहूकारा बाजार और किला क्षेत्र में प्रसाद वितरण के साथ फूलों की वर्षा भी की गई। शोभायात्रा मटकी चौकी तिराहा से अलमगीरगंज, शिवाजी मार्ग, कुतुबखाना, बड़ा बाजार, साहूकारा बाजार होते हुए किला फाटक पहुंची। इसके बाद प्रतिमाओं को रामगंगा तट ले जाकर विधि-विधान से विसर्जित किया गया। अनिल पाटिल ने बताया कि बरेली में मराठी परिवारों ने वर्ष 1996 में छोटे स्तर पर गणेश उत्सव शुरू किया था। समय के साथ यह आयोजन शहर में व्यापक रूप ले चुका है और इसमें विभिन्न वर्गों के लोग उत्साह से शामिल होते हैं। कार्यक्रम में अविनाश पाटिल, सरजेराव पाटिल, मंगेश कदम, विजय पाटिल, प्रमोद पाटिल, सुशील बंसल, संजीव अग्रवाल, सुभाष गुप्ता, गगन मेहरोत्रा समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### धूमधाम से निकाली गई गणेश विसर्जन शोभायात्रा

**बहेड़ी।** नगर में 14 सितंबर को विधि-विधान से स्थापित गणेश प्रतिमाओं की रविवार को विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। सुबह-शाम आरती एवं धार्मिक अनुष्ठानों के बाद विभिन्न स्थानों से आयोजक अपनी-अपनी प्रतिमाओं के साथ नैनीताल मार्ग पर एकत्र हुए। ढोल-नगाड़ों के बीच गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने गुलाब की पंखुड़ियों से होली खेली। शोभायात्रा ट्रक यूनियन रोड होते हुए नरायन नगला के समीप किच्छा नदी पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से प्रतिमाओं का विसर्जन किया। मुख्य मार्ग पर गोविंदा की मटकी फोड़ कार्यक्रम भी हुआ। समाजसेवियों व जनप्रतिनिधियों ने शोभायात्रा का स्वागत किया।

### अग्निवीर युवती को टक्कर मारने वाले पर केस

**आंवला।** दौड़ लगाने जा रही अग्निवीर चयनित युवती को बाइक सवार ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। हादसे में युवती की आंख गंभीर रूप से जख्मी हो गई और नौ टांके आए हैं। जिला अस्पताल में उसका उपचार चल रहा है। खमरिया डांडी गांव निवासी सत्यपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी बेटी ममता का अग्निवीर में चयन हुआ है। नौ सितंबर की शाम करीब छह बजे वह भाई धनुष पाल के साथ अख्तर नगर की ओर दौड़ लगाने जा रही थी। आरोप है कि अख्तर नगर के पास चंद्रपाल पुत्र राम सिंह निवासी अख्तर नगर ने तेज व लापरवाही से बाइक चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। परिजनों ने चालक पर नशे में होने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सिगरेट पिलाकर बच्चे का बनाया वीडियो

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फरीदपुर (बरेली)।** मासूम को बहकावे में लेकर पहले सिगरेट पिलाकर उसका वीडियो बनाया बाद में वीडियो घर वालों को दिखाने की धमकी देकर उससे की पैसों की उगाही। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम रम्पुरा रतन निवासी सर्वजीत सिंह का बेटा नगर के ही एक स्कूल में कक्षा 6 का छात्र है। सर्वजीत अपनी कैंसर से पीड़ित पत्नी के इलाज में लगे रहते थे जिसके चलते वे बच्चों पर इतना ध्यान नहीं दे सके। आरोप है कि कुछ अज्ञात लड़के उनके बेटे को बुलाकर ले गए और बच्चे को सिगरेट पिलाई और उसके बाद उसका वीडियो बना लिया। बाद में इस वीडियो को घरवालों को दिखा देने की धमकी देकर उससे बार-बार पैसे की उगाई करने लगे। बच्चा घर से पैसे चुराकर आरोपियों को देता रहा। आरोप है कि उन लोगों ने परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए भी बच्चे को डराया धमकाया। घटनाक्रम में नई कड़ी तब जुड़ी जब धमका कर मांगे गए पैसे लेने बच्चे के सगे ताऊ का बेटा ऋतिक उसके पास पहुंचा तो उसने परिवार वालों को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद परिजन पुत्र को साथ लेकर फरीदपुर कोतवाली पहुंचे और पुत्र के साथ दुर्व्यवहार कर धमकाकर पैसे वसूल करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का मानना है कि घटना में उसके सगे तहेरे भाई की भूमिका प्रकाश में आने के बाद मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# रजिस्ट्रेशन रद्द, फिर भी चलता मिला अर्बन हॉस्पिटल

▸ सीएमओ के आदेश के चार दिन बाद भी मरीजों का इलाज जारी रहने का आरोप, अब सीलिंग की तैयारी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** स्वाले नगर स्थित अर्बन हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन स्वास्थ्य विभाग द्वारा रद्द किए जाने के बावजूद अस्पताल का संचालन जारी रहने का मामला सामने आया है। सीएमओ विश्राम सिंह ने 16 सितंबर को अस्पताल का पंजीकरण निरस्त करते हुए भर्ती मरीजों को जिला अस्पताल या महिला अस्पताल में शिफ्ट करने और उपचार संबंधी गतिविधियां बंद करने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद चार दिन बाद भी अस्पताल में कामकाज चलता मिला। स्वास्थ्य विभाग की जांच में अस्पताल में कथित रूप से अवैध पैथोलॉजी संचालन समेत कई अनियमितताएं सामने आई थीं। इसके बाद सीएमओ ने रजिस्ट्रेशन निरस्त करने की कार्रवाई की। साथ ही संबंधित नोडल अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। अस्पताल का संचालन बंद कराने के संबंध में सूचना एसएसपी कार्यालय और किला पुलिस को भी भेजी गई थी। रजिस्ट्रेशन निरस्त होने के बाद भी अस्पताल में गतिविधियां जारी रहने से स्वास्थ्य विभाग की निगरानी और आदेश के अनुपालन को लेकर सवाल उठ रहे हैं। अब विभाग ने मौके पर जांच कराने का निर्णय लिया है। अधिकारियों के मुताबिक यदि अस्पताल संचालित होता मिला तो उसे सील कराया जाएगा। डिप्टी सीएमओ डॉ. लईक अंसारी ने बताया कि अर्बन हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन पहले ही रद्द किया जा चुका है। इसके बाद भी संचालन की जानकारी मिलने पर टीम से जांच कराई जाएगी। अस्पताल में इलाज या अन्य गतिविधियां जारी मिलीं तो सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी।

# चोरी का आरोप लगाकर काटी बिजली, अगले दिन फिर जोड़ी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बिजली चोरी के आरोप में एक परिवार का कनेक्शन काटने के मामले में नया मोड़ सामने आया है। परिवार का कहना है कि विभागीय टीम ने चोरी का आरोप लगाकर कनेक्शन काट दिया और मीटर भी क्षतिग्रस्त कर दिया। लेकिन मामला उच्चाधिकारियों तक पहुंचने और खबर प्रकाशित होने के बाद अगले ही दिन बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई। परिवार के मुताबिक जुलाई में 6,355 रुपये का बिल आया था, जिसका भुगतान प्रेमपाल ने कर दिया था। करीब 10 रुपये ही बकाया बताए गए थे। इसके बावजूद कम बिल आने को आधार बनाकर बिजली चोरी का आरोप लगाया गया। परिवार का आरोप है कि कार्रवाई के समय घर में मंजू अकेली थीं। करीब सात-आठ लोग पहुंचे और कथित तौर पर 15 हजार रुपये की मांग की गई। रुपये नहीं देने पर कनेक्शन काटने और मीटर तोड़ने का आरोप है। SDO दोहना सचिन शर्मा से जानकारी लेने पर उन्होंने कार्रवाई से अनभिज्ञता जताई थी। ऐसे में सवाल है कि लाइन दोबारा किसके निर्देश पर जोड़ी गई। यदि चोरी मिली थी तो एफआईआर क्यों नहीं हुई और अगले दिन कनेक्शन क्यों बहाल किया गया? वहीं चोरी नहीं थी तो कार्रवाई का आधार क्या था? मौके पर टीजी-2 शिव रतन राठौर, रमेश चौहान और लाइनमैन नश्रू खान, मंडोई लाल व नरेश आदि के मौजूद होने की बात सामने आई है। अब विभाग से इन सवालों पर स्थिति स्पष्ट करने की मांग उठ रही है।

# सीएम ग्रिड के खिलाफ सपा का धरना

▸ मयंक शुक्ला ने काम की समीक्षा, गुणवत्ता जांच और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की उठाई मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** डीडी पुरम क्षेत्र में सीएम ग्रिड योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों से पैदा हुई समस्याओं को लेकर सपा नेता मयंक शुक्ला के नेतृत्व में धरना दिया गया। स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने निर्माण कार्यों से यातायात और कारोबार प्रभावित होने की शिकायतें रखीं। मयंक शुक्ला ने कहा कि सड़क की चौड़ाई कम होने, फुटपाथ के निर्माण और सड़क के स्वरूप में बदलाव से जाम की स्थिति बढ़ रही है। दुकानदारों के कारोबार के साथ आम लोगों के आवागमन पर भी असर पड़ रहा है। उन्होंने योजना की दोबारा समीक्षा कराने और स्थानीय लोगों की समस्याओं का समाधान कराने की मांग की। धरने में सड़क की चौड़ाई, फुटपाथ के डिजाइन और निर्माण की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग उठाई गई। साथ ही समय पर काम पूरा नहीं करने वाले ठेकेदार पर कार्रवाई के बावजूद दोबारा काम दिए जाने के आरोपों की जांच कराने की मांग की गई। पूर्व मेयर सुप्रिया ऐरन ने कहा कि विकास कार्य जनता की सुविधा को ध्यान में रखकर होने चाहिए। अशोक शुक्ला सीए, राजेश मलिक और तेजपाल सिंह ने कहा कि निर्माण कार्यों से व्यापार प्रभावित हो रहा है। धरने में अनुज गंगवार, भुवनेश यादव, विक्रांत सिंह पाल, दीपक यादव, समयुन खान समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# आईएमए चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए सीधा मुकाबला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) बरेली के वर्ष 2026-27 के चुनाव के लिए रविवार को मतदान हुआ। अध्यक्ष निर्वाचित पद पर डॉ. हिमांशु अग्रवाल और डॉ. आरके भास्कर के बीच सीधा मुकाबला रहा। दोनों प्रत्याशियों को लेकर चिकित्सकों में उत्सुकता बनी रही। मतदान शाम पांच बजे तक कराया गया, जिसके बाद मतगणना शुरू हुई। उपाध्यक्ष के दो पदों के लिए तीन डॉक्टर मैदान में रहे। इनमें डॉ. शालिनी माहेश्वरी, डॉ. वीर महेंद्र पाल सिंह गंगवार और डॉ. अंशु अग्रवाल शामिल हैं। तीनों में से दो प्रत्याशियों का चयन किया जाना है। वहीं कोषाध्यक्ष पद पर डॉ. कमेंद्र सिंह और डॉ. राजवीर सिंह गंगवार के बीच मुकाबला हुआ। आईएमए सचिव पद पर डॉ. मोहित अग्रवाल पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। उनके सामने रहे डॉ. राजवीर गंगवार ने नाम वापस ले लिया था। इसके अलावा कार्यकारिणी समिति और राज्य परिषद के सभी पदों पर भी नाम वापसी के बाद निर्विरोध निर्वाचन की स्थिति बनी। इन पदों के लिए मतदान की जरूरत नहीं पड़ी। मतदान समाप्त होने के बाद मतगणना शुरू की गई। अध्यक्ष निर्वाचित, उपाध्यक्ष और कोषाध्यक्ष पदों के परिणाम देर रात तक घोषित होने की संभावना रही। चुनाव परिणाम से आईएमए बरेली की आगामी कार्यकारिणी की तस्वीर स्पष्ट होगी।

# सड़क के बीच खड़ा बिजली का खंभा

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में 100 फुटा रोड से वीर सावरकर कॉलोनी की ओर जाने वाले मार्ग पर अजन्ता स्वीट्स के पीछे सड़क के बीचोंबीच लगा 11 हजार वोल्ट की लाइन का बिजली का खंभा हादसे को न्योता दे रहा है। मार्ग पर दिन-रात बड़ी संख्या में लोगों और वाहनों का आवागमन रहता है। ऐसे में सड़क के बीच खड़ा विद्युत खंभा लोगों के लिए परेशानी के साथ ही गंभीर खतरे का कारण बना हुआ है। स्थानीय लोगों के मुताबिक सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में आवास बने हैं और रोजाना हजारों लोग इस रास्ते से गुजरते हैं। सड़क के बीच खंभा होने के कारण वाहन चालकों को निकलने में दिक्कत होती है। स्थानीय रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) की ओर से भी विद्युत विभाग से खंभा हटाने का अनुरोध किया जा चुका है, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। अजय सक्सेना नाम के व्यक्ति ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता, नगर निगम आयुक्त और लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता को लिखित शिकायत देकर खंभा हटाने की मांग की है। उन्होंने पोर्टल के माध्यम से भी अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया है। क्षेत्र वासियों का कहना है कि विद्युत विभाग, नगर निगम और लोक निर्माण विभाग के बीच समन्वय की कमी के कारण लंबे समय से समस्या बनी हुई है। सड़क के बीच खड़ा विद्युत खंभा कभी भी गंभीर हादसे का कारण बन सकता है। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभागों से आपसी तालमेल बनाकर जल्द से जल्द खंभे को सड़क से हटाने और मार्ग को सुरक्षित कराने की मांग की है।

# पत्नी को बचाने पहुंचे पति पर ईंट से हमला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मीरगंज।** गांव परौरा में मंदिर से पूजा कर घर लौट रही महिला के साथ मारपीट कर उसे घर में खींचकर ले जाने का आरोप लगा है। पत्नी को बचाने पहुंचे पति के हाथ पर ईंट से हमला कर घायल करने और बाद में घर पहुंचकर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है।

पीड़ित वेदप्रकाश के अनुसार, 16 सितंबर की शाम करीब छह बजे उसकी पत्नी सरिता पूजा करने के लिए गांव के शिव मंदिर गई थी। कुछ देर बाद उसे पत्नी के चीखने की आवाज सुनाई दी। वह बैठक से बाहर आया तो आरोप है कि पप्पू उर्फ गर्ग प्रकाश, उसकी पत्नी गीता और बेटी काजल सरिता के साथ मारपीट कर रहे थे और उसे खींचकर अपने घर की ओर ले जा रहे थे। वेदप्रकाश ने पत्नी को छुड़ाने का प्रयास किया तो आरोप है कि पप्पू उर्फ गर्ग प्रकाश ने ईंट उठाकर उसके बाएं हाथ पर मार दी। इससे वह घायल हो गया और खून निकलने लगा। इसके बाद वेदप्रकाश अपनी पत्नी के साथ घर पहुंचा और दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। आरोप है कि तीनों लोग पीछा करते हुए उसके घर तक पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जेल में बंदियों ने दी साक्षरता परीक्षा

▸ निरक्षर बंदियों को साक्षर बनाने के लिए आठ अगस्त से चल रहा अभियान, पांच महिला बंदी भी परीक्षा में शामिल

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** बंदियों को शिक्षा से जोड़ने और उनके सुधार, कौशल विकास व पुनर्वास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रविवार को जिला कारागार बरेली में नवभारत साक्षरता परीक्षा कराई गई। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत आयोजित परीक्षा में कुल 35 बंदियों ने प्रतिभाग किया। इनमें पांच महिला बंदी भी शामिल रहीं। कारागार में निरक्षर बंदियों को साक्षर बनाने के लिए यह कार्यक्रम आठ अगस्त 2026 से शुरू किया गया था। इसका शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बरेली की सचिव ज्योति प्रदीप सिंह ने किया था। कार्यक्रम को संचालित कराने में जेल अधीक्षक अकरम खान का विशेष सहयोग रहा। कारागार विभाग के अनुसार बंदियों को शिक्षा के साथ-साथ सुधार, कौशल विकास और पुनर्वास से जोड़ने के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी कड़ी में साक्षरता परीक्षा आयोजित कर बंदियों की शैक्षिक प्रगति का आकलन किया गया। कार्यक्रम कारागार मंत्री दारासिंह चौहान की प्रेरणा तथा पुलिस महानिदेशक, कारागार पी.वी. रामाशास्त्री के निर्देशन में चलाया जा रहा है।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड विज्ञापन दर
में डिस्पले, क्लासीफाइड, शोक संदेश, बधाई संदेश , नोटिस एवं टेन्डर नोटिस के विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें।
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें:
7579849555, 9627739857
9997745413

# पिकअप की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, ब्रेड से भरी पिकअप अनियंत्रित होकर पलटी

## परमानंदपुर के पास एफएम हाईवे पर हादसा, चालक वाहन छोड़कर फरार; अस्पताल में भर्ती रिश्तेदार को देखने चंदौसी जा रहा था परिवार

जागरण मोर्चा कार्यालय



हादसे के बाद सड़क पर बिखरा पड़ा सामान।



हाईवे किनारे पलटी पिकअप। -जागरण मोर्चा



हाईवे से जाम हटवाती थाना पुलिस। -जागरण मोर्चा

**औरछी।** एफएम हाईवे पर परमानंदपुर के समीप रविवार को तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ब्रेड से भरी पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। दुर्घटना के बाद पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव धन्यावाली निवासी अशरफ अपनी पत्नी मुनिजा और बच्चे के साथ बाइक से चंदौसी जा रहे थे। बताया गया कि चंदौसी के एक अस्पताल में उनका रिश्तेदार भर्ती है, जिसे देखने के लिए परिवार घर से निकला था। रविवार को एफएम हाईवे पर परमानंदपुर के पास धर्मेंद्र की आढ़त के सामने पहुंचते ही बिसौली की ओर से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक में सामने से जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार मुनिजा दूर जा गिरीं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद पिकअप भी अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर पिकअप चालक की तलाश शुरू कर दी है। हादसे की सूचना मिलते ही मृतका के परिवार में कोहराम मच गया।

# दातागंज में कथित अवैध प्रसव केंद्र का खुलासा

जागरण मोर्चा कार्यालय



दातागंज में फर्जी अस्पताल में प्रसव के बाद महिला व बच्चों को ले जाते परिजन।

**स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी से मचा हड़कंप, बिना डिग्री प्रसव कराने का आरोप जच्चा-बच्चा को सीएचसी भेजा, आरोपी महिला पुलिस के सुपुर्द**

**दातागंज।** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रविवार को दातागंज क्षेत्र में छापेमारी कर कथित रूप से संचालित किए जा रहे अवैध प्रसव केंद्र का खुलासा किया। कार्रवाई के दौरान मौके पर प्रसव कराए जाने की जानकारी सामने आने पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों में हड़कंप मच गया। टीम ने प्रसूता और नवजात को तत्काल दातागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भेज दिया। वहीं, प्रसव कराने वाली महिला को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

स्वास्थ्य विभाग को सूचना मिली थी कि दातागंज क्षेत्र में बिना अनुमति प्रसव केंद्र संचालित किया जा रहा है। शिकायत के आधार पर विभागीय टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। बताया गया कि वहां रेणु नाम की महिला द्वारा प्रसव कराया जा रहा था। आरोप है कि महिला के पास प्रसव कराने के लिए आवश्यक चिकित्सकीय डिग्री अथवा वैध प्रशिक्षण नहीं था। टीम के पहुंचने पर मौके पर प्रसव से संबंधित गतिविधियां मिलने की बात सामने आई।

स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई के दौरान आसपास के लोगों में भी खलबली मच गई। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद जच्चा और बच्चा की स्थिति को देखते हुए उन्हें उपचार और चिकित्सकीय निगरानी के लिए दातागंज सीएचसी भेजा। वहीं, प्रसव कराने वाली कथित आरोपी महिला को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया, ताकि मामले में आगे की कार्रवाई की जा सके।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, मामले की जांच की जा रही है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि संबंधित स्थान पर प्रसव केंद्र का संचालन कब से किया जा रहा था और वहां किन परिस्थितियों में महिलाओं का उपचार या प्रसव कराया जाता था। विभाग की जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अधिकारियों ने बिना पंजीकरण अथवा वैध चिकित्सकीय योग्यता के स्वास्थ्य सेवाएं देने वालों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में इस तरह के कथित केंद्रों की नियमित जांच होने से अवैध रूप से संचालित स्वास्थ्य सेवाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है।

# तेज रफ्तार कार ने बाइक में मारी टक्कर, पिता की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुजरिया।** थाना मुजरिया क्षेत्र में कछला-मुजरिया मार्ग पर फकीराबाद चौराहे के पास शुक्रवार शाम तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा।

सहसवान थाना क्षेत्र के गांव गंगापुर शुक्लापुर निवासी संजय पुत्र धनवीर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 18 सितंबर की शाम करीब चार से पांच बजे वह अपने पिता धनवीर और मामा अजबल सिंह के साथ कछला से मुजरिया होते हुए गांव लौट रहा था। इसी दौरान फकीराबाद चौराहे के पास सामने से आ रही मारुति सुजुकी शिफ्ट डिजायर कार संख्या UP 78 ER 3839 के चालक ने लापरवाही और तेज गति से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक संख्या HR 10 K 4573 में टक्कर मार दी।

हादसे में धनवीर और अजबल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को मेडिकल कॉलेज बदायूं ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने धनवीर को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल अजबल सिंह को जिला अस्पताल बदायूं रेफर कर दिया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। पीड़ित के अनुसार हादसे के प्रत्यक्षदर्शी उसके चाचा जगवीर पुत्र बाबूराम और गांव के देवेंद्र सिंह पुत्र रटूरी सिंह हैं। दोनों कछला से दाह संस्कार से लौट रहे थे और उन्होंने घटना देखी। मृतक का पोस्टमार्टम होने के बाद परिजनों ने दाह संस्कार कर दिया।

# गणेश महोत्सव पंडाल में धूमधाम से मनाई राधा अष्टमी, विधायक ने की आरती

- बब्बू भैया बोले- राधा रानी का जीवन निःस्वार्थ प्रेम और समर्पण की प्रेरणा

जागरण मोर्चा कार्यालय



राधा अष्टमी के मौके पर आरती करते दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह।

**उसहैत।** रिलायंस टावर परिसर में बप्पा मोरिया समिति की ओर से आयोजित दस दिवसीय गणेश चतुर्थी महोत्सव के तहत राधा अष्टमी पर श्रीराधा रानी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। भव्य पंडाल में धार्मिक आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की।

मुख्य अतिथि दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह उर्फ बब्बू भैया ने समिति पदाधिकारियों के साथ राधा रानी और गणेश जी के स्वरूप में सजे कलाकारों का तिलक किया और आरती उतारी। समिति पदाधिकारियों ने विधायक का शॉल और पटका पहनाकर स्वागत किया।

विधायक ने कहा कि भगवान गणेश का सनातन धर्म में विशेष स्थान है और धार्मिक कार्यों में सबसे पहले उनका आह्वान किया जाता है। राधा अष्टमी प्रेम, भक्ति और समर्पण का पर्व है। श्रीराधा रानी का जीवन निःस्वार्थ प्रेम और करुणा के साथ ईश्वर के प्रति अटूट समर्पण की प्रेरणा देता है। उन्होंने प्रार्थना की कि श्रीराधा रानी की कृपा से सभी के जीवन में प्रेम, सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे। कार्यक्रम में थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार सिंह, समिति अध्यक्ष अंकुर गुप्ता समेत बड़ी संख्या में समिति पदाधिकारी और श्रद्धालु मौजूद रहे। विधायक ने लोगों को गणेश महोत्सव और राधा अष्टमी की शुभकामनाएं दीं।

# राधा अष्टमी पर राम मंदिर पहुंचे मयंक गुप्ता, पूजा-अर्चना कर लिया आशीर्वाद

- मुहीउद्दीनपुर राम मंदिर में हुआ विशेष आयोजन, श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

जागरण मोर्चा कार्यालय



कार्यक्रम में शामिल श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

**सहसवान।** नगर के मोहल्ला मुहीउद्दीनपुर स्थित राम मंदिर में शनिवार को राधा अष्टमी के अवसर पर धार्मिक आयोजन किया गया। इस दौरान युवा भाजपा नेता मयंक गुप्ता मंदिर पहुंचे और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर राधा-कृष्ण का आशीर्वाद लिया।

राधा रानी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मंदिर में विशेष श्रृंगार के साथ भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। मयंक गुप्ता ने राधा-कृष्ण के दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की। मंदिर कमेटी के सदस्यों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने श्रद्धालुओं को राधा अष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि धार्मिक आयोजन हमारी संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक एकता को मजबूत करने का माध्यम हैं।

आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और धार्मिक कार्यक्रम में सहभागिता की।

**कार्रवाई** | स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग की सख्ती, पांच वाहन कार्रवाई की जद में

# मिशन सेफ फ्यूचर 3 .0 के तहत 30 स्कूली वाहनों की जांच, आठ ओवरलोड वाहन सीज

जागरण मोर्चा कार्यालय



वाहनों को चेक करते हैं एआरटीओ हरिओम कुमार। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** स्कूली बच्चों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग का विशेष अभियान मिशन सेफ फ्यूचर 3.0 जारी है। शासन और जिलाधिकारी के निर्देश पर 14 से 19 सितंबर तक चलाए जा रहे छह दिवसीय अभियान के तहत परिवहन विभाग की टीमों ने स्कूली वाहनों की सघन जांच की। इस दौरान कुल 30 स्कूली वाहनों को चेक किया गया। मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाने पर पांच स्कूली वाहनों के खिलाफ चालान और बंद करने की कार्रवाई की गई।

**खनन में लगे आठ ओवरलोड वाहन सीज, तीन लाख रुपये जुर्माना जमा :** अभियान के दौरान एआरटीओ हरिओम ने ओवरलोड माल वाहनों के खिलाफ भी कार्रवाई की। खनन में संलिप्त पाए गए आठ ओवरलोड वाहनों को सीज कर थाना बिसौली और उप संभागीय परिवहन कार्यालय बदायूं में खड़ा कराया गया। इन वाहनों पर कार्रवाई के बाद करीब तीन लाख रुपये जुर्माने के रूप में सरकारी खाते में जमा कराए गए।

इसके अलावा सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने पर 38 दोपहिया और चारपहिया वाहनों के चालान किए गए। इनमें बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, रॉन्ग साइड वाहन चलाने और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने वाले वाहन शामिल रहे।

परिवहन विभाग ने वाहन स्वामियों से अपील की है कि वे यातायात एवं सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें, वाहनों के सभी प्रपत्र पूर्ण रखें और क्षमता से अधिक भार लेकर वाहन न चलाएं। विभाग ने सड़क सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाने में परिवहन विभाग और यातायात पुलिस का सहयोग करने की अपील भी की है।

# चार घंटे बिजली बंद, गर्मी से बेहाल रहे लोग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र कार्यशाला में 33 केवी और 11 केवी लाइनों के साथ वितरण परिवर्तकों के अनुरक्षण कार्य के चलते रविवार को करीब चार घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही। सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक लिए गए शटडाउन के कारण शहर के कई मोहल्लों के लोगों को उमस और गर्मी के बीच परेशानी का सामना करना पड़ा।

विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता विकास शर्मा की ओर से जारी सूचना के अनुसार, अनुरक्षण कार्य को सुरक्षित तरीके से पूरा कराने के लिए 20 सितंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक उपकेंद्र का शटडाउन निर्धारित किया गया था। इसके चलते आवास विकास, मधुवन कॉलोनी, नेकपुर, मंडी समिति, बाबा कॉलोनी, शास्त्री नगर, आदर्श नगर, अभिकापुरी और कृष्णापुरी समेत आसपास के इलाकों की बिजली आपूर्ति प्रभावित रही।

बिजली बंद रहने के दौरान घरेलू कामकाज के साथ ही दुकानदारों और अन्य उपभोक्ताओं को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। गर्मी और उमस के कारण लोग बिजली आपूर्ति बहाल होने का इंतजार करते रहे। विभाग का कहना है कि अनुरक्षण कार्य के माध्यम से विद्युत लाइनों और वितरण परिवर्तकों को दुरुस्त किया जा रहा है, ताकि आगे आपूर्ति व्यवस्था बेहतर बनी रहे। विभाग ने उपभोक्ताओं से अनुरक्षण कार्य में सहयोग करने की अपील की थी और शटडाउन के दौरान आवश्यक विद्युत संबंधी कार्य पहले निपटाने की सलाह दी थी।

## संक्षेप समाचार

### 16 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

**सहसवान।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने 16 वर्षीय पुत्री को एक युवक द्वारा बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पीड़ित पिता ने पुलिस से किशोरी को बरामद करने और आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के अनुसार घटना 17 सितंबर की रात करीब 10 बजे की बताई गई है। पिता का आरोप है कि उनकी नाबालिग पुत्री घर पर थी। इसी दौरान गांव नवाबगंज बेला थाना सहसवान निवासी एक युवक उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। परिवार के लोगों को जब किशोरी घर पर नहीं मिली तो उसकी तलाश शुरू की गई। परिजनों को युवक पर शक होने पर उसके घर जाकर जानकारी की गई। आरोप है कि युवक के पिता ने किशोरी को दो घंटे में बरामद कराने की बात कही, लेकिन बाद में युवक और परिवार के कुछ पुरुष सदस्य घर से गायब मिले। तहरीर में यह भी बताया गया है कि आरोपी पक्ष से मोबाइल फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन नंबर बंद मिला। पीड़ित पिता ने 19 सितंबर को सहसवान कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी और किशोरी की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई। पुलिस से मामले में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म का आरोप

**दातागंज।** थाना क्षेत्र में एक नाबालिग किशोरी के साथ पड़ोस के युवक द्वारा शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। परिजनों का आरोप है कि आरोपी ने किशोरी को घर पर अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी ने कथित रूप से कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया। परिजनों के मुताबिक, किशोरी के गर्भवती होने के बाद मामले की जानकारी हुई। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। परिजनों का आरोप है कि आरोपी पड़ोस का ही रहने वाला है और काफी समय से किशोरी को शादी का झांसा देकर उसका शोषण कर रहा था। मामले की जानकारी सामने आने के बाद पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

### युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

**उघैती।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने गांव के ही दो युवकों पर उसकी 19 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित पिता ने थाना पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के अनुसार, पिता ने सात सितंबर को अपनी पुत्री की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। बाद में उसे जानकारी हुई कि गांव का ही भोला पुत्र चंद्रपाल उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर गांव के तेजपाल पुत्र सूरजपाल की मदद से अपने साथ ले गया है। पिता के अनुसार, काफी तलाश के बाद भी पुत्री का पता नहीं चल सका। पीड़ित ने पुलिस से मामले की रिपोर्ट दर्ज कर युवती की बरामदगी और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पेड़ कटवाकर लकड़ी बेचने का आरोप, विरोध पर दी जान से मारने की धमकी

**उझानी।** कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव अब्दुल्लागंज निवासी अर्पणा कुमारी ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के कुछ लोगों पर उनकी जमीन में खड़े पेड़ कटवाकर लकड़ी बेचने और विरोध करने पर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। तहरीर के अनुसार गांव में उनके नाम दर्ज कृषि भूमि के गाटा संख्या 54/54 में गांव के पेड़ खड़े थे। आरोप है कि सात जुलाई की सुबह उनकी गैरमौजूदगी में गांव निवासी पंकज पुत्र सत्यप्रकाश और सत्यप्रकाश पुत्र रामस्वरूप ने पेड़ कटवाकर करीब 160 कुंतल लकड़ी दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरवा ली। इसके बाद लकड़ी को उझानी क्षेत्र के वसीमा गांव निवासी नूर मोहम्मद उर्फ नवाब के दो पुत्रों को बेच दिए जाने का आरोप है। पीड़िता का आरोप है कि जब उसने पेड़ों की लकड़ी के संबंध में हर्जाना मांगा तो आरोपी पक्ष ने गाली-गलौज करते हुए झगड़ा-फसाद करने और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने पुलिस से मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। तहरीर पर पुलिस ने नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### चोरी के कॉपर केबल के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**इस्लामनगर।** थाना इस्लामनगर पुलिस ने चोरी के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी किया गया करीब 1.9 किलोग्राम कॉपर केबल बरामद किया। दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश करने के लिए भेजा गया। पुलिस के अनुसार, अपराध नियंत्रण और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत 19 सितंबर को मुकदमा अपराध संख्या 260/2026, धारा 303(2) बीएनएस के अनावरण के लिए गठित टीम को मुखबिर से सूचना मिली। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बिसौली रोड से लिंक 20 नंबर रोड पर घेराबंदी कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान रुदायन कस्बे के पूर्वी वार्ड नंबर पांच निवासी बुद्धसेन उर्फ बुद्धा पुत्र रामबहादुर और वार्ड नंबर नौ निवासी रजनीश उर्फ राणा पुत्र रामसिंह के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से करीब 1 किलो 900 ग्राम कॉपर केबल बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है। पुलिस के मुताबिक बुद्धसेन उर्फ बुद्धा के खिलाफ इस मामले के अलावा आबकारी अधिनियम और आर्म्स एक्ट से संबंधित मुकदमे भी दर्ज हैं। वहीं रजनीश उर्फ राणा का इस मामले के अलावा कोई अन्य आपराधिक इतिहास पुलिस ने नहीं बताया है। कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह ने पुलिस टीम के साथ की।

### शांति, प्राचीन इतिहास, बुद्धिस्ट स्टडी और सामाजिक कार्यों में योगदान के लिए बदायूं के डॉ. राधेलाल बौद्ध को मिला 'नोबेल सम्मान'



सम्मान पाकर लौटे राधेलाल ने मीडिया से की बातचीत। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** दिल्ली स्थित नेशनल साइंस सेंटर के ऑडिटोरियम में 19 सितंबर को विश्व संस्कृति एवं पर्यावरण संरक्षण आयोग की ओर से सेमिनार एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें डीएम रोड, सिविल लाइंस निवासी सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक डॉ. राधेलाल बौद्ध को शांति, प्राचीन इतिहास, बुद्धिस्ट स्टडी एवं सामाजिक कार्यों में उल्लेखनीय योगदान के लिए 'नोबेल सम्मान' से सम्मानित किया गया। डॉ. बौद्ध ने बताया कि समारोह में विभिन्न राज्यों से आए लोगों को उनके कार्यक्षेत्र में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद उन्होंने इसे गौरवशाली क्षण बताया। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व आयोग की ओर से उन्हें मानद डॉक्टरेट की उपाधि और भारत रत्न गौरव सम्मान भी मिल चुका है। समारोह में मुख्य अतिथि पृथ्वी वजीर समेत विभिन्न क्षेत्र के अतिथियों ने उन्हें सम्मान प्रदान किया। सम्मान की जानकारी मिलने पर उनके शुभचिंतकों और परिचितों ने खुशी जताते हुए बधाई दी।

## एक नजर

### सहसवान-कछला मार्ग पर आमने-सामने भिड़ीं दो बाइकें, दो की मौत

**सहसवान।** सहसवान-कछला मार्ग पर डोरीलाल मढ़ैया के पास रविवार को दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी सहसवान से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव शुक्लापुर निवासी प्रताप सिंह (22) पुत्र अमर सिंह अपने साथी संजीव के साथ बाइक से सहसवान की ओर आ रहे थे। इसी दौरान दूसरी बाइक पर बड़ेरिया निवासी मलखान (65) पुत्र रोहन सिंह अपने बेटे विनेश के साथ सहसवान से गांव लौट रहे थे। डोरीलाल मढ़ैया के पास दोनों बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि प्रताप सिंह और मलखान की मौके पर ही मौत हो गई। घायल संजीव और विनेश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहसवान पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# 500 से अधिक फर्जी अस्पतालों के संचालन का आरोप, सील होने के बाद फिर खुल रहे अस्पताल

## कहीं नाम तो कहीं स्थान बदलकर चल रहा इलाज, स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई पर उठ रहे सवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जिले में बिना मानकों और जरूरी पंजीकरण के संचालित हो रहे कथित फर्जी अस्पतालों को लेकर स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई सवालों के घेरे में है। जिले में 500 से अधिक ऐसे अस्पताल, नर्सिंग होम और उपचार केंद्र संचालित होने का दावा किया जा रहा है, जिनके संचालन को लेकर शिकायतें लगातार सामने आती रही हैं। आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से समय-समय पर ऐसे अस्पतालों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें सील किया जाता है, लेकिन कुछ समय बाद वही अस्पताल दोबारा संचालित होने लगते हैं।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से बिना पंजीकरण, मानकों की अनदेखी या निर्धारित योग्यता के अभाव में संचालित अस्पतालों के खिलाफ छापेमारी और सीलिंग की कार्रवाई की जाती है। कार्रवाई के दौरान अस्पताल बंद करा दिए जाते हैं, लेकिन आरोप है कि बाद में संचालक स्थान या अस्पताल का नाम बदलकर फिर से मरीजों का उपचार शुरू कर देते हैं। इससे विभाग की निगरानी और कार्रवाई की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।



फर्जी अस्पताल से लाकर सीएचसी पर प्रसूता को भर्ती कराते परिवार के लोग।



इस मकान में संचालित मिला बिना पंजीकृत अस्पताल। –जागरण मोर्चा

**सीलिंग के बाद बदल जाता है नाम या पता :** जिले के अलग-अलग कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में कई ऐसे उपचार केंद्र होने की शिकायतें सामने आती रही हैं, जिनके खिलाफ पूर्व में कार्रवाई की जा चुकी है। आरोप है कि सील किए गए अस्पतालों के संचालक कुछ समय बाद उसी भवन या आसपास किसी दूसरे स्थान पर नया नाम रखकर अस्पताल शुरू कर देते हैं। कुछ मामलों में स्थान बदलकर नए नाम से संचालन किए जाने की बात भी सामने आती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कार्रवाई के बाद अस्पताल कुछ दिनों तक बंद दिखाई देते हैं, लेकिन बाद में वहां फिर मरीजों की आवाजाही शुरू हो जाती है। कई जगह अस्पताल के बोर्ड बदल दिए जाते हैं और नए नाम से संचालन शुरू कर दिया जाता है। इससे आम लोगों के लिए यह पता लगाना मुश्किल हो जाता है कि जिस अस्पताल में वे इलाज करा रहे हैं, वह स्वास्थ्य विभाग के रिकॉर्ड में पंजीकृत है या नहीं।

**मिलीभगत के आरोप, जांच और जवाबदेही की मांग :** फर्जी अस्पतालों के संचालन को लेकर स्वास्थ्य विभाग के कुछ कर्मचारियों की कथित मिलीभगत के आरोप भी लगाए जा रहे हैं। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि यदि किसी अस्पताल को नियमों के उल्लंघन पर सील किया जाता है तो उसके दोबारा संचालन पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। इसके लिए सील किए गए अस्पतालों की नियमित निगरानी और उनके संचालकों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई जरूरी है।

> जो अस्पताल बिना पंजीकरण के संचालित हो रहे हैं, उनको लगातार बंद कराया जा रहा है। अगर अस्पताल दोबारा शुरू हो रहे हैं तो उनकी जांच कराई जाएगी। जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
>
> –विकास शर्मा, सीएमओ बदायूं

स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े लोगों के अनुसार बिना योग्य चिकित्सक, प्रशिक्षित स्टाफ, जरूरी उपकरण और निर्धारित मानकों के उपचार केंद्रों का संचालन मरीजों के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर सकता है। खासकर प्रसव, ऑपरेशन और गंभीर बीमारी के उपचार में मानकों की अनदेखी भारी पड़ सकती है।

ऐसे में मांग उठ रही है कि स्वास्थ्य विभाग जिले में संचालित सभी निजी अस्पतालों और नर्सिंग होम का दोबारा सत्यापन कराए। जिन अस्पतालों के पास वैध पंजीकरण और आवश्यक सुविधाएं नहीं हैं, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। साथ ही पूर्व में सील किए गए अस्पतालों की सूची सार्वजनिक कर यह भी जांच हो कि उनमें से कितने दोबारा संचालित हो रहे हैं। इससे सीलिंग की कार्रवाई के बाद अस्पतालों के दोबारा खुलने के आरोपों की वास्तविकता सामने आ सकेगी और जिम्मेदारी भी तय की जा सकेगी।

# लालपुल पर गणपति पूजन में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

- डॉ. शैलेश पाठक ने किया पूजन, विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद
- सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता और भाजपा नेता ने व्यापारियों व गणमान्य लोगों के साथ की सहभागिता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर लालपुल क्षेत्र श्रद्धा और आस्था से सराबोर नजर आया। त्रिलोक शिव शक्ति सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित विशाल भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। 'गणपति बप्पा मोरया' के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया।

कार्यक्रम में भाजपा नेता डॉ. शैलेश पाठक ने पहुंचकर गणपति का पूजन-अर्चन किया और आयोजक मंडल एवं श्रद्धालुओं से मुलाकात कर गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता समेत व्यापारी बंधुओं, वरिष्ठ नागरिकों और समाज के विभिन्न वर्गों के गणमान्य लोगों ने सहभागिता की।



गणेश पूजा के मौके पर भाजपा नेता डॉक्टर शैलेश पाठक व सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता। –जागरण मोर्चा

डॉ. शैलेश पाठक ने कहा कि सनातन संस्कृति और धार्मिक परंपराओं से जुड़े रहना सभी के लिए गौरव और सौभाग्य की बात है। धार्मिक आयोजनों में सहभागिता से समाज में आपसी भाईचारा, सेवा भावना और सांस्कृतिक चेतना मजबूत होती है।

विशाल भंडारे में डॉ. शैलेश पाठक, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में समिति के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में डॉ. शैलेश पाठक ने त्रिलोक शिव शक्ति सेवा समिति के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आभार जताया।

# रास्ते के विवाद में घर में घुसकर मारपीट का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सहसवान।** थाना सहसवान क्षेत्र के गांव हरदत्तपुर निवासी मोहनलाल ने गांव के ही तेज सिंह, राजू, गुड्डू, जितेंद्र पुत्रगण नंदकिशोर और पूनम पत्नी नंदकिशोर के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

तहरीर के अनुसार, रास्ते को लेकर आरोपितों से उसका विवाद चल रहा है। 18 सितंबर की शाम करीब 5:30 बजे मोहनलाल अपने घर के बाहर दरवाजे पर खड़े थे। आरोप है कि इसी दौरान उक्त लोग बाइक को तेज गति से गली में दौड़ा रहे थे। मोहनलाल ने बच्चों के गली में खेलने की बात कहते हुए बाइक धीरे चलाने को कहा। आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर सभी लोग लाठी-डंडे, फावड़ा, धारदार हथियार और नल का हत्था लेकर उसके घर में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।

तहरीर में बताया गया कि मोहनलाल के पुत्र राधेश्याम, मनोज और पुत्रवधू शारदा ने उसे बचाने का प्रयास किया तो आरोपितों ने उनके साथ भी मारपीट की। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर सभी को बचाया। आरोप है कि आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

पीड़ित ने थाना सहसवान पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## संक्षेप समाचार

### न्यायालय के आदेश पर पांच पर मुकदमा दर्ज

**मुजरिया।** थाना क्षेत्र के गांव ज्योतापारवाला निवासी माया देवी ने गांव के ही पांच लोगों पर घर में घुसकर गाली-गलौज, मारपीट, अभद्रता और चाकू से हमला करने का आरोप लगाया है। पुलिस स्तर से कार्रवाई न होने पर पीड़िता ने न्यायालय की शरण लेते हुए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र के मुताबिक 14 अगस्त की शाम करीब पांच बजे गांव की आरती पत्नी बबलू पुरानी कहासुनी को लेकर माया देवी के दरवाजे पर पहुंची और गाली-गलौज करने लगी। विरोध करने पर बबलू पुत्र रामचंद्र, संजू पुत्र मोहर सिंह, विट्टू पुत्र मोहर सिंह और भगवान देवी पत्नी मोहर सिंह भी वहां पहुंच गए। आरोप है कि सभी लोग लाठी-डंडे, चाकू और लोहे की रॉड लेकर घर में घुस आए और माया देवी के साथ मारपीट करने लगे। आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने महिला के बाल पकड़कर उसे जमीन पर गिरा दिया और उसके हाथ पर चाकू से वार किया। उसके कपड़े भी फाड़ दिए गए। करीब आधे घंटे तक मारपीट करने के बाद महिला के बेहोश होने पर आरोपी मौके से चले गए। घटना में महिला के चेहरे और हाथ में चोटें आईं। पीड़िता के अनुसार उसने घटना की सूचना डायल-112 को दी, लेकिन उसे चिकित्सीय परीक्षण के लिए अस्पताल नहीं पहुंचाया गया। बाद में उसने जिला चिकित्सालय बदायूं में अपना मेडिकल कराया और जनसुनवाई पोर्टल के साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भी प्रार्थना पत्र दिया। कार्रवाई न होने पर उसने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दाखिल किया। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने विट्टू पुत्र मोहर सिंह, बबलू पुत्र रामचंद्र, संजू पुत्र मोहर सिंह, आरती पत्नी बबलू और भगवान देवी पत्नी मोहर सिंह निवासीगण गांव ज्योतापारवाला, थाना मुजरिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### बदायूं में 66 स्थानों पर होगा 'नमो सेवा-अनकही कहानियां' का मंचन




भाजपा कार्यालय में जानकारी देते भाजपा के जिला अध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता।

**बदायूं।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर भाजपा के 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत जिले में 'नमो सेवा-अनकही कहानियां' नाट्य मंचन आयोजित किए जाएंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने रविवार को पार्टी कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि बदायूं की छहों विधानसभाओं में करीब 11-11 स्थानों पर कार्यक्रम होंगे। इस तरह लगभग 66 स्थानों पर नाट्य मंचन कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि नाट्य प्रस्तुति में वर्ष 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री बनने से लेकर वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने और इसके बाद की सार्वजनिक जीवन यात्रा को संवाद, अभिनय, संगीत और मंचन के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें सेवा, सुशासन, अंत्योदय, जनकल्याण और राष्ट्र निर्माण से जुड़े प्रसंगों तथा योजनाओं को भी शामिल किया जाएगा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कार्यक्रमों को शहरों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इस प्रस्तुति से जुड़ सकें। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष उदयवीर दिवाकर, जिला कोषाध्यक्ष अनुभव उपाध्याय और जिला सह-कार्यालय मंत्री जितेंद्र साहू आदि मौजूद रहे।

# भाजपा नेता सुमित शर्मा ने थामा कांग्रेस का हाथ

## मोरपाल प्रजापति के आह्वान पर समर्थकों संग कांग्रेस में शामिल, ओमकार सिंह ने किया स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जिले की राजनीति में रविवार को उस समय हलचल बढ़ गई, जब भाजपा नेता एवं अधिवक्ता सुमित शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी से नाता तोड़कर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली। उन्होंने कांग्रेस की नीतियों में आस्था जताते हुए अपने समर्थकों के साथ पार्टी का हाथ थामा।

कांग्रेस के जिला महासचिव मोरपाल प्रजापति के आह्वान पर आयोजित ज्वॉइनिंग कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस कॉर्डिनेटर ओमकार सिंह की मौजूदगी में सुमित शर्मा ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।



कांग्रेस की सदस्यता लेते सुमित शर्मा। –जागरण मोर्चा

ओमकार सिंह ने कहा कि सुमित शर्मा के कांग्रेस में शामिल होने से स्थानीय स्तर पर संगठन का कुनबा मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि पार्टी में लगातार नए लोगों के जुड़ने से संगठन को मजबूती मिलेगी और आने वाले समय में इसका राजनीतिक गतिविधियों पर असर देखने को मिल सकता है। सुमित शर्मा ने कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा में विश्वास जताते हुए संगठन को मजबूत करने के लिए कार्य करने की बात कही। कार्यक्रम में किसान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव गौरव राठौर, जिला महासचिव इगलास हुसैन, पूर्व जिला प्रवक्ता अरबाज रजी, पंचायती राज संगठन के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश, असद उर्फ टिंकू समेत अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तेजाब पीने से महिला की हालत बिगड़ी

## लोची नगला मोहल्ले की घटना, गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती

**अस्पताल कर्मियों ने पुलिस को दी सूचना, महिला का उपचार जारी**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** शहर कोतवाली क्षेत्र के लोची नगला मोहल्ले में रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला ने तेजाब पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार चल रहा है। फिलहाल महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है।

लोची नगला मोहल्ला निवासी 25 वर्षीय स्वाति पत्नी नीरज ने संदिग्ध परिस्थितियों में तेजाब पी लिया। कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ने पर परिवार के लोगों को घटना की जानकारी हुई। परिजन उसे आनन-फानन में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उपचार शुरू किया।



तेज पीने के बाद अस्पताल में भर्ती कराई गई महिला। –जागरण मोर्चा

घटना की जानकारी मिलने पर अस्पताल कर्मियों ने संबंधित थाना पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है। महिला ने तेजाब किन परिस्थितियों में और क्यों पीया, इस संबंध में फिलहाल स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस की जांच के बाद ही घटना के कारणों का पता चल सकेगा।

**सहूलियत** | नेकपुर की दो गलियों में पूरा हुआ निर्माण, जलभराव से राहत और आवागमन सुगम होने की उम्मीद

# 18 .67 लाख से बनी सीसी सड़क और नाली का पालिकाध्यक्ष ने किया उद्घाटन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** नगर पालिका की ओर से शहर के विभिन्न वार्डों में कराए जा रहे विकास कार्यों के तहत शनिवार को वार्ड नंबर तीन के मोहल्ला नेकपुर में करीब 18.67 लाख रुपये की लागत से बने दो सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का उद्घाटन पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने फीता काटकर किया। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद स्थानीय लोगों को आवागमन के साथ जल निकासी की बेहतर सुविधा मिलने की उम्मीद है।

नगर पालिका के अनुसार नेकपुर में सोना लेडीज से ढाक वाली ज्यारत तक सीसी सड़क एवं नाली का निर्माण कराया गया है। इस कार्य पर करीब 9.04 लाख रुपये खर्च हुए हैं। वहीं नेत्रपाल सिंह यादव के मकान से डॉ. मंगू सिंह यादव के मकान होते हुए संजीव शर्मा की दुकान तक सीसी सड़क एवं नाली का निर्माण कराया गया है। इस कार्य की लागत करीब 9.67 लाख रुपये है। दोनों कार्यों पर कुल करीब 18.67 लाख रुपये खर्च हुए हैं।



नव निर्मित सड़क का उद्घाटन करतीं पालिका अध्यक्ष फात्मा रजा। –जागरण मोर्चा

**बिना भेदभाव जरूरत के अनुसार हो रहा विकास :** उद्घाटन के दौरान पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र के सभी वार्डों में लोगों की जरूरत के अनुसार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। किसी भी वार्ड के साथ भेदभाव नहीं किया जा रहा है। सड़क, नाली, जल निकासी, सफाई और प्रकाश व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाना पालिका की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के साथ नाली निर्माण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे बारिश के दौरान जलभराव की समस्या कम हो। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की लगातार निगरानी करने और निर्धारित मानकों के अनुसार ही कार्य कराने के निर्देश दिए। स्थानीय लोगों ने बताया कि खराब रास्ते और जलभराव के कारण लंबे समय से परेशानी होती थी। बारिश के दिनों में आवागमन और अधिक मुश्किल हो जाता था। सीसी सड़क और नाली बनने से बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और वाहन चालकों को राहत मिलने की उम्मीद है। पालिकाध्यक्ष ने लोगों से नालियों में कूड़ा न डालने की अपील की।

इस मौके पर सभासद भूदेवी चंदेल, मुकेश साहू, रवि, नवेद, श्याम पाल, मनोज चंदेल, राजवीर यादव, नेत्रपाल यादव, वृजपाल यादव, संजीव यादव, आयुषमान यादव, हलकार यादव, अकरम, जेपी यादव, वीरेश पाल, रविन्द्र, पप्पू यादव, राम प्रकाश, लाइक सिंह, मुन्ना लाल, अनेक पाल, कृपाल सिंह, राजेन्द्र समेत कार्यालय अधीक्षक सूर्य प्रकाश सक्सेना, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मोहम्मद तय्यब, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक केशव गंगवार, निर्माण लिपिक सक्सेना, लिपिक नवेद इकबाल गनी आदि मौजूद रहे।

# नशामुक्त युवा ही विकसित भारत की मजबूत नींव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** राष्ट्रीय संकल्प समारोह के अवसर पर रविवार को प्रीत विहार कॉलोनी स्थित हार्टफुलनेस ध्यान केंद्र में सामूहिक ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। इसमें कान्हा शांतिवनम्, हैदराबाद स्थित हार्टफुलनेस के विश्व मुख्यालय से प्रसारित विशेष ध्यान सत्र में उपस्थित अभ्यासियों और जिज्ञासुओं ने सहभागिता की।

ध्यान सत्र के बाद हार्टफुलनेस एवं युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में 'माई' के तहत संचालित नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत 'नशा मुक्त युवा-विकसित भारत' विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।



नशा मुक्ति की शपथ दिलाते संस्था के लोग। –जागरण मोर्चा

जोनल कोआर्डिनेटर अनुज सक्सेना ने उपस्थित अभ्यासी भाई-बहनों को नशे से दूर रहने, समाज में नशामुक्ति का संदेश पहुंचाने तथा स्वस्थ, जागरूक और सशक्त युवाशक्ति के निर्माण में योगदान देने की शपथ दिलाई। उन्होंने स्वस्थ मूल्यों को अपनाने और इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

जिला समन्वयक लखन सिंह ने बताया कि अभियान के तहत देशभर में स्वयंसेवकों के माध्यम से 'स्वस्थ युवा-नशामुक्त युवा-विकसित भारत' की संकल्पना को साकार करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर समाज को जागरूक करने में सहयोग की अपील की।

कार्यक्रम में प्रशिक्षक रोहित यादव, अशोक कुमार सिंह, नीरज कुमार, संतोष सक्सेना, रेखा, ममता, रूपेंद्र पाल, नवीन कुमार, डॉ. रक्षपाल सिंह, विशाल राठौर, बीना समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### शाहबाद-आंवला स्टेट हाइवे पर भिड़ीं दो बाइकें, चार जख्मी

**शाहबाद।** शनिवार देर रात शाहबाद-आंवला स्टेट हाइवे पर काली मां मंदिर के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार चार लोग घायल हो गए। इनमें मां-बेटे को गंभीर चोटें आई। जानकारी के अनुसार, मिलक गांव निवासी जाहिद अली अपने साथी साहिर अली के साथ बाइक से सुहावा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से सुहावा निवासी केशव अपनी मां प्रभादेवी के साथ बाइक से आ रहे थे। काली मां मंदिर के पास दोनों बाइकों की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में जाहिद, साहिर, केशव और प्रभादेवी घायल हो गए। राहगीरों ने सभी घायलों को सीएचसी शाहबाद पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। गंभीर हालत के चलते केशव और प्रभादेवी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### फरीद मंसूरी बने सपा के नगर अध्यक्ष

**मीरानपुर कटरा शाहजहांपुर।** नगर के मुहल्ला सराय निवासी मोहम्मद फरीद मंसूरी को समाजवादी पार्टी ने नगर अध्यक्ष मनोनीत किया है। पार्टी नेतृत्व द्वारा फरीद मंसूरी के नाम की घोषणा होने के बाद पूर्व विधायक राजेश यादव, जिलाध्यक्ष तनवीर खान, पूर्व एमएलसी अमित यादव रिंकू, विनोद यादव, शरीफ मंसूरी, राजीव यादव, सुरेंद्र पाल सिंह, पुनीत गुप्ता आदि सपा नेता एवं कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### तिलहर में तीन भैंस चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

**तिलहर शाहजहांपुर।** थाना तिलहर क्षेत्र के ग्राम राईखेड़ा में तीन भैंस चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी के अनुसार 10 सितंबर को सुमन पत्नी स्वर्गीय वीरपाल निवासी राईखेड़ा ने तीन भैंस चोरी होने की तहरीर दी थी। जांच के दौरान प्रकाश में आए आरोपी अतुल उर्फ आनंद और अमित गुप्ता को पुलिस टीम ने 19 सितंबर की रात बंथरा रेलवे ब्रिज के पास से गिरफ्तार किया।

# पेड़ों के रुपये को लेकर विवाद में पीटकर हत्या, दो भाई गिरफ्तार

## पुलिस ने शिवसरन और सोबरन को दबोचा, निशानदेही पर दो डंडे बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पुवायां शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के सदापुर गांव में लिप्टिस के पेड़ों की बिक्री के 67 हजार रुपये को लेकर शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि एक व्यक्ति की जान चली गई। मारपीट में घायल रामकृपाल की उपचार के दौरान मौत के मामले में पुलिस ने शनिवार को दो सगे भाइयों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त दो डंडे भी बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक, 18 सितंबर को महिला ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि उसके देवर ओमप्रकाश का लिप्टिस के पेड़ों के रुपये को लेकर सोबरन, उसके भाई शिवसरन उर्फ चन्ने, अहिबरन और संजय से विवाद हुआ था। कहासुनी के बाद आरोपितों ने ओमप्रकाश के साथ मारपीट शुरू कर दी। बीच बचाव करने पहुंचे महिला के पति रामकृपाल को भी आरोपितों ने पीटा। आरोप है कि इसी दौरान सोबरन ने रामकृपाल का गला दबा दिया। वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़े। परिजन उन्हें उपचार के लिए ले गए, जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने चारों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की थी। पूछताछ में आरोपितों ने पुलिस को बताया कि करीब दो वर्ष पहले लिप्टिस के पेड़ बेचे गए थे। इसमें शिवसरन को 67 हजार रुपये मिले थे। आरोप है कि उसने पूरी रकम खर्च कर दी। इसी बात को लेकर ओमप्रकाश और उसके परिवार के लोगों से उसका विवाद चल रहा था। ओमप्रकाश कथित तौर पर कहता था कि रुपये खर्च करने के बाद अब शिवसरन का खर्च भी परिवार के लोगों को उठाना पड़ेगा। 18 सितंबर को इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में फिर कहासुनी हुई और विवाद मारपीट में बदल गया। पुलिस के अनुसार, गुस्से में शिवसरन और सोबरन घर से लाठी-डंडे निकाल लाए और रामकृपाल की पिटाई कर दी। रामकृपाल के जमीन पर गिरने और परिजनों के पहुंचने पर दोनों वहां से भाग निकले। पुलिस के अनुसार, आरोपितों ने भागते समय घटना में इस्तेमाल किए गए दोनों डंडे सदापुर के पास पानी की टंकी के सामने गन्ने के खेत में फेंक दिए थे। पुलिस ने शनिवार को उनकी निशानदेही पर दोनों डंडे बरामद कर लिए। पुलिस टीम ने वांछित आरोपित सदापुर निवासी शिवसरन उर्फ चन्ने और उसके भाई सोबरन को निगोही रोड से जठियापुर बुजुर्ग जाने वाले रास्ते के मोड़ से दोपहर 2:19 बजे गिरफ्तार किया। दोनों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अमित कुमार, कांस्टेबल अनिल कुमार और संदेश कुमार शामिल रहे।



हत्या के आरोपी पुलिस की गिरफ्त में। -जागरण मोर्चा

# पीएम मोदी ने दुनियाभर में देश का मान बढ़ाया: दर्जा मंत्री सूर्य प्रकाश पाल

● छुट्टी नहीं लेते पीएम, सीमाओं पर जवानों के साथ मनाते है होली और दिवाली

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर भाजपा की ओर से चलाए जा रहे 'नमो सेवा-अनकही कहानियां' अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र में 32 कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नाट्य मंचन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और जनसंवाद के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों को लोगों तक पहुंचाया जाएगा। सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत 'अनकही कहानियां' कार्यक्रम के जिला संयोजक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश बाबू गुप्ता ने रविवार को शहर के होटल सेवन सीस में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि एक विधानसभा क्षेत्र में कुल 32 कार्यक्रम प्रस्तावित किए गए हैं। ये कार्यक्रम विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि नाट्य प्रस्तुतियों, संवाद और संगीत के माध्यम से सेवा, समर्पण, सुशासन, जनकल्याण और राष्ट्र निर्माण से जुड़े प्रसंगों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा। स्कूल-कॉलेज, पंचायत, सामुदायिक केंद्र और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाने की योजना है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में दर्जा राज्य मंत्री सूर्य प्रकाश पाल, भाजपा जिला महामंत्री जगपाल सिंह यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश बाबू गुप्ता, नगर मंडल अध्यक्ष ठाकुर नरेंद्र सिंह, मीडिया प्रभारी नगर मंडल शाहाबाद मनीष कुमार शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा एडवोकेट, अन्नू रावत, अर्जुन सिंह, अर्पित वशिष्ठ आदि रहे।




पीएम मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में एक माह तक चलने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा रखते दर्जा राज्यमंत्री और बीजेपी नेता। -जागरण मोर्चा

# पत्रकार पर धारदार हथियार से हमला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** सदर बाजार क्षेत्र में शनिवार रात एक पत्रकार पर धारदार हथियार से हमला करने का मामला सामने आया है। पत्रकार गोविंद अवस्थी की तहरीर पर पुलिस ने जाबिर, अजय समेत करीब आधा दर्जन अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पत्रकार ने कुछ दिन पहले प्रकाशित एक खबर के बाद धमकी मिलने और उसी विवाद में हमला कराए जाने की आशंका जताई है। गोविंद अवस्थी के मुताबिक 19 सितंबर की रात करीब आठ बजे वह जजी कचहरी रोड स्थित गट्टू होटल के पास खाना खाकर निकल रहे थे। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद जाबिर ने अपने साथियों से कहा कि यही गोविंद अवस्थी है, इसे जान से मार दो। इसके बाद आरोपितों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि इसी दौरान हमलावरों में से एक ने धारदार हथियार से उनके सिर पर वार कर दिया। चोट लगने से वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। लोगों की भीड़ जुटती देख हमलावर मौके से फरार हो गए।



घायल पत्रकार गोविंद मोहन अवस्थी।

**जान से मारने की धमकी देने का आरोप, खबर प्रकाशित करने के बाद धमकी मिलने का दावा जाबिर-अजय समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट**

**प्रसव के बाद महिला की मौत की खबर के बाद मिली थी धमकी :** पत्रकार ने तहरीर में बताया कि कुछ दिन पहले पुवायां क्षेत्र में प्रसव के बाद महिला की मौत से संबंधित खबर प्रकाशित की गई थी। मामले में दो डॉक्टरों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा भी दर्ज हुआ था। गोविंद अवस्थी ने आशंका जताई है कि इसी खबर और उससे जुड़े विवाद के चलते उन पर हमला कराया गया। सदर बाजार पुलिस ने तहरीर के आधार पर बीएनएस की धारा 191(2), 109(1) और 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपितों की तलाश के साथ ही हमले के कारणों की जांच कर रही है।

# दिन-रात जारी खनन, आखिर किसके भरोसे चल रहा खेल?

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांट शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र में कथित अवैध खनन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अभायन और गुरथना क्षेत्र में दिन-रात खनन का खेल जारी है। सोशल मीडिया पर अभायन निवासी एक व्यक्ति का नाम भी कथित अवैध खनन से जोड़कर वायरल किया जा रहा है। हालांकि, वायरल आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।आरोप है कि प्रभावशाली लोगों द्वारा खुलेआम खनन कराया जा रहा है और कार्रवाई के नाम पर व्यवस्था महज खानापूर्ति तक सीमित रह जाती है। स्थानीय लोगों के अनुसार सबसे गंभीर मामला उस समय सामने आने का दावा किया जा रहा है, जब पुलिस कथित खनन में इस्तेमाल एक ट्रैक्टर को पकड़कर थाने लाई थी। आरोप है कि बाद में वही ट्रैक्टर थाने से ही निकाल लिया गया। घटना का सीसीटीवी फुटेज होने की बात भी कही जा रही है। यदि यह दावा सही है तो पुलिस कार्रवाई के साथ-साथ थाने की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े होते हैं।सवाल यह है कि शासन अवैध खनन पर सख्ती के निर्देश दे रहा है, फिर कांट में दिन-रात खनन आखिर किसके भरोसे जारी है



खनन में प्रयुक्त ट्रैक्टर-ट्राली।

## संक्षेप समाचार

### शाहबाद पुलिस ने 9 वारंटी दबोचे, विशेष अभियान के तहत कार्रवाई



गिरफ्तार वारंटियों को न्यायालय में पेश करने ले जाती पुलिस। -जागरण मोर्चा

**शाहबाद।** वारंटियों और वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे दो दिवसीय विशेष अभियान के तहत शाहबाद पुलिस ने नौ वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 19 और 20 सितंबर को गठित टीमों ने विभिन्न गांवों व मोहल्लों में दबिश देकर मनोज, सनोज, गंगाराम, मुजम्मिल मियां, सत्यवीर, हाकिम सिंह, महेंद्रपाल, बलबीर और भारत सिंह को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ विभिन्न न्यायालयों में मामले लंबित बताए गए हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों को संबंधित न्यायालयों के समक्ष पेश किया जा रहा है। कोतवाल धनंजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलता रहेगा।

### चोरी के जेवर खरीदने के मामले में शाहबाद के सर्राफ से दिल्ली पुलिस की पूछताछ

**शाहबाद।** दिल्ली पुलिस ने रविवार को स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर शाहबाद के एक सर्राफ की दुकान पर दबिश दी। पुलिस दिल्ली के गीता कॉलोनी थाने में दर्ज चोरी के एक मामले में गिरफ्तार चोर को साथ लेकर आई थी। चोर की निशानदेही पर पुलिस सर्राफ को पूछताछ के लिए कोतवाली ले आई। गिरफ़्तार चोर सिरौली थाना अंतर्गत प्यास मोहल्ले का रहने वाला है। शाहबाद पुलिस के अनुसार पूछताछ में चोर ने सर्राफ को भारी मात्रा में चोरी के आभूषण बेचने का दावा किया है, जबकि सर्राफ ने केवल कुछ सोना खरीदने की बात कबूली है। इसी बात को लेकर दिल्ली पुलिस की पूछताछ जारी है। शाहबाद चौकी प्रभारी रोहित कुमार में जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली पुलिस चोर को लेकर शाहबाद आई थी और चोर ने नगर के सर्राफ के यहां चोरी के आभूषण बेचें जाने की बात कुबूली। दिल्ली पुलिस चोरी का सामान बरामद करने के लिए सर्राफ को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### सपा प्रदेश अध्यक्ष 21 सितंबर को शाहजहांपुर में, 22 को पुवायां में PDA सम्मेलन में शामिल होंगे

**शाहजहांपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल 21 सितंबर को शाहजहांपुर पहुंचेंगे। वह यहां रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन 22 सितंबर को पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात के बाद पुवायां में आयोजित PDA कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल 21 सितंबर की शाम सात बजे शाहजहांपुर पहुंचेंगे। 22 सितंबर की सुबह नौ से 11 बजे तक वह पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। इसके बाद वह पुवायां विधानसभा क्षेत्र के कस्बा पुवायां स्थित गायत्री पैलेस पहुंचेंगे, जहां PDA कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में शामिल होने के बाद प्रदेश अध्यक्ष पीलीभीत के लिए रवाना होंगे। सपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान ने पार्टी के पूर्व विधायकों, पूर्व प्रत्याशियों, पदाधिकारियों, विधानसभा अध्यक्षों, ब्लॉक प्रमुखों, जिला पंचायत सदस्यों, चेयरमैन व पूर्व चेयरमैन, ब्लॉक अध्यक्षों, फ्रंटल संगठनों के अध्यक्षों, जोनल व सेक्टर प्रभारियों तथा बूथ प्रभारियों और कार्यकर्ताओं से निर्धारित समय पर पहुंचने की अपील की है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रदेश अध्यक्ष के कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

### 30 नवंबर तक पूरे हों परशुरामपुरी के विकास कार्य

**शाहजहांपुर।** भगवान परशुराम मंदिर परशुरामपुरी के समेकित पर्यटन विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने दिए हैं। शनिवार को उन्होंने पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के साथ निर्माणाधीन परियोजना का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति देखी। करीब 18 .59 करोड़ रुपये की लागत से कराए जा रहे परियोजना कार्य के लिए कार्यदायी संस्था को अब तक 13 .705 करोड़ रुपये मिल चुके हैं। निरीक्षण के दौरान सत्संग भवन में फॉल सीलिंग और फायर संबंधी कार्य प्रगति पर मिले। भवन की दीवारों पर स्टोन क्लैडिंग का काम भी कराया जा रहा था। इसके अलावा मुख्य मंदिर के आसपास रिटेनिंग वॉल और कॉलम निर्माण की प्रगति का भी जिलाधिकारी ने जायजा लिया। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सत्संग भवन, अन्य निर्माणाधीन भवनों और मुख्य मंदिर के आसपास चल रहे कार्यों में दिन-रात तेजी लाकर 30 नवंबर तक पूरा कराया जाए। उन्होंने कहा कि जो कार्य पूरे हो जाएं, उन्हें आंशिक रूप से हैंडओवर करने की प्रक्रिया शुरू की जाए। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

**मीरानपुर कटरा शाहजहांपुर।** जनता इंटर कॉलेज के पीछे नगरा मार्ग की ओर श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का शुभारंभ शनिवार, 19 सितंबर को कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं माताओं-बहनों ने भाग लिया। आचार्य श्री अम्बुज मिश्रा जी के मुखारविंद से श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा। कथा का आयोजन 19 सितंबर से 26 सितंबर तक होगा। प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक तथा शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक कथा का आयोजन किया जाएगा। कलश यात्रा एवं कथा आयोजन में सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता पूर्व चेयरमैन ,अरविंद सिंह चौहान, सूरज शर्मा, रमेश गुप्ता, संजय सिंह, विजय मिश्रा, शिव प्रताप, सुधांशु शर्मा, अनुराग शर्मा, नन्हे शर्मा, अशोक शर्मा, गौरव यादव, हर्ष, अमन यादव, राजा, आयुष शर्मा, कुश सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं माताएं-बहनें शामिल रहीं।

# तिलहर में मिशन सेफ फ्यूचर 3.0 के तहत यातायात पुलिस ने 2 वाहन किए सीज और 15 के चालान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** मिशन सेफ फ्यूचर 3.0 विशेष अभियान के तहत यातायात पुलिस और थाना तिलहर पुलिस ने संयुक्त रूप से तिलहर क्षेत्र में स्कूल वाहनों की चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 2 वाहनों को सीज किया गया, जबकि 15 वाहनों के चालान किए गए। पुलिस टीम ने तिलहर स्थित रेनेसां एकेडमी और कैम्ब्रिज पब्लिक स्कूल, राजनपुर रोड के वाहनों की जांच की। चेकिंग के दौरान ई-रिक्शों में पीछे अतिरिक्त सीट लगाकर बच्चों को ले जाने का मामला भी सामने आया। पुलिस ने अतिरिक्त सीटों को कटवाकर संबंधित ई-रिक्शा संचालकों के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की। अभियान के दौरान स्कूली बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। वहीं, मुख्य चौराहे पर मौजूद आमजन को भी सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया।

**मिशन सेफ फ्यूचर 3.0 के प्रमुख बिंदु** 3 स्कूल वाहनों का शत-प्रतिशत फिट होना अनिवार्य है। चालक के अतिरिक्त स्कूल वाहन में एक परिचर का होना जरूरी है। छात्राओं के यात्रा करने पर परिचर का महिला होना अनिवार्य है। बस/वाहन में बच्चों के साथ एक अध्यापक का यात्रा करना आवश्यक है। स्कूल के निजी या अनुबंधित वाहनों के चालकों का चरित्र सत्यापन अनिवार्य है। स्कूल वाहनों पर स्कूल प्रबंधन का नाम व संपर्क नंबर, चालक का नाम, मोबाइल नंबर, डीएल नंबर व वैधता, परमिट संख्या व वैधता तथा फिटनेस की वैधता जैसी आवश्यक जानकारी अंकित होना जरूरी है।



तिलहर में यातायात पुलिस की कार्रवाई । -जागरण मोर्चा

# गाजियाबाद में नकली काली मिर्च का बड़ा भंडाफोड़, शाहजहांपुर के जलालाबाद से जुड़े तार

● मैदा, गोंद और रिफाइंड तेल से बन रही काली मिर्च, लाखों का माल जब्त

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गाजियाबाद/शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद (लोनी बॉर्डर) में खाद्य सुरक्षा विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने सेहत के साथ खिलवाड़ करने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र के केहर फार्म हाउस (सेवाधाम, बेहटा, हाजीपुर) में चल रही एक ऐसी फैक्ट्री पर छापा मारा गया, जहाँ बेहद घटिया और रद्दी काली मिर्च को मैदा, गोंद और रिफाइंड सोयाबीन तेल की मदद से 'चमकदार A-ग्रेड' काली मिर्च में बदला जा रहा था।

**छापेमारी में मिली लाखों की नकली काली मिर्च :** कार्रवाई के दौरान टीम को मौके से लाखों रुपये की सामग्री बरामद हुई, जिसकी कुल कीमत 13 लाख 34 हजार रुपये आंकी गई है। बरामद सामग्री में 3,000 किलो मैदा, 900 किलो गोंद, 1,200 किलो छोटे दानों वाली कच्ची काली मिर्च, 975 किलो तैयार (चमकदार) नकली काली मिर्च और 37 टिन रिफाइंड सोयाबीन तेल (चमक के लिए प्रयुक्त) शामिल है।

**जलालाबाद से दिल्ली-एनसीआर तक 'नकली' खाद्य पदार्थ का नेटवर्क :** जांच में सामने आया है कि इस काले कारोबार के तार शाहजहांपुर जनपद के जलालाबाद से जुड़े हैं। आरोपी लोकेश गुप्ता (वर्तमान निवासी बुद्ध विहार, दिल्ली) मूल रूप से जलालाबाद का रहने वाला है। सूत्रों और स्थानीय दावों के अनुसार, जलालाबाद से आए कई लोग शुरुआत में दूसरों के गोदामों में काम करते थे। इसके बाद खुद के गोदाम खोलकर जीरा, पोस्ता दाना और काली मिर्च जैसे मसालों में मिलावट का धंधा शुरू किया और आज दिल्ली-गाजियाबाद में अरबपति बन चुके हैं। लोनी, गाजियाबाद और दिल्ली के कई इलाकों में जलालाबाद के लोगों द्वारा संचालित ऐसे कई संदिग्ध गोदामों का नेटवर्क सक्रिय है।

बरामद सामग्री के नमूने सील कर लैब जांच के लिए भेज दिए गए हैं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन और पुलिस की टीम मिलकर इस गिरोह से जुड़े अन्य गोदामों और विक्रेताओं की तलाश में जुटी है।

**मनमानी** शाहबाद सीएचसी में मरीजों के सेहत के साथ किया जा रहा खिलवाड़

# डॉक्टर नदारद, फार्मासिस्ट और वार्ड ब्वॉय के भरोसे चल रही इमरजेंसी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार जहां एक तरफ आम जनता और गरीबों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है, वहीं दूसरी तरफ जमीनी स्तर पर जिम्मेदार अधिकारी और डॉक्टर इन दावों को ठेंगा दिखा रहे हैं। जिलाधिकारी के सख्त निर्देशों के बावजूद कि हर गरीब को समय पर उच्च स्तरीय इलाज मिले, शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाओं का हाल बद से बदतर हो चुका है। यहां की इमरजेंसी सेवाएं पूरी तरह से वार्ड ब्वॉय और फार्मासिस्ट के भरोसे चल रही हैं, जबकि ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर अस्पताल से पूरी तरह नदारद थे। रविवार को एक बेबस मां अपनी तीन वर्षीय मासूम बच्ची को गंभीर हालत में सीएचसी लेकर पहुंची। जब मां इमरजेंसी वार्ड में दाखिल हुई, तो वहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर गायब थे। वार्ड में केवल एक वार्ड ब्वॉय मौजूद था, जिसने बच्ची की हालत देखकर उसे बेंच पर लेटा दिया। इसके बाद काफी देर तक पीड़ित परिवार डॉक्टर साहब के आने का इंतजार करता रहा, लेकिन डॉक्टर की कुर्सी खाली ही रही। मासूम बच्ची दर्द से तड़पती रही और डॉक्टर का कहीं अता-पता नहीं था। अंत में जब डॉक्टर साहब नहीं पहुंचे, तो वार्ड ब्वॉय ने खुद फोन कॉल कर फार्मासिस्ट को अस्पताल बुलाया। इसके बाद फार्मासिस्ट ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह मासूम बच्ची को प्राथमिक उपचार दिया। शाहबाद सीएचसी की पूरी व्यवस्था पोल खोलकर रख दी है। मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ करने वाले इन डॉक्टरों की लापरवाही इस बात का साफ सबूत है कि उन्हें न तो शासन का डर है और न ही तड़पते हुए मरीजों के प्रति कोई संवेदनशीलता। अब देखना यह होगा कि इस गंभीर लापरवाही पर उच्चाधिकारी क्या ठोस कदम उठाते हैं। एडी हेल्थ डॉ आशु अग्रवाल का कहना है कि इस तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए, मै खुद भी एक दिन शाहबाद सीएचसी का दौरा करूंगा।



शाहबाद सीएचसी की इमरजेंसी में बच्ची के लिए के लिए डॉक्टर का इंतजार करते परिजन। -जागरण मोर्चा

# एमआरएफ सेंटर को चिन्हित भूमि का डीएम ने किया निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** विकासखंड कलान के ग्राम सथरा धर्मपुर में प्रस्तावित मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) सेंटर के निर्माण की कवायद तेज हो गई है। शनिवार को जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने उप जिलाधिकारी कलान प्रभात राय के साथ सेंटर के लिए चिन्हित भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से भूमि और अभिलेखों की स्थिति की जानकारी लेते हुए जरूरी औपचारिकताएं जल्द पूरी कराने के निर्देश दिए। एसडीएम ने बताया कि एमआरएफ सेंटर के लिए गाटा संख्या 131 की करीब एक हेक्टेयर भूमि चिन्हित की गई है। डीएम ने मौके पर गाटे की सीमाओं, उपलब्ध क्षेत्रफल और भूमि की उपयुक्तता का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्व अभिलेखों में दर्ज भूमि और मौके पर उपलब्ध भूमि का मिलान कर समुचित सत्यापन कराया जाए, जिससे निर्माण के दौरान किसी तरह की परेशानी न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि भूमि संबंधी सभी आवश्यक जांच और औपचारिकताएं समय से पूरी कराकर निर्माण की अग्रिम कार्रवाई प्राथमिकता के आधार पर की जाए। एमआरएफ सेंटर शुरू होने से ठोस कचरे के पृथक्करण, पुनर्चक्रण और उचित निस्तारण को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही क्षेत्र की स्वच्छता व्यवस्था को भी बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

**गाटा संख्या 131 की जमीन का होगा सत्यापन**

**एक नजर**

### सुंदरकांड में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**चंदौसी।** रघुबीर नगर स्थित श्री गणेश पंडाल में रविवार को स्वामी भूमानन सेवा ट्रस्ट की ओर से संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम डॉ. वाईपी जोशी ने पूजन संपन्न कराया। इसके बाद केजी शर्मा व अजय मसीना ने गणेश वंदना, सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा एवं बजरंगबाण का वाचन किया। राजेश शंखधार व अनिल शर्मा ने सुंदरकांड की चौपाइयों का विस्तार से वर्णन किया। इसके पश्चात भजन संध्या में केजी शर्मा ने 'हे दुख भंजन, मारुतिनंदन' और 'पवनसुत विनती बारंबार', जबकि राजेश शंखधार ने 'घर में पधारो गजानन जी' सहित भजन प्रस्तुत कर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। राजू शर्मा ने ढोलक पर संगत दी। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# रविवार को गणेश चौथ मेले में उमड़ी लोगों की भीड़

## झूलों, पकवानों और सौंदर्य दुकानों का आकर्षण, उत्साहित दिखे बच्चे, गणेश चौथ मेला आपसी भाईचारे की है मिशाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

अर्पित मेहरोत्रा

**चंदौसी।** रविवार को गणेश चौथ मेले में लोगों की भीड़ बढ़ती जा रही है। मेले में खासी रौनक देखी गई। 12 सितम्बर से चल रहा गणेश चतुर्थी का मेला अपने शबाब पर आ पहुंचा है। मेले में सर्वाधिक भीड़ 14 सितम्बर को उस दिन रही जिस दिन गणेश बाबा की रथयात्रा निकाली गई थी। रात मेले में खासी रौनक देखी गई। मेला देखने को लेकर बच्चों व युवाओं में खासा उत्साह है। युवाओं ने जहां एक ओर लगाए गए बड़े-बड़े झूलों में जमकर लुफ्त उठाया, वहीं बच्चों ने भी उनके लिए लगे छोटे-छोटे अनेक प्रकार के झूलों पर झूलकर आनंद उठाया। मेले में महिलाओं के लिए सौंदर्य प्रसाधन की दुकानें खास आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है, इन दुकानों पर महिलाओं की खासी भीड़ देखी गई। इसके अलावा लोगों ने चाट-पकौड़ी, खस्ता कचौड़ी, चाउमीन-बर्गर आदि खानपान के स्टालों पर भी लोग जुटे व विभिन्न जायकों का लुप्त लिया। मेले में बढ़ रही भीड़भाड़ को देखकर मेला परिषद कमेटी के लोग भी लोगों की सहायता के लिए सक्रिय नजर आए। मेले मे खोया पाया विभाग भी सक्रियता से काम कर रहा है। मेले के दौरान अधिकारी व पुलिसबल ने सुरक्षा वयवस्था के भी पुख्ता इंतजाम रहे।



चंदौसी के गणेश चौथ मेले में उमड़ी लोगों की भीड़। -जागरण मोर्चा



चंदौसी के गणेश चौथ मेले का दृश्य। -जागरण मोर्चा



चंदौसी गणेश चौथ मेले पर बेबी हेल्थ शो में प्रथम पुरस्कार देते अतिथि।

### बेबी हेल्थ शो में छोटे-छोटे बच्चों ने मोहा मन

**चन्दौसी।** मेला गणेश चौथ महोत्सव के तहत श्री गणेश मेला परिषद ने श्री भूपाल रंगमंच पर बेबी हेल्थ शो आयोजित किया। स्व. केशव देव वार्ष्णेय की स्मृति में आयोजित प्रतियोगिता में 3 से 5 वर्ष आयु के 50 बच्चों ने प्रतिभाग किया। उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. हरवेंद्र सिंह ने फीता काटकर शुभारंभ किया। निर्णायक मंडल ने वजन, लंबाई, टीकाकरण, गतिविधियों व मासूमियत के आधार पर निर्णय किया। मिशिका अग्रवाल प्रथम, त्रिष्का वोहरा द्वितीय और अन्द्रिका अग्रवाल तृतीय रहीं।



### गणेश उत्सव की रौनक और बचपन का अंधेरा

*मेले की जगमगाती रोशनी और जश्न के पीछे छिपी यह कड़वी सच्चाई झकझोर देने वाली है। किताबों की जगह हाथों में प्लास्टिक की बोतलें : मेले की भीड़भाड़ के बीच शिक्षा और बचपन की खुशियों से वंचित ये नन्हे-मुन्ने बच्चे अपनी और अपने परिवार की दो वक्त की रोटी का जुगाड़ करने को मजबूर हैं। यह दृश्य हमारी व्यवस्था और समाज की संवेदनशीलता पर एक गंभीर सवाल खड़े करता है।* **फोटो - अर्पित मेहरोत्रा, चंदौसी**

### शहीद गिरीश चंद्र का बलिदान दिवस मनाया

**चंदौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में पाकिस्तान-भारत युद्ध 1965 में शहीद हुए गिरीश चंद्र का बलिदान दिवस कागजी मोहल्ला स्थित शहीद गिरीश चंद्र बाल उद्यान पार्क में मनाया गया। मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि सेना के जवानों की देशभक्ति से देशवासी सुरक्षित हैं। उन्होंने शहीद गिरीश चंद्र के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने 1962 में सेना में सेकंड लेफ्टिनेंट बनकर देश सेवा शुरू की थी। 20 सितंबर 1965 को स्यालकोट में युद्ध के दौरान वह शहीद हो गए। आयोजक सुरेश चंद्र शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

# बालिकाओं को सक्षम व आत्मनिर्भर बनाना ही मुख्य उद्देश्य

**बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर हुआ गोष्ठी का आयोजन**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** जायंट्स ग्रुप ऑफ वूमेन पावर, प्राइड, एरा एवं संगिनी ने संयुक्त रूप से मिलकर रविवार को गीता सत्संग भवन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य लिंगानुपात सुधार, बालिका शिक्षा को बढ़ावा व बालिकाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सक्षम व आत्मनिर्भर बनाना था। गोष्ठी में उपस्थित ग्रुप के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने-अपने विचार प्रकट करते हुए बताया कि बेटियों के संरक्षण, शिक्षा और समान अधिकारों का क्या-क्या महत्व है। वक्ताओं ने बालिकाओं को शिक्षा के समान अवसर देने और उनके प्रति भेदभाव समाप्त करने का संदेश दिया। इस अवसर पर डॉ सुधा चौधरी ने बताया कि बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और उज्जवल भविष्य के लिए हमें सदैव जागरूक रहना चाहिए। इस अवसर पर पदमा भार्गव, क्षमा अग्रवाल यूनिट डायरेक्टर, अनु रस्तोगी प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर, शुभा अग्रवाल फेडरेशन ऑफिसर के साथ-साथ ग्रुप के अध्यक्ष नीतू सोनी, प्रीति, अंजलि, ज्योति, प्राची, रिशु, वंदना, शिवानी, अलका, मीनाक्षी, सुनीता, सुरभि, सारिका, शिप्रा, प्रियांशी, हिना, काव्या, निधि, रितु, सिम्मी आदि सदस्य मौजूद रहे।



चंदौसी में जायंट्स ग्रुप ऑफ वूमेन पावर की गोष्ठी में शामिल पदाधिकारी।



चंदौसी में बच्चों के टीकाकरण करती एएनएम व जायंट्स ग्रुप के पदाधिकारी।

### नवजात बच्चों का हुआ टीका करण

**चंदौसी।** जायंट्स ग्रुप वुमेन शिखर संकल्प जीवन धारा ग्रुप ने संयुक्त रूप से टीकाकरण किया। रविवार को जायंट्स ग्रुप ने होली मोहल्ले के राधा कृष्ण मंदिर में नवजात शिशुओं को सभी रोगों से सुरक्षित रखने के लिए वैक्सीनेशन किया गया। इसमें एएनएम चंचल देवी, आभा, ममता शर्मा, शीनू शर्मा, अलका शर्मा, प्रियंका शर्मा आदि मौजूद रहीं और इसमें गर्भवती महिलाओं का भी टीकाकरण और दवाई देकर सभी रोगों से सुरक्षित किया गया। इस मौके पर ग्रुप की अध्यक्ष नीतू रस्तोगी, अध्यक्ष नूतन अग्रवाल, जीवन धारा ग्रुप की अध्यक्ष सुजाता शर्मा, सचिव शालिनी शर्मा, कोषाध्यक्ष शोभा शर्मा का भी भरपूर सहयोग रहा। सुमन शर्मा, सीमा अग्रवाल सचिव सुप्रीति गुप्ता भी मौजूद रहीं।

# जंगे आजादी से सीखे सारे सबक भुला डाले...

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** मेला गणेश चौथ के शुभ अवसर पर शहीद वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रायोजक सचिन गुप्ता एवं संयोजिका डॉ. दुर्गा टंडन के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में देश के अमर शहीदों को नमन करते हुए उनकी वीर वधुओं तथा स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के काव्य सत्र में कवि स्वयं श्रीवास्तव ने पढा-

***पत्थर की चमक है न नगीने की चमक है, चेहरे पे सीना तान के जीने की चमक है। पुरखों से विरासत में हमें कुछ न मिला था, जो दिख रही है खून पसीने की चमक है।***

डॉ. दुर्गा टंडन-

***मेरे गीत समर्पित राष्ट्र के अभिनंदन को मेरे स्वर है अर्पित भारत मां के वंदन को***

***शहीदों की अमर गाथा गूंजे जन-जन में शीश बिरजूं अपनी माटी के चंदन को।***

राष्ट्रवादी कवि प्रख्यात मिश्रा ने पढ़ा-

***बोटी बोटी कट जाऊ, इंच इंच बंट जाऊ, लाडला न पुरखो की नात को कटाएगा, या तो ये तिरंगा मै लपेट घर आऊंगा माँ***

***या तो ये तिरंगा सीमा पार लहरायेगा***

संभल से पधारे अशोक कृष्णम् ने पढ़ा-

***भारत माता की रखी, सैनिक ने जब लाज।***

***प्राण निछावर कर दिए, राष्ट्र धर्म के काज।***

कवियों की प्रस्तुतियों के दौरान सभागार में वीर शहीदों के अदम्य साहस, त्याग और बलिदान की गाथाएँ गूँजती रहीं। ओजस्वी काव्य-पंक्तियों ने श्रोताओं के हृदय में राष्ट्रप्रेम की भावनाओं को और प्रखर कर दिया।

कार्यक्रम में राज्यमंत्री गुलाब देवी, जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल तथा पुलिस अधीक्षक विकास चन्द्र त्रिपाठी, एडीएम सत्यप्रिय सिंह, उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी, क्षेत्राधिकारी विवेक जावला, प्रभारी निरीक्षक संत कुमार, मेला प्रभारी गजेन्द्र सिंह, पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय, पालिकाध्यक्षराजू शंकर राजू, अखिलेश कुमार खिलाड़ी सहित प्रजीत लालू, हरि गोपाल, रविंद्र कुमार, मनोज गुप्ता, ललित किशोर, सुधीर कुमार, डॉ राजीव, लोकेंद्र शर्मा, सत्येंद्र मामा, शशिकांत गुप्ता, प्रभात कृष्णा, शुभम अग्रवाल, पूनम अरोड़ा, अरविंद अरोड़ा सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे।




चंदौसी के गणेश चौथ मेले पर अमर शहीदों को नमन कार्यक्रम में शामिल अतिथि।

### श्रीकृष्ण लीलाओं ने मोहा श्रद्धालुओं का मन

**चन्दौसी।** बड़ा महादेव मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथा वाचक मृदुल किशोर महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं एवं गोवर्धन पूजा का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने श्रीकृष्ण द्वारा राक्षसों के उद्धार और माखन चोरी लीला के प्रसंग सुनाए, जिन्हें सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। इसके बाद गोवर्धन लीला का वर्णन करते हुए बताया कि श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों को इंद्र पूजा के स्थान पर गोवर्धन पर्वत की पूजा के लिए प्रेरित किया। इंद्र के भारी वर्षा करने पर भगवान ने गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी अंगुली पर धारण कर ब्रजवासियों की रक्षा की। श्रद्धालुओं ने गोवर्धन पूजा व परिक्रमा कर जयकारे लगाए। यजमान आशीष गुप्ता, आयुषी गुप्ता, राघवेंद्र मिश्रा, प्रमोद गुप्ता, अमित मोनू, डॉ. अमित, विनोद, दक्ष और पंकज मौजूद रहे।

# गणेश पंडाल में राधा अष्टमी मनाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** गणेश कॉलोनी गली नंबर 10 के गणेश पंडाल में राधा अष्टमी पर ब्रजभान दुलारी राधा जी का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

भक्तों के बीच नन्हे-नन्हे बच्चों ने राधा कृष्ण का स्वरूप बनकर पंडाल में अपनी-अपनी शानदार नृत्य प्रस्तुति दी जिसमें आराध्या गुप्ता और अनुष्का गुप्ता ने जब जिद पे आ गई पार्वती पर नृत्य किया, संस्कार यादव कृष्णा मौर्य, उत्कर्ष शर्मा ने श्री गणेश देवा और अरे द्वारा पालों कन्हैया से कह दो पर प्रस्तुति दी। सात्विक शर्मा ने छोटी-छोटी गईया छोटे छोटे ग्वाल आधीरा ने मैं बरसाने की छोरी रिद्धि यादव ने बजाओ राधा नाम की ताली श्रेया शर्मा, पीहू शर्मा, महक, आरव, प्रभा, मानवी, शिव आदि सभी ने अपने-अपने गानों पर नृत्य कर पूरे पाण्डाल का माहौल भक्ति मय कर दिया। भक्तों ने इस पल का खूब आनंद लिया अंत में सभी बच्चों को गणेश पाण्डाल की कार्यकारिणी ने सभी स्वरूपों को पुरस्कृत किया गया। उसके बाद भगवान श्री गणेश की आरती की गई और प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर हृदेश यादव, अरविंद गुप्ता, अभिषेक गौड़, विपिन यादव, भुवनेश मौर्य, वेद प्रकाश मौर्य, वासु मौर्य, अनुराग गुप्ता, सौरभ शर्मा, सोनू, राजू चौहान, मनोज कुमार तोमर, नरेश प्रताप सिंह चौहान, नेत्रपाल सिंह, सतेंद्र शर्मा, डॉ. विजय शंखधार, सोनू गुप्ता, हर्षित शर्मा, योगेंद्र सिंह यादव, सुभाष चंद्र गुप्ता, ओमवीर सिंह चौहान, सोमेश यादव, अनिल कुमार यादव, डॉ. अतुल शंखधार आदि उपस्थित रहे।



राधा अष्टमी पर नन्हे-मुन्ने बच्चों को सम्मानित करते अतिथि। -जागरण मोर्चा

**सम्मान समारोह** 70% से अधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राएं सम्मानित, नपा अध्यक्ष और वक्ताओं ने शिक्षा के स्तर को सुधारने और बच्चों को प्रेरित करने पर दिया जोर

# श्री वार्ष्णेय युवा समूह ने मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिह्न देकर किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** वार्ष्णेय युवा समूह की ओर से रविवार को श्री बारहसैनी सेवा सदन में वार्ष्णेय मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में वर्ष 2026 में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले तथा स्नातक, परास्नातक और विभिन्न व्यावसायिक परीक्षाएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण करने वाले समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी अनिल कुमार ने फीता काटकर किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में किशन कुमार सर्राफ एवं अभय वार्ष्णेय ने श्री अक्रूर जी और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया। जीएलए विश्वविद्यालय मथुरा के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. योगेशमूर्ति वार्ष्णेय एवं समूह के संस्थापक सदस्य शरद किशोर गुप्ता ने श्री अक्रूर जी महाराज के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय एवं समाजसेवी अखिलेश कुमार खिलाड़ी रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में रागिनी वार्ष्णेय, रानू वार्ष्णेय, गीतिका वार्ष्णेय, भावना वार्ष्णेय एवं नेहा वार्ष्णेय मौजूद रहीं। समारोह की अध्यक्षता शरद किशोर गुप्ता ने की तथा संचालन समूह के अध्यक्ष डॉ. सौरभ वार्ष्णेय एवं सचिव मंगेश वार्ष्णेय ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि अखिलेश खिलाड़ी ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज के बच्चों में नई ऊर्जा का संचार करते हैं और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। अध्यक्ष शरद किशोर गुप्ता ने कहा कि शिक्षा का स्तर बेहतर होने और निरंतर प्रोत्साहन मिलने से बच्चे शिक्षा, व्यापार, मानव सेवा एवं देश सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। समारोह में हाईस्कूल में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली अराध्या वार्ष्णेय, इंटरमीडिएट में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली श्रेया वार्ष्णेय, स्नातक में 86 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले प्रणव वार्ष्णेय तथा परास्नातक में 91 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली राशि वार्ष्णेय को टॉपर्स ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। रामप्यारी कन्या इंटर कॉलेज की सहायक अध्यापक निर्मल देवी को वार्ष्णेय शिक्षक रत्न प्रदान किया गया। इसके अलावा सीए मानस वार्ष्णेय, सीए गगनदीप वार्ष्णेय, एमडी पूर्ण करने वाले डॉ. हिमांशु वार्ष्णेय, एमबीबीएस पूर्ण करने वाली डॉ. एकाक्षी वार्ष्णेय, एमएस में प्रवेश पाने वाले डॉ. देव आर्यन, नेट-जेआरएफ प्राप्त करने वाली अनयेशा वार्ष्णेय, एमटेक करने वाले ब्रजकिशोर वार्ष्णेय, एमबीए करने वाले सिद्धिका वार्ष्णेय, विकास वार्ष्णेय व अनुष्का राज, एमसीए करने वाले नितेश कुमार व प्रज्ञा वार्ष्णेय, एलएलबी करने वाली अदिति वार्ष्णेय, एलएलएम पूर्ण करने वाले अविरल गुप्ता व तरंग वार्ष्णेय, बीटेक करने वाले पीयूष वार्ष्णेय व खुशी वार्ष्णेय, बीसीए पूर्ण करने वाले दक्ष वार्ष्णेय व दिशा वार्ष्णेय सहित कुल 149 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कोरियोग्राफर लोकेश वार्ष्णेय के निर्देशन में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर मन मोह लिया। 50 लकी ड्रॉ भी निकाले गए। आयोजन में समूह के संरक्षकों एवं पदाधिकारियों का सहयोग रहा। संयोजन डॉ. सौरभ वार्ष्णेय, मंगेश वार्ष्णेय, प्रशांत वार्ष्णेय, अंकित वार्ष्णेय एवं सौरभ वार्ष्णेय ने संयुक्त रूप से किया।



चंदौसी में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते श्री वार्ष्णेय युवा समूह के पदाधिकारी।



चंदौसी के हनुमान मंदिर पर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

# गणेश विसर्जन से पहले भंडारा श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** रेलवे स्टेशन रोड स्थित हनुमान मंदिर पर स्थापित गणेश प्रतिमा के विसर्जन से पहले भंडारा लगाया गया। इसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। दीपक शर्मा ने बताया कि पिछले 8 सालों से हनुमान मंदिर पर गणेश की प्रतिमा स्थापित की जाती है और गणेश विसर्जन से पहले हर बार भंडारे का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि सोमवार को गणेश की प्रतिमा का विधि-विधान से पूजा-अर्चना व आरती करके विसर्जन किया जाएगा। इस मौके पर सविता शर्मा, शगुन शर्मा, शुभ शर्मा, संचिता, चित्रा देवी, अंशी गुप्ता, नरेश गुप्ता, हेमा अग्रवाल, शोभित अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, कमल ठाकुर, नमिता मित्तल आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

## संपादकीय

# यूपीआई में एमडीआर की टेंशन

दो हजार रुपए से अधिक भुगतान पर शुल्क की शर्त ने बाजार में हलचल मचा दी है। यूपीआई भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था की सबसे तेजी से स्वीकार की गई व्यवस्थाओं में है। जेब में नकद हो या न हो, मोबाइल में यूपीआई हो तो भुगतान संभव है। ऐसे में यूपीआई में एमडीआर यानी मर्चेंट डिस्काउंड रेट ने उपभोक्ताओं और व्यापारियों में हलचल पैदा कर दी है। व्यापारी वर्ग उलझन में फंसा है जबकि उपभोक्ता भी परेशान हैं। एमडीआर की शुरूआत ने ही चिंता पैदा कर दी है। बाजारों में कई जगह तख्ती भी टंग गई हैं। सवाल केवल शुल्क का नहीं, बल्कि यह है कि कहीं शुल्क की शुरुआत धीरे-धीरे उस व्यवस्था की मूल भावना को ही न बदल दे, जिसे देश ने लगभग मुफ्त डिजिटल भुगतान के रूप में अपनाया है। 15 सितंबर 2026 से लागू नए ढांचे के अनुसार व्यक्ति से व्यक्ति भुगतान किसी भी राशि का हो, उस पर एमडीआर नहीं लगेगा । व्यापारी को दो हजार रुपए तक के भुगतान भी एमडीआर से मुक्त रहेंगे । लेकिन दो हजार रुपए से अधिक के निर्धारित व्यापारी लेन-देन पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर लागू होगा। 75 हजार रुपए या उससे अधिक के लेन-देन में यह अधिकतम तीन सौ प्रति लेन-देन तक सीमित रहेगा । रेलवे, दूरसंचार, बीमा, ईंधन और कृषि-इनपुट जैसे कुछ आवश्यक क्षेत्रों के लिए दो हजार से अधिक के भुगतान पर पांच रुपए का निश्चित एमडीआर रखा गया है। एमडीआर ग्राहक से वसूला जाने वाला शुल्क नहीं है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि ग्राहक से यूपीआई भुगतान करने के लिए अलग से ट्रांजैक्शन फीस, प्लेटफॉर्म फीस या छिपा हुआ शुल्क नहीं लिया जाना चाहिए। एमडीआर भुगतान व्यवस्था से जुड़े बैंकों, भुगतान सेवा प्रदाताओं और ऐप प्रदाताओं के बीच वितरित होगा । लेकिन इस व्यवस्था में व्यापारी वर्ग का सवाल है कि दो हजार से अधिक की राशि के भुगतान पर वह क्यों एमडीआर दे । यहीं से भ्रम और चिंता की लकीरें उभर रही हैं। जाहिर है, व्यापारी अपनी जेब से एमडीआर देने से रहा। वह इसका शुल्क ग्राहकों से ही वसूलेगा। हो सकता है, ज्यादा ही वसूले। यूं सरकार ने बैंकों से कहा है कि वे निगरानी करें ताकि व्यापारी ज्यादा एमडीआर न वसूल सके। लेकिन इस प्रकार की निगरानी का बैंकों के पास कोई तंत्र नहीं है। खतरा इस बात में है कि शुल्क का बोझ कहीं अप्रत्यक्ष रूप से व्यापारी से होते हुए ग्राहक तक न पहुंच जाए। यदि किसी दुकानदार की लागत बढ़ती है और वह वस्तुओं या सेवाओं की कीमत में उसे समायोजित करता है तो ग्राहक अंततः उसका असर महसूस कर सकता है। इसलिए केवल यह कहना पर्याप्त नहीं होगा कि एमडीआर ग्राहक से सीधे नहीं लिया जा रहा। बाजार में इसका अप्रत्यक्ष प्रभाव भी देखने को मिलना शुरू हो गया है। व्यापारी दो हजार से अधिक की खरीद अब या तो कैश में कर रहा है या दाम बढ़ाकर । यूपीआई की सबसे बड़ी उपलब्धि यही रही है कि उसने छोटे दुकानदार और आम उपभोक्ता को बिना जटिल शुल्क-व्यवस्था के डिजिटल अर्थव्यवस्था से जोड़ा। यदि भविष्य में एमडीआर की सीमा बढ़ती है, दर बढ़ती है या अधिक श्रेणियों पर शुल्क लगता है तो छोटे कारोबारियों में फिर नकदी की ओर लौटने की प्रवृत्ति पैदा हो सकती है। अभी के नियमों में छोटे व्यापारियों को सुरक्षा दी गई है, इसलिए निगरानी इस बात की होनी चाहिए कि यह सुरक्षा व्यवहार में भी कायम रहे। यदि किसी बड़े भुगतान को केवल एमडीआर से बचने के लिए कई छोटे भुगतानों में बांटने की कोशिश होती है तो भुगतान व्यवस्था में जोखिम बढ़ सकता है। इससे धोखाधड़ी, रिकॉर्ड की जटिलता और निगरानी की समस्या पैदा हो सकती है। बैंक और भुगतान संस्थाओं को ऐसे असामान्य पैटर्न पर नजर रखनी होगी । लेकिन सवाल यही है कि वे रखेंगे कैसे? सरकार का तर्क है कि एमडीआर से वह खर्चों की भरपाई करेगी। यूपीआई का विशाल ढांचा चौबीसों घंटे चलता है। बैंक, तकनीकी प्रणालियां, भुगतान ऐप और सुरक्षा तंत्र लगातार निवेश मांगते हैं। सरकार का कहना है कि एमडीआर भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र के संचालन और उसके विस्तार को टिकाऊ बनाने में मदद करेगा। यूपीआई इस वक्त 11 मुल्कों में चल रहा है। अमेरिका वां देश हो सकता है। अभी तक यूपीआई की ताकत छोटा और मध्यम वर्ग का व्यापारी और कामकाज करने वाला रहा है। इसी को डिजिटल क्रांति का नाम दिया गया । लेकिन दो हजार से अधिक के लेनदेन पर शुल्क की अनिवार्यता ने इस पर सवाल खड़े कर दिए हैं । आप बाजार जाइये, दो हजार तक की खरीद कहां हो पाती है? इससे अधिक की ही खरीदारी होती है। जाहिर है, उस पर व्यापारी को एमडीआर देना पड़ेगा । यूपीआई को मजबूत बनाने के लिए आर्थिक स्थिरता जरूरी है, लेकिन उससे भी जरूरी है उसका मुफ्त, सरल, पारदर्शी और सुरक्षित होना। इसी के भरोसे यूपीआई ने रिकार्ड बनाया है और इसी कारण जनता का विश्वास जीता है। फिलवक्त, एमडीआर को लेकर बाजार चिंता में है। सरकार को उसका समाधान करना चाहिए।

## चेक बाउंस का आखिरी मौका

चेक बाउंस की कहानी ने, नया मोड़ लिया है,
राजपाल के हिस्से में, सुको ने मौका दिया है।
दो हफ्तों में भरो, वरना मुश्किल बढ़ जाएगी,
कानून की चौखट पे, हर चाल नजर आएगी।

कभी फिल्मों में हँसाते थे, किरदार कमाल थे,
असली जिंदगी के सीन में, हिसाब न पाते थे।
करोड़ों का चेक था, मामला छोटा कैसे होता?
कागज पर लिखी रकम, एक "तकाजा" होता।

कोर्ट ने कहा-मौका है, बात अब बन सकती है,
जो रकम बाकी है, वह अब जमा हो सकती है।
फिल्मी पर्दे पर जब चाहे, हँसी के फव्वारे छूटें,
कानून की पटकथा में, तारीख व रकम न रूठें।

ये कहानी बताती है, हँसी-मजाक अपनी जगह,
चेक पे दस्तखत करने से पूर्व, सोचना बेहतर है।
क्योंकि पर्दे पे ठ्ठकटढ्ढ कहने से, "दृश्य" रुकता है,
कोर्ट की पटकथा में, हिसाब पूरे करने पड़ते है।

(संदर्भ - राजपाल यादव, सुप्रीम कोर्ट ने दिया आखिरी मौका)

**संजय एम तराणेकर**
**(कवि, लेखक व समीक्षक)**
**इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)**

# क्या विघटन की ओर बढ़ रहा है यूनाइटेड किंगडम


महेन्द्र तिवारी

असंतोष का सबसे बड़ा कारण वर्ष 2016 का वह जनमत संग्रह है जिसके तहत यूनाइटेड किंगडम ने यूरोपीय संघ से बाहर निकलने का फैसला किया था। उस समय स्कॉटलैंड और उत्तरी आयरलैंड की बहुसंख्यक जनता ने यूरोपीय संघ में बने रहने के पक्ष में मतदान किया था। इसके बावजूद पूरे देश के सम्मिलित परिणाम के कारण इन दोनों क्षेत्रों को भी अपनी इच्छा के विरुद्ध यूरोपीय संघ से बाहर होना पड़ा। यही वह बिंदु था जहां से अविश्वास की खाई चौड़ी होनी शुरु हुई। राष्ट्रवादी दलों का तर्क है कि उनके व्यापार, शिक्षा, रोजगार और उद्योग गहरे रूप से यूरोप के साथ जुड़े हुए थे। यूरोपीय संघ से अलग होने के कारण इन क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। कार्डिफ घोषणा में भी इस बात पर विशेष बल दिया गया है कि भविष्य में यूरोप के साथ घनिष्ठ संबंध स्थापित करना और मुक्त व्यापार को बढ़ावा देना उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता होगी। पूरा देश पिछले कई वर्षों से बढ़ती महंगाई, धीमी आर्थिक विकास दर, भारी सार्वजनिक ऋण और जीवन यापन की आसमान छूती लागत जैसी गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है।

वर्तमान वैश्विक राजनीति एक अत्यंत संवेदनशील और परिवर्तनशील दौर से गुजर रही है जहां राष्ट्रीय सीमाएं और पुराने राजनीतिक समझौते नई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। इसी क्रम में यूनाइटेड किंगडम के भीतर एक ऐसा राजनीतिक भूचाल आया है जिसने इसके तीन सौ साल पुराने स्वरूप पर सवालिया निशान लगा दिया है। 14 सितंबर 2026 को वेल्स की राजधानी कार्डिफ में एक ऐतिहासिक घटना घटी जिसने न केवल ब्रिटेन बल्कि पूरे यूरोप का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया। स्कॉटलैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड के शीर्ष राष्ट्रवादी नेताओं ने एक साझा मंच पर आकर एक अभूतपूर्व सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए। इस सहमति पत्र का मुख्य उद्देश्य अपने देशों के लिए आत्मनिर्णय के अधिकार की मांग करना और वेस्टमिंस्टर की केंद्रीय सत्ता के एकाधिकार को चुनौती देना था। यह पहला अवसर है जब इन तीनों क्षेत्रों की सरकारों का नेतृत्व एक साथ ऐसे दलों के हाथों में है जो या तो पूर्ण स्वतंत्रता के पक्षधर हैं या फिर एकीकरण के समर्थक हैं। कार्डिफ की यह बैठक केवल एक राजनीतिक आयोजन नहीं थी बल्कि यह एक स्पष्ट संदेश था कि अब पुरानी व्यवस्था के तहत काम करना संभव नहीं है।

स्कॉटलैंड के प्रथम मंत्री जॉन स्विनी, वेल्स के प्रथम मंत्री रून एप इओरवर्थ और उत्तरी आयरलैंड की प्रथम मंत्री मिशेल ओ'नील ने संयुक्त रूप से यह घोषणा की कि उनके नागरिकों को अपना संवैधानिक भविष्य स्वयं तय करने का अधिकार होना चाहिए। इन नेताओं का स्पष्ट मानना है कि लंदन स्थित केंद्रीय सरकार लोकतांत्रिक आकांक्षाओं को लंबे समय तक नजरअंदाज नहीं कर सकती। हालांकि यह कार्डिफ समझौता किसी नए देश के निर्माण की तत्काल घोषणा नहीं है, परंतु यह एक ऐसा राजनीतिक और कूटनीतिक दस्तावेज है जिसने भविष्य के बदलावों की



मजबूत नींव रख दी है। इस पूरे घटनाक्रम की जड़ें अचानक पैदा हुए किसी असंतोष में नहीं हैं बल्कि यह पिछले एक दशक की विभिन्न आर्थिक, राजनीतिक और कूटनीतिक विफलताओं का परिणाम है।

राजनीतिक और आर्थिक कारणों के साथ साथ सांस्कृतिक पहचान का मुद्दा भी इस आंदोलन की एक बड़ी धुरी है। स्कॉटलैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड का अपना समृद्ध इतिहास, अपनी भाषाएं, साहित्य और अनूठी लोक परंपराएं रही हैं। पिछले कुछ दशकों में वेल्श भाषा के प्रयोग में वृद्धि हुई है और स्कॉटिश तथा आयरिश सांस्कृतिक गौरव की भावना फिर से जागृत हुई है। नई पीढ़ी अपनी इस सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक लोकतांत्रिक अधिकारों के साथ जोड़कर देख रही है। उनके लिए स्वतंत्रता का अर्थ केवल अपनी भौगोलिक सीमाएं बदलना नहीं है, बल्कि अपनी भाषा और संस्कृति के संरक्षण के लिए अपने संसाधनों पर पूर्ण नियंत्रण प्राप्त करना है।

इतने गहरे असंतोष और मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति के बावजूद यह मान लेना जल्दबाजी होगी कि यूनाइटेड किंगडम का विघटन कल ही होने वाला है। इसके मार्ग में बहुत बड़ी कानूनी और संवैधानिक बाधाएं मौजूद हैं। स्कॉटलैंड के मामले में वर्ष 2022 में सर्वोच्च न्यायालय ने यह स्पष्ट कर दिया था कि स्कॉटिश संसद अपनी मर्जी से स्वतंत्रता के लिए कोई जनमत संग्रह आयोजित नहीं कर सकती। इसके लिए वेस्टमिंस्टर की संसद से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य है। इसी प्रकार वेल्स के लिए तो ब्रिटिश कानून में संघ से अलग होने का कोई स्पष्ट प्रावधान ही नहीं है। यदि वेल्स स्वतंत्रता की दिशा में आगे बढ़ता है तो उसके लिए पूरी तरह से नए कानूनों के निर्माण की आवश्यकता होगी।

इस पूरी बहस में प्रधानमंत्री एंडी बर्नहम के नेतृत्व वाली केंद्रीय सरकार का रुख भी बहुत महत्वपूर्ण है। लंदन का स्पष्ट मानना है कि विभाजनकारी राजनीति से निवेश प्रभावित होगा और सामाजिक अस्थिरता फैलेगी। सरकार का पूरा ध्यान रोजगार सृजन और महंगाई नियंत्रण पर है। लेकिन यदि यह गतिरोध ऐसे ही बढ़ता रहा तो इसके अंतरराष्ट्रीय प्रभाव भी बहुत व्यापक होंगे। स्कॉटलैंड में ब्रिटेन के अहम सैन्य और परमाणु पनडुब्बी अड्डे स्थित हैं। यदि स्कॉटलैंड स्वतंत्र होता है तो नाटो की सुरक्षा व्यवस्था और उत्तर अटलांटिक क्षेत्र की सैन्य रणनीति पर गंभीर सवाल खड़े हो जाएंगे। इसके अतिरिक्त संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में ब्रिटेन की स्थायी सदस्यता को लेकर भी कूटनीतिक विवाद उत्पन्न हो सकता है, क्योंकि एक खंडित ब्रिटेन शायद उस वैश्विक प्रभाव को बनाए न रख सके जो आज उसके पास है।

इस विवाद का अंतरराष्ट्रीय आयाम केवल नाटो तक सीमित नहीं है। अमेरिका में आयरिश मूल के नागरिकों का बहुत बड़ा राजनीतिक प्रभाव है। हाल के दिनों में अमेरिकी नेताओं ने उत्तरी आयरलैंड के एकीकरण पर जो बयान दिए हैं, उन्होंने इस बहस को और भी अधिक प्रासंगिक बना दिया है। अमेरिका का यह दबाव ब्रिटेन की कूटनीति के लिए एक अलग प्रकार की चुनौती प्रस्तुत करता है। वहीं दूसरी ओर यूरोपीय संघ हालांकि प्रत्यक्ष रूप से इस मामले में कोई हस्तक्षेप नहीं कर रहा है, परंतु वह एक मूक दर्शक के रूप में इस पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए है।

इतिहास इस बात का साक्षी है कि 1707 में इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के एकीकरण तथा 1801 में आयरलैंड के विलय के बाद ही यूनाइटेड किंगडम दुनिया की सबसे बड़ी साम्राज्यवादी ताकत के रूप में उभरा था। समय के साथ आयरलैंड का एक बड़ा हिस्सा स्वतंत्र गणराज्य बन गया, लेकिन बाकी क्षेत्र संघ का हिस्सा बने रहे। आज जो परिस्थितियां उत्पन्न हुई हैं, वे उसी ऐतिहासिक यात्रा का एक नया और शायद सबसे जटिल अध्याय हैं। कार्डिफ का मंच केवल एक विरोध प्रदर्शन नहीं था, बल्कि यह एक नए राजनीतिक युग के आगमन की घोषणा थी। राष्ट्रवादी नेताओं का यह गठजोड़ यह बताता है कि अलग अलग क्षेत्रों की समस्याएं अब एक साझा राजनीतिक आंदोलन का रूप ले चुकी हैं। यह आंदोलन केवल भावनात्मक नहीं है बल्कि यह आर्थिक तार्किकता और लोकतांत्रिक अधिकारों की ठोस बुनियाद पर खड़ा है।

# संज्ञेय दंडनीय अपराध है स्कूली बच्चों की पिटाई


मनोज कुमार अग्रवाल

आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम का इस घटना से सम्बद्ध वीडियो पूरे देश में वायरल हुआ, जिसमें एक प्राइवेट स्कूल की शिक्षिका बच्चे को डांटती और थप्पड़ मारती नज़र आ रही थी। उसके बाद बच्चे को कटे पेड़ की तरह गिरते देखा गया। बताते हैं कि होमवर्क पूरा न करने पर टीचर ने एलकेजी के छह वर्षीय छात्र प्रणय तेजा को पहले बुरी तरह डांटा और फिर उसे जोर से थप्पड़ मारा, जो उसे एक शॉक की तरह लगा। सीसीटीवी कैमरे की पुलिस द्वारा हासिल रिकॉर्डिंग में बच्चे की पिटाई और जमीन पर गिरने का दृश्य स्पष्ट दिखाई दे रहा था। बच्चे को अस्पताल ले जाया गया। जहां बताया गया है कि उसकी मृत्यु हो चुकी है। इस घटना के बाद व्यापक विरोध प्रदर्शन भी हुए। अभिभावकों का आरोप है कि बच्चा घर से स्वस्थ स्थिति में स्कूल के लिए निकला था।

भारत में शिक्षा का अधिकार कानून की धारा 17 स्कूलों में बच्चों को किसी भी तरह के शारीरिक दंड या मानसिक उत्पीड़न से पूरी तरह सुरक्षित रखती है। स्कूलों में शिक्षकों द्वारा बच्चों की पिटाई और शारीरिक दंड एक गंभीर और गैर-कानूनी समस्या है, जिसपर विश्व स्वास्थ्य संगठन जैसी वैश्विक संस्थाएं भी चिंता जता चुकी हैं। हाल ही में ऐसी की घटनाएं सामने आई है जिनमें शिक्षकों की अमानवीयता और निर्दयता भरी पिटाई के कारण मासूम बच्चों की मौत हो गई अथवा वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

हाल ही में आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम के लिटिल गार्डन स्कूल में 20 अगस्त 2026 को होमवर्क पूरा न करने पर एक 6 साल के छात्र प्रणय तेजा की टीचर की कथित पिटाई और थप्पड़ मारने के बाद क्लासरूम में गिरकर मौत हो गई। दरअसल बच्चे ने होमवर्क पूरा नहीं किया था, जिसके बाद टीचर ने उसे डांटा और थप्पड़ मारा। क्लासरूम में लगे सीसीटीवी फुटेज में सामने आया कि थप्पड़ मारने और प्रताड़ित करने के कुछ ही पलों बाद बच्चा बेहोश होकर गिर पड़ा। बच्चे को तुरंत किंग जॉर्ज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी पिछले दिनों ऐसी ही घटना सामने आई। वहां विनोद नगर में एक सरकारी स्कूल की ग्यारह साल की छात्रा की सजा दिए जाने के बाद मौत हो गई। उसका कसूर सिर्फ इतना था कि वह क्लास में किताब लाना भूल गई। शिक्षिका ने उसे क्लास के पीछे हाथ ऊपर करके खड़े होने की सजा दी। कक्षा में इस तरह काफी देर तक खड़े रहने और अपमान से आहत होने के बाद उसकी तबीयत खराब हो गई। उसे इलाज के लिये अस्पताल ले जाया गया लेकिन बाद में उसकी मौत हो गई।

विचारणीय प्रश्न है कि प्रशिक्षित शिक्षक इस बात को समझने का प्रयास क्यों नहीं करते कि उन्हें छात्रों के साथ संवेदनशील व्यवहार करना चाहिए। वे क्यों नहीं समझते कि क्लास में सबके सामने दंडित किए जाने से बच्चे के कोमल मन-मस्तिष्क पर कैसा नकारात्मक असर पड़ेगा। शीर्ष अदालत ने सभी स्कूलों के शिक्षकों के लिए इस बाबत सभी दिशा-निर्देश स्पष्ट रूप से दे रखे हैं, लेकिन इसके बावजूद अप्रिय हो रहा है। निस्संदेह, कोई भी शैक्षिक व्यवस्था किसी भी शिक्षक को निरंकुश व्यवहार करने और अपनी भड़ास निकालने की इजाजत नहीं देती। दरअसल, समय के साथ-साथ बच्चों में ऐसे भाव विकसित हो गए हैं कि वे कक्षा में सार्वजनिक रूप से अपमान व प्रताड़ना बर्दाश्त नहीं करते। समाज में एकल परिवार परंपरा के प्रचलन के बाद बच्चे अभिभावकों के ध्यान के केंद्र में आ गए हैं। संयुक्त परिवारों में बच्चे मान-अपमान के प्रति इतने ज्यादा संवेदनशील नहीं होते थे। लेकिन आज घर में अकेले होने के नाते मिलने वाले विशिष्ट व्यवहार की अपेक्षा बच्चा स्कूल में भी करता है। फलतः किसी दंड या ताड़ना को वह बेहद गंभीरता से लेता है।

कानूनन राइट आफ एजुकेशन एक्ट की धारा 17 के तहत भी स्कूलों में किसी भी प्रकार का शारीरिक या मानसिक उत्पीड़न पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके बावजूद, ऐसी घटनाएं बच्चों के विकास और शिक्षा व्यवस्था के काले चेहरे को उजागर करती हैं।

बच्चों पर हाथ उठाने वाले शिक्षकों पर भारतीय न्याय संहिता /भारतीय दंड संहिता और किशोर न्याय अधिनियम के तहत कानूनी और फौजदारी कार्रवाई की जा सकती है। घटना की तुरंत स्थानीय पुलिस थाने में लिखित शिकायत या एफआईआर दर्ज कराई जानी चाहिए।ऐसी घटनाओं की शिकायत राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग या चाइल्डलाइन नंबरः 1098 पर की जा सकती है।शिक्षा बोर्ड के नियमों के अनुसार स्कूल प्रशासन को भी आरोपी शिक्षक के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई करनी चाहिए।

## कविता

### छोटा हूँ तो क्या हुआ

छोटा हूँ तो क्या हुआ, मन में बड़ा विचार।
बूँद-बूँद से भर रहा, सागर का भंडार।।
नन्हा दीपक क्या करे, पूछे जग संसार।
अँधियारा छँटता वही, जब जले एक बार।।
कद छोटा हो तो रहे, हौसला आसमान।
पर्वत भी झुकता कभी, देखे दृढ़ इंसान।।
कण-कण मिलकर बन गया,
धरती का आकार।
छोटा कोई भी नहीं, यदि भीतर है सार।।
बूँद अकेली क्या करे, हँसे अगर संसार।
बूँद-बूँद मिलकर बने, सागर देख अपार।।
चींटी छोटी है मगर, चढ़ती ऊँचा शैल।
मेहनत जिसके साथ हो,
जीत उसी का खेल।।
नन्हा बीज दिखे मगर, भीतर वन का राज।
समय मिले तो दे सके, धरती को नव साज।।
छोटी सी मुस्कान में, छिपा बड़ा संसार।
जिसने दिल से दे दिया, उसका ऊँचा प्यार।।
शब्द भले हों चार ही, रखते गहरा मोल।
सच्चे मन से निकलकर,
खोलें मन के बोल।।
छोटी सी कोशिश करे, बदल सके हालात।
एक कदम ही खोलता,
मंजिल तक की बात।।
नन्ही किरणें भोर की, हरती तम हर बार।
छोटा होकर भी बने, सूरज का आधार।।
माटी का कण क्या करे, सोच रहा हर हाल।
मिलकर वही बना सके,
सुंदर भवन विशाल।।
छोटी नाव भँवर फँसी, रखती अपना मान।
जिसके भीतर साहस हो, पार करे तूफान।।
छोटी गलती मानकर, बड़ा बने इंसान।
झुकने वाला ही सदा, पाता सच्चा मान।।
कम साधन से भी रचे, सपनों का संसार।
हिम्मत जिसके पास हो,
उसको क्या दरकार।।
नन्हे पंखों से उड़ें, सपने लेकर साथ।
आकाशों की दूरियाँ, बन जाती दो हाथ।।
छोटा हूँ तो क्या हुआ, भीतर मेरा मान।
कर्मों से पहचान हो, यही बड़ी पहचान।।


डॉ। प्रियंका सौरभ



# 20वें एशियाई खेलों से भारत की उम्मीदें

वीरेंद्र कुमार जाटव

भारत की सबसे बड़ी पदक उम्मीदों में नीरज चोपड़ा का नाम प्रमुख रहेगा, खासकर भाला फेंक में। एथलेटिक्स में अन्य भारतीय खिलाड़ियों से भी पदक की उम्मीद रहेगी। शूटिंग में भारत की युवा और अनुभवी निशानेबाजों की मजबूत टीम महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। बैडमिंटन में पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय जैसे खिलाड़ियों के साथ भारतीय पुरुष एवं महिला टीमों और युगल खिलाड़ियों पर भी नजर रहेगी। बॉक्सिंग में भारतीय मुक्केबाज, कुश्ती में भारतीय पहलवान और तीरंदाजी में कंपाउंड तथा रिकर्व टीमें पदक के प्रमुख दावेदारों में रहेंगी।

एशियाई खेल 2026 भारत के लिए एक महत्वपूर्ण बहु-खेल प्रतियोगिता होने जा रही है। 20वें एशियाई खेलों का आयोजन जापान के आइची और नागोया में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर 2026 तक किया जाएगा। प्रतियोगिता लगभग 16 दिनों तक चलेगी। इसमें एशिया के 45 राष्ट्रीय ओलंपिक संघों/प्रतिनिधिमंडलों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इस बार खेल कार्यक्रम में लगभग 41 खेलों और 460 से अधिक पदक स्पर्धाओं को शामिल किया गया है। विभिन्न खेलों में व्यक्तिगत खिलाड़ी, युगल तथा टीम स्पर्धाओं के रूप में भारत सहित सभी देश अपनी चुनौती पेश करेंगे।

भारत एशियाई खेलों में लगातार मजबूत उपस्थिति रखने वाले देशों में शामिल है। पिछले एशियाई खेलों, हांगझोउ 2022, में भारत ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए कुल 107 पदक—28 स्वर्ण, 38 रजत और 41 कांस्य जीते थे और पदक तालिका में चौथा स्थान हासिल किया था। यह पहली बार था जब भारत ने किसी एक एशियाई खेल में 100 से अधिक पदक जीते। इससे पहले भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2018 जकार्ता-पालेमबांग खेलों में 70 पदकों का था।



2026 में भारत की चुनौती केवल पदकों की संख्या बढ़ाने तक सीमित नहीं होगी, बल्कि कई खेलों में पिछले प्रदर्शन को दोहराने और सुधारने की भी होगी। भारतीय दल एथलेटिक्स, शूटिंग, बॉक्सिंग, बैडमिंटन, हॉकी, कुश्ती, तीरंदाजी, भारोत्तोलन, टेबल टेनिस, टेनिस, स्क्वैश, कबड्डी, रोइंग, नौकायन, तलवारबाजी, जूडो, कराटे, वुशु और अन्य खेलों में भाग लेगा। वास्तविक भागीदारी और अंतिम खिलाड़ी सूची संबंधित राष्ट्रीय महासंघों तथा भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा अंतिम रूप दिए जाने के साथ स्पष्ट होगी।

बॉक्सिंग में भारतीय मुक्केबाज, कुश्ती में भारतीय पहलवान और तीरंदाजी में कंपाउंड तथा रिकर्व टीमें पदक के प्रमुख दावेदारों में रहेंगी। भारत को पुरुष एवं महिला हॉकी टीम और महिला क्रिकेट टीम से बड़ी उम्मीद है और जरूर इस बार भारत की झोली में दोनों खेलों में गोल्ड मेडल मिलने की संभावना है।

टीम स्पर्धाओं में भारतीय पुरुष और महिला हॉकी, कबड्डी तथा अन्य टीम खेल विशेष महत्व रखते हैं। हॉकी में एशियाई स्तर पर भारत की मजबूत परंपरा रही है और एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिहाज से भी महत्वपूर्ण रहा है। कबड्डी में भी भारत का ऐतिहासिक रिकॉर्ड मजबूत रहा है। भारत के लिए सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह होगा कि 2026 के खेलों में युवा प्रतिभाओं और अनुभवी खिलाड़ियों के बीच किस प्रकार संतुलन बनाया जाता है। 2024 पेरिस ओलंपिक के बाद भारतीय खेलों में कई नई प्रतिभाएं सामने आई हैं और 2026 एशियाई खेल उनके लिए बड़े अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्वयं को स्थापित करने का अवसर होंगे। शूटिंग, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, मुक्केबाजी, कुश्ती, तीरंदाजी और हॉकी जैसे खेलों में भारत से अच्छी पदक संख्या की उम्मीद की जा सकती है, हालांकि किसी भी खिलाड़ी या टीम के पदक जीतने की गारंटी नहीं मानी जा सकती।

इस बार भारत के सामने पिछली बार के 107 पदकों के ऐतिहासिक प्रदर्शन को बनाए रखने की चुनौती होगी। हांगझोउ में भारत ने एथलेटिक्स और शूटिंग में बड़ी संख्या में पदक हासिल किए थे, जबकि हॉकी, कबड्डी, तीरंदाजी, बैडमिंटन, कुश्ती और अन्य खेलों ने भी पदक तालिका में योगदान दिया था। नागोया-आइची में भारत की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि उसके शीर्ष खिलाड़ी अपने प्रदर्शन को कितनी निरंतरता से दोहरा पाते हैं और नई पीढ़ी के खिलाड़ी बड़े मुकाबलों के दबाव में कैसा प्रदर्शन करते हैं।

एशियाई खेल केवल पदकों की प्रतियोगिता नहीं हैं; वे ओलंपिक जैसे बड़े अंतरराष्ट्रीय मंच की तैयारी का भी महत्वपूर्ण पड़ाव हैं। भारत के लिए 2026 एशियाई खेल युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव देने, विभिन्न खेलों में अपनी गहराई परखने और 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक की तैयारी को मजबूत करने का अवसर भी होंगे। इसलिए नागोया में भारतीय दल का प्रदर्शन आने वाले वर्षों में भारतीय खेलों की दिशा के लिए महत्वपूर्ण संकेत देगा।

## एक नजर

### यूओयू में गूंजी ढोल-दमाऊ की थाप

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड की लोकसंस्कृति और पारंपरिक वाद्य परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से अपनी धरोहर न्यास की ओर से 20 सितंबर को उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के जनरल बिपिन रावत बहुउद्देशीय सभागार में ढोल–दमाऊ कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक ढोल–दमाऊ की थाप, दीप प्रज्ज्वलन और शगुन आखर से हुआ। डॉ. सोहन लाल की टीम ने गणेश वंदना के साथ ढोल–दमाऊ के विभिन्न तालों और सांस्कृतिक महत्व की प्रस्तुति दी। मोहन लाल की टीम में उनके आठ वर्षीय पौत्र हितेश कुमार ने भी भाग लिया। सुन्दर दास की टीम ने हुड़का वादन प्रस्तुत किया। यू–कॉस्ट महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत ने कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ने में महत्वपूर्ण हैं। कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहानी ने आभार जताया।

# ज्योलिकोट प्रभावितों को हल्द्वानी में मुफ्त इलाज

## आयुष्मान कार्ड हो या न हो, मरीजों से नहीं लिया जाएगा कोई शुल्क, आवश्यकता पर सुशीला तिवारी अस्पताल किया जाएगा रेफर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**नैनीताल।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रश्मि पंत ने अवगत कराया कि ज्योलिकोट प्रभावित क्षेत्र के लोगों को राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय, हल्द्वानी में उपचार की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। मरीजों से उपचार के लिए किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा, चाहे उनके पास आयुष्मान कार्ड हो अथवा नहीं। आवश्यकता पड़ने पर प्रभावित क्षेत्र के मरीजों को बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी रेफर किया जा सकता है।



स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए। –जागरण मोर्चा

मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर ज्योलिकोट एवं आसपास के प्रभावित क्षेत्रों में जलजनित रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार निगरानी, स्वास्थ्य परीक्षण, जांच एवं जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बेलवाखान, गांजा एवं ज्योलिकोट में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए, जहां 87 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यकतानुसार दवाएं वितरित की गईं। इस दौरान 22 लोगों के ब्लड टेस्ट, 69 लोगों की काउंसलिंग तथा 14 लोगों को टेली-कंसल्टेंसी की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इसके अतिरिक्त सचल वाहन द्वारा खुपी क्षेत्र में 43 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ज्योलिकोट में 34 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिनमें से एक मरीज को भर्ती किया गया।

### पीने के पानी के सैंपल की जांच

डॉ. परमजीत सिंह, एचओडी मेडिसिन विभाग, राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी तथा नंदन कांडपाल, एपिडेमियोलॉजिस्ट, आईडीएसपी नैनीताल द्वारा ज्योलिकोट स्थित नैंसी कॉन्वेंट कॉलेज एवं पीपीजेएसवी विद्यालय में पीने के पानी के क्लोरीनेशन से संबंधित 11 सैंपल लिए गए, जो सही पाए गए। इसके अतिरिक्त हाइड्रोजन सल्फाइड जांच के लिए 2 सैंपल लिए गए हैं, जिनकी रिपोर्ट 24 घंटे बाद प्राप्त होगी। डॉ. परमजीत सिंह द्वारा विद्यालय में भोजन तैयार करने वाले कर्मचारियों को विशेष स्वच्छता बनाए रखने, भोजन तैयार करने से पहले एवं बाद में हाथों की साफ–सफाई रखने तथा भोजन की गुणवत्ता एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी गई।

### उपचार एवं लैब रिपोर्टों का विश्लेषण

डॉ. परमजीत सिंह द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ज्योलिकोट में मरीजों को दिए जा रहे उपचार एवं लैब जांच रिपोर्टों का विश्लेषण किया गया। उन्होंने बताया कि मरीजों को सही दिशा में उपचार दिया जा रहा है तथा जांचों में हेपेटाइटिस–ए के मामले अब काफी कम सामने आ रहे हैं। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों को निर्देश दिए कि आवश्यकता पड़ने पर गंभीर अथवा अधिक लक्षण वाले मरीजों को सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय, हल्द्वानी रेफर किया जा सकता है।

### होटल एवं होमस्टे संचालकों से भी स्वच्छता की अपील

साथ ही ज्योलिकोट क्षेत्र के होटल एवं होमस्टे संचालकों से अपील की गई है कि वे स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें तथा अपने यहां कार्यरत कर्मचारियों एवं संबंधित लोगों की स्वास्थ्य जांच प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ज्योलिकोट में अवश्य कराएं। होटल एवं होमस्टे में पेयजल, भोजन की स्वच्छता तथा साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि जलजनित रोगों के संक्रमण की रोकथाम सुनिश्चित की जा सके। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में लगातार स्वास्थ्य परीक्षण, आवश्यक दवाओं का वितरण, जल स्रोतों की जांच, क्लोरीनेशन एवं जनजागरूकता का कार्य किया जा रहा है।

### नागरिकों से विशेष सावधानी बरतने की अपील

नागरिक उबला हुआ पानी पिएं, खाना खाने एवं शौच के बाद साबुन से हाथ अवश्य धोएं, घर एवं आसपास स्वच्छता रखें तथा पानी जमा न होने दें। पर्याप्त पानी, ORS एवं ताजा भोजन का सेवन करें। बच्चों का नियमित टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच तथा डायबिटीज एवं ब्लड प्रेशर की स्क्रीनिंग कराएं। यदि बुखार, भूख कम लगना, आंखों अथवा पेशाब में पीलापन, उल्टी या दस्त जैसे लक्षण दिखाई दें तो बिना देरी किए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ज्योलिकोट पहुंचकर जांच एवं उपचार कराएं। सावधानी ही बचाव है—स्वस्थ रहें, सुरक्षित रहें।

# भव्य झांकियों संग गणेशोत्सव संपन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हल्द्वानी।** देवभूमि सामाजिक मंच द्वारा होली ग्राउंड मंगल पड़ाव में आयोजित श्री गणेश महोत्सव समृद्धि उत्सव में प्रातः कालीन पूजा अर्चना मुख्य पुरोहित विजय जोशी द्वारा पूरे विधि विधान से पूर्ण आहुति के साथ हवन यज्ञ संपन्न कराया जिसमें सह संस्थापक राजकुमार केसरवानी अध्यक्ष मिंटू गुप्ता महामंत्री अजय कृष्ण गोयल कोषाध्यक्ष राजकुमार आनंद सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजक गणेश प्रसाद साहू सपत्नी रहे पूजा अर्चना मे संरक्षक पवन गुप्ता डब्बू विजय गुप्ता श्री राम गुप्ता मुख्य कार्यक्रम संयोजक किशोर वार्ष्णेय मीडिया प्रभारी पंकज अग्रवालकार्यकारी अध्यक्ष मंगल सिंह जीना वरिष्ठ उपाध्यक्ष हिमांशु वार्ष्णेय कमल राजपाल मंत्री सोनू जीना व्यवस्थापक संदीप वार्ष्णेय यश केसरवानी रेनू केसरवानी अनीता आनंद कुसुम गोयल ममता देवी मंजू वार्ष्णेय आदि अनेक लोग उपस्थित रहे इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया शोभा यात्रा बैंड बाजों के साथ नाचते गाते जयकारा लगाते शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए रानी बाग चित्र चित्राशिला घाट पहुंची और वहां विधि-विधान के साथ गार्गी नदी में भगवान श्री गणेश की प्रतिमा विसर्जन की गई शोभा यात्रा का विभिन्न मार्गो में व्यापारियों ने फल बिस्किट पानी और पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया।



भगवान श्री गणेश जी की शोभा यात्रा। –जागरण मोर्चा

## बंधक भूखंडों की रजिस्ट्री निरस्त नहीं करेगा एलडीए

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी में अंसल द्वारा बेचे गए बंधक भूखंडों को एलडीए अवमुक्त करेगा। वैध आवंटियों के हितों को ध्यान में रखते हुए प्राधिकरण ने इन भूखंडों की रजिस्ट्री निरस्त नहीं कराने का निर्णय लिया है। एलडीए जल्द ही नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) के समक्ष परियोजना को पूरा करने का प्रस्ताव प्रस्तुत करेगा। अनुमति मिलने के बाद आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता वाली कैबिनेट में सुशांत गोल्फ सिटी योजना को एलडीए को सौंपने का प्रस्ताव पहले ही पारित हो चुका है। इसके बाद एलडीए ने आवंटियों की रजिस्ट्री और कब्जे से जुड़ी समस्याओं को देखते हुए बंधक संपत्तियों की रजिस्ट्री निरस्त नहीं कराने के आदेश जारी किए हैं।

# ट्रस्ट ने चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** उत्तरांचल जीवन ज्योति ट्रस्ट की ओर से रविवार को सत्रहमील स्थित मझोला चौकी पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान ट्रस्ट के कार्यकर्ताओं ने बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले चालकों को रोककर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया और हेलमेट पहनकर वाहन चलाने की अपील की।




उत्तरांचल जीवन ज्योति ट्रस्ट की ओर से सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया।

ट्रस्ट कार्यकर्ताओं ने वाहन चालकों को बताया कि बिना हेलमेट वाहन चलाना दुर्घटना की स्थिति में गंभीर परिणाम का कारण बन सकता है। सड़क हादसों की रोकथाम और रात के समय वाहनों की दृश्यता बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यकर्ताओं ने दोपहिया वाहनों पर रिफ्लेक्टर भी लगाए। इस दौरान सत्रहमील चौकी प्रभारी किशोर पंथ के नेतृत्व में पुलिस टीम मौजूद रही। पुलिस कर्मियों ने भी वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित तरीके से वाहन चलाने की अपील की। ट्रस्ट अध्यक्ष ईश्वर सिंह ने कहा कि संस्था का उद्देश्य लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि हेलमेट पहनना प्रत्येक दोपहिया वाहन चालक की सुरक्षा के लिए जरूरी है। रात के समय वाहनों को दूर से दिखाई देने में मदद मिले, इसके लिए रिफ्लेक्टर लगाए गए हैं। ट्रस्ट उपाध्यक्ष अमित कुमार ने कहा कि अभियान के माध्यम से सड़क सुरक्षा का संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं ओमप्रकाश निषाद बाबा ने ट्रस्ट के इस प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर ट्रस्ट की कोषाध्यक्ष शशिकला, महामंत्री सपन विश्वास, कुमारी ममता, वंदना तोमर, संजय कुमार, दिनेश कोहली, पीयूष राणा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खटीमा में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई राधाष्टमी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** राधाष्टमी के अवसर पर खटीमा क्षेत्र में कई स्थानों पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। मंदिरों में राधा-कृष्ण की पूजा-अर्चना कर भक्तों ने सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। राधाष्टमी को लेकर सुबह से ही विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं ने राधा रानी और भगवान श्रीकृष्ण के विग्रहों का विधि-विधान से पूजन किया। कई स्थानों पर भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया। श्रद्धालुओं ने राधा रानी के जयकारे लगाए। कार्यक्रमों के दौरान श्रद्धालुओं को राधा-कृष्ण की भक्ति और उनके प्रेम के महत्व के बारे में बताया गया। पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।



राधा की वेशभूषा में सजी बच्ची।

ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोगों ने परिवार के साथ मंदिर पहुंचकर राधाष्टमी पर्व मनाया। बच्चे राधा रानी की वेशभूषा में नजर आए। राधाष्टमी के चलते क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों में विशेष सजावट की गई थी। दिनभर धार्मिक आयोजनों का सिलसिला जारी रहा और श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रमों में भाग लिया।

# उक्रांद का झनकट में चुनाव प्रचार कार्यालय खुला

## कार्यकर्ता बैठक में कई बिन्दुओं पर चर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** उत्तराखंड क्रांति दल के झनकट बाजार में चुनाव कार्यालय का विधिवत लोकार्पण किया गया। उक्रांद के खटीमा जिला अध्यक्ष हरेंद्र प्रसाद उत्तराखंडी, केन्द्रीय अध्यक्ष उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी प्रकोष्ठ शिव शंकर भाटिया व केन्द्रीय महामंत्री गोविंद सिंह बिष्ट की देखरेख में चुनाव कार्यालय को लोकार्पण हुआ। इस दौरान आयोजित कार्यकर्ता बैठक में उक्रांद नेताओं के दल की नीति एवं रीति पर चर्चा की।

वक्ताओं ने कहा कि राज्य गठन के बाद प्रदेश में सरकार बनाने वाली राष्ट्रीय पार्टियों ने राज्य की जनता की भावनाओं पर कुठाराघात किया है। उत्तराखंड के जंगल, जल व युवाओं का उपयोग राज्यहित में नहीं हो सका। राज्य गठन के बाद राजधानी गैरसैंण के मामले को दोनों पार्टियों की सरकारों ने हांसिये पर डाल दिया है। पहाड़ के विकास की बात करने वाले राजनेता अब पहाड़ के पलायन की बात तक नहीं करते हैं। वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस व भाजपा के शासन से अब उत्तराखंड की जनता उब चुकी है। वह प्रदेश हित की बात करने वाले उक्रांद को सत्ता सौंपना चाहती है।

इसके लिए उक्रांद को मजबूती से जनहित के मामलों को उठाकर उनके समाधान के लिए संघर्ष करना होगा। प्रदेश में मची लूट-खसूट को सिर्फ उक्रांद की सरकार ही रोक सकती है। उन्होंने इसके लिए आम जनता के साथ मिलकर संघर्ष करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कैलाश सिंह पांगती नानकमत्ता विधायक प्रत्याशी, पंकज सिंह मनोला केन्द्रीय उपाध्यक्ष, कैलाश भट्ट केंद्रीय संगठन मंत्री, पार्वती विश्वास, जोत सिंह मनोला, रमेश सिंह मनोला, शंकर चंद, हरीश सिंह, कल्याण सिंह बोरा, शहाबुद्दीन अंसारी, दुर्गा सिंह सामंत, किरन, हीरा सिंह मनोला, देवदास सिंह राणा आदि मौजूद थे।




उक्रांद चुनाव प्रचार कार्यालय के लोकार्पण पर मौजूद पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

# जिपंअ अजय मौर्य ने किया गौशाला का निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य ने क्षेत्र में लगभग साढ़े 8 करोड़ की लागत से नवनिर्मित गौशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला परिसर में उपलब्ध होने वाली सुविधाओं का गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने टीन शेड, चारे-पानी की व्यवस्था एवं साफ सफाई के लिए बनाई गई नालियों आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिपंअ मौर्य ने संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि गौशाला के लोकार्पण से पहले छोटी-मोटी कमियां तत्काल दूर की जाए। उन्होंने गौशाला में पर्याप्त चारा, पानी, साफ-सफाई के साथ ही अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा जाए। निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक अधिकारी विनोद भारती, पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष बलराज सिंह, क्रय-विक्रय समिति उपाध्यक्ष वीरेंद्र मौर्य, गुरप्रीत सिंह खिंडा, सतीश मौर्य, देवेंद्र सिंह रिंकू, शशांक रघुवंशी, नरेंद्र सिंह बिष्ट आदि सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।



टीम के साथ निरीक्षण करते जिपंअ अजय मौर्य।

**समस्या** — सीएम के कार्यक्रम में ड्यूटी के दौरान महिला पुलिसकर्मी भी रहती हैं परेशान

# नगर के 16 वर्ग किमी क्षेत्र में सुलभ शौचालय का टोटा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** नगर की सीमा वृद्धि के साथ ही आम जनता को नगर सीमा के अंतर्गत सुलभ शौचालय जैसी बुनियादी सुविधा नहीं मिल सकी। नगर के पुराने कुछ शौचालय अतिक्रमण हटाओ अभियान में जमीदोज हो गए। वहीं कुछ शौचालयों में अतिक्रमण, तो एक आध शौचालय मरम्मत एवं रखाव के अभाव में अपनी वास्तविकता खो चुके हैं। नगर सीमा के अंतर्गत सुलभ शौचालयों को लेकर नगर पालिका प्रशासन सहित स्थानीय प्रशासन भी संवेदनहीन प्रतीत होता है। कहने को यहां स्टेशन रोड़ ऊर्जा निगम के उपखंड अधिकारी कैंपस के सामने एक पुराना शौचालय जर्जर हालत में है। कंजाबाग तिराहे के समीप कृषि विभाग के कार्यालय के पास विकासखंड द्वारा लगभग 6 लाख की लागत से निर्मित शौचालय मार्ग के अभाव में बंद है। तहसील परिसर पर बना सुलभ शौचालय यदा कदा ही खुलता है। इसके अतिरिक्त पुराने अस्पताल व ब्लॉक कैंपस के बीच मुख्य मार्ग की ओर 2 वर्ष पूर्व एक पिंक शौचालय का निर्माण हुआ था। लेकिन वह अभी तक बंद पड़ा है। नगर सीमा के अंतर्गत शौचालयों के अभाव के चलते ग्रामीण क्षेत्र से नगर में आने वाली महिलाओं को बड़ी असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। मुख्यमंत्री के यहां आए दिन लगने वाले कार्यक्रमों में प्रदेश के विभिन्न स्थानों से महिला पुलिस कर्मी ड्यूटी पर तैनात रहती हैं। उन्हें भी सीएम के गृह क्षेत्र में शौचालय संबंधित असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। नगर में संचालित पेट्रोल पंपों के शौचालय को आम जनता के इस्तेमाल के सरकार के प्रयास के बाद भी लोग इसका इस्तेमाल नहीं कर पाते हैं। पेट्रोल पंपों के शौचालय भी महज खानापूर्ति के निर्मित व संचालित होते हैं। नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने शौचालय के लिए भूमि का अभाव बताया। उन्होंने बंद चल रहे पिंक शौचालय के संबंध में बताया की कर्मचारी की व्यवस्था होने पर उसे चालू किया जाएगा। उप जिलाधिकारी तुषार सैनी ने नगर में शौचालय की अव्यवस्थाओं के संबंध में बताया कि तहसील कैंपस में लगे शौचालय को नियमित खोलने तथा पिक शौचालय के संचालन के संबंध में नगर पालिका को निर्देशित करने की बात की।




दो वर्ष बने पिंक शौचालय में लटका ताला।

## संस्थानों की खाली जमीन पर बनेंगे स्थाई हेलीपैड

**लखनऊ।** प्रदेश में सभी जिला, तहसील और ब्लाक मुख्यालयों के आसपास स्थाई हेलीपैड बनाए जाएंगे। मानक के अनुसार भूमि उपलब्ध कराने में आ रही दिक्कतों को देखते हुए शासन ने अब इंटर व डिग्री कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, सरकारी अस्पतालों और अन्य संस्थानों की खाली पड़ी जमीन का उपयोग करने का निर्णय लिया है। जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे संबंधित संस्थानों के अधिकारियों एवं प्रबंधन से समन्वय कर स्थाई हेलीपैड निर्माण के प्रस्ताव शासन को भेजें। जहां भी उपयुक्त भूमि उपलब्ध होगी, वहां लोक निर्माण विभाग हेलीपैड का निर्माण कराएगा। इस व्यवस्था से जिला, तहसील और ब्लाक मुख्यालयों के आसपास हवाई संपर्क सुविधाओं के विस्तार में मदद मिलने की उम्मीद है।

# वार्ड छह में दो नवनिर्मित सड़कों का लोकार्पण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** नगर पालिका द्वारा वार्ड संख्या छह में निर्मित दो सड़कों का नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने विधिवत लोकार्पण किया। सड़क निर्माण पूरा होने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। लोकार्पण वाली सड़कों में लोहियाहेड रोड से भीम जोशी के घर तथा वीरपाल मौर्य के घर से सीमा मौर्य के घर तक की सड़कें शामिल हैं। लोकार्पण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ने वार्डवासियों से मुलाकात कर उन्हें सड़क निर्माण पूरा होने पर बधाई देते हुए कहा कि नगर क्षेत्र में विकास कार्यों को आवश्यकता के अनुसार प्राथमिकता से कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नागरिकों को बेहतर सड़क, सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नगर पालिका लगातार प्रयास कर रही है। वार्डवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नगर पालिका का आभार जताया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने अध्यक्ष से विभिन्न समस्याओं और विकास कार्यों को लेकर चर्चा भी की। कार्यक्रम में सभासद दौलत सिंह राणा, नवीन मौर्य, पवन राम, विलास सोमपाल, गंगा चरण, तोताराम, ओंकार, कीर्ति देवी, ममता देवी, शिवानी, फूल देवी, रेनू, रजनी, सुनीता, सीमा देवी, अर्जुन, मुन्ना, नरेंद्र शर्मा, राम सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।



नवनिर्मित सड़कों का लोकार्पण करते पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी।

## एक नजर

### हॉस्टल में खराब खाने की शिकायत, सेंट्रल मेस का घेराव कर छात्रों का प्रदर्शन

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रावास की मेस में बनने वाले खाने की खराब गुणवत्ता और आए दिन कम पड़ रहे भोजन की शिकायत को लेकर रविवार को छात्रों ने सेंट्रल मेस का घेराव कर प्रदर्शन किया। काफी देर तक चले प्रदर्शन के दौरान हबीबुल्लाह हॉस्टल के छात्रों ने मेस में रखी सब्जियों, मटर समेत अन्य खाद्य सामग्री की गुणवत्ता पर सवाल उठाए और कुछ सामग्री बाहर फेंक दी। सूचना पर पहुंचे प्रॉक्टर और प्रोवोस्ट समेत अन्य अधिकारियों ने छात्रों को समझाकर आठ सदस्यीय छात्रों की कमेटी गठित की जिसकी निगरानी हॉस्टल के छात्र ही करेंगे। साथ ही मेस मैनेजर को बुलाकर कम पड़ रहे राशन को लेकर हिदायत भी दी।

# उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का पुरनपुर में संगठन का हुआ विस्तार

## विपिन वर्मा ,प्रफुल्ल मिश्रा , और पवन बने ज़िला उपाध्यक्ष , गौरव को युवा नगर अध्यक्ष की कमान

जागरण मोर्चा कार्यालय



कार्यक्रम में मौजूद व स्वागत करते व्यापारी।



-जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष एम. ए. जिलानी ने संगठन को मजबूती प्रदान करने एवं व्यापारियों के हित में कार्य को गति देने के उद्देश्य से पूरनपुर में संगठन का विस्तार किया है। संगठन के जिला अध्यक्ष एम. ए. जिलानी ने पूरनपुर में व्यापारियों की बैठक में निर्णय लेते हुए विपिन वर्मा, प्रफुल्ल मिश्रा तथा पवन वीर सिंह को जिला उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। इसके साथ ही व्यापार मंडल के युवा पंख को मजबूती देने के लिए गौरव गुप्ता को युवा नगर अध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। नवनियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए जिलाध्यक्ष एम. ए. जिलानी ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा आज की यह बैठक केवल एक औपचारिक सम्मेलन नहीं है, बल्कि पूरनपुर के व्यापारिक हित, हमारी एकजुटता और संगठन के भविष्य को एक नई दिशा देने का संकल्प दिवस है। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल केवल एक संगठन नहीं है, यह पूरनपुर के हर छोटे-बड़े व्यापारी की ढाल है। जब भी किसी व्यापारी पर संकट आता है, जब भी प्रशासन या किसी व्यवस्था से व्यापारी खुद को असहाय पाता है, तो वह सबसे पहले हमारी ओर उम्मीद भरी नजरों से देखता है। और यह उम्मीद, यह भरोसा ही हमारी असली ताकत है। साथियों, पद मिलना एक सम्मान है, लेकिन उस पद को सिद्ध करना एक जिम्मेदारी है। आज हमारे बीच कई नए साथी भी इस परिवार से जुड़ रहे हैं। मैं आप सभी का इस संगठन में हृदय से स्वागत करता हूँ। लेकिन इसके साथ ही एक कड़वा सच भी हम सबको स्वीकार करना होगा— "पद तो कोई भी हासिल कर सकता है, लेकिन पहचान केवल काम से मिलती है।" यदि हम केवल विजिटिंग कार्ड पर अपना पद छपवाने या मंच पर माला पहनाने तक सीमित रहेंगे, तो न तो संगठन मजबूत होगा और न ही व्यापारियों का भला हो पाएगा। समाज और संगठन में नाम नेम प्लेट से नहीं, आपके द्वारा किए गए संघर्ष और योगदान से बनता है। जो धरातल पर उतरकर व्यापारियों के हक के लिए लड़ेगा, वही असली नेता कहलाएगा। ज़िला महामंत्री पंकज अग्रवाल ने अपने सम्बोधन में कहा अकेले कप्तान से कोई मैच नहीं जीता जाता; पूरी टीम को मैदान में पसीना बहाना पड़ता है। पुराने पदाधिकारियों से मेरा अनुरोध है आप अपने अनुभव का लाभ नए साथियों को दें, उनका मार्गदर्शन करें और संगठन की निष्ठा को आगे बढ़ाएं। पूरनपुर नगर अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला ने नए पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा सभी पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी को समझें। व्यापारियों की समस्याओं को सुनें, उनके सुख-दुख में खड़े हों और संगठन के निर्देशों का तत्परता से पालन करें। याद रखिए, संगठन की मजबूती का राज इस बात में है कि जब पूरनपुर के किसी भी व्यापारी को आधी रात को भी मदद की जरूरत हो, तो हमारा पदाधिकारी सबसे पहले उसके साथ खड़ा दिखे। प्रदेश मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा आज हम सबको यह संकल्प लेंना होगा हम केवल पदधारक नहीं, बल्कि जिम्मेदारी निभाने वाले कार्यकर्ता बनेंगे ,व्यापारी एकता को सर्वोपरि रखेंगे ,पूरनपुर के हर व्यापारी की आवाज को शासन और प्रशासन तक मजबूती से पहुंचाएंगे। युवा ज़िला अध्यक्ष शैली शर्मा ने कहा जब हम सब अपनी-अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाएंगे, तो उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल पूरनपुर न केवल जिले में, बल्कि पूरे प्रदेश में एक मिसाल बनेगा। शेरपुर नगर अध्यक्ष सलमान ख़ान ने सभी का स्वागत करते हुए व्यापारी हित में कार्य करने के लिए मिल कर कार्य करने को कहा । बैठक में कार्यक्रम में प्रदीप शुक्ला प्रफुल्ल मिश्रा ,विपिन वर्मा सराफ गौरव गुप्ता ,बृजेश शुक्ला ,रवि जायसवाल अनुपम अवस्थी सैयद जफर अली ,आसिफ खान ,पुष्पेंद्र शर्मा ,गौरव पांडे ,अनुराग दीक्षित ,नाहिद ख़ान ,राशिद अंसारी ,सुनील मिश्रा ,कंचन सक्सेना , शोभनीय सिंह ,गुंजन सक्सेना ,शालिनी गुप्ता ,आसिफ अंसारी ,रवि वर्मा ,राम गोपाल कक्कड़ सौरभ पाल ,जैगम खान ,सलमान खान शादाब कुरेशी ,ठाकुर श्याम सिंह ,हसमत अली ,एजाज वेरी सैफुल हसन ,आरिफ खान सलीम ,असलम , रजत सक्सेना ,अनुराग गुप्ता ,कुलदीप सनाढ्य सुरेंद्र सिंह सोनू रूशान अहमद विवेक खंडेलवाल प्रदीप गुप्ता वैभव सक्सैना डॉ उमाशंकर मनोज पांडे अनिल पांडे के अलावा सैकड़ो व्यापारियों ने हिस्सा लिया

# पीलीभीत में साइबर ठगी का बड़ा खुलासा, दो बैंक खातों से 60 करोड़ का ट्रांजेक्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय




पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

-जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** पीलीभीत में साबइर ठगी का अब तक का सबसे बड़ा मामला पकड़ा गया है। फिलहाल अभी 60 करोड़ के ट्रांजेक्शन की बात सामने आई है, लेकिन इसे 100 करोड़ के आसपास माना जा रहा है। आरोप है कि सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का झांसा देने से लेकर अन्य तरीके से ठगी की जा रही थी। पुलिस ने दो जालसाजों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के बैंक खातों से करीब 60 करोड़ के लेनदेन की बात पकड़ में आई है।

जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम गौनेरीदान निवासी दानिश ने 30 जुलाई को जहानाबाद थाने में तहरीर देकर बताया था कि लोन दिलाने के नाम पर मोहसिन ने उसके आधार, पैन और अन्य दस्तावेज लिए थे। बाद में उसके नाम से बैंक खाते खुलवाकर एटीएम और चेकबुक अपने पास रख ली गईं। खातों में संदिग्ध लेन-देन की जानकारी मिलने पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

जांच आगे बढ़ाते हुए पुलिस ने इन खातों का साइबर शिकायतों से मिलान कराया। प्रारंभिक जांच में देश के अलग-अलग राज्यों से करीब 200 शिकायतें ऐसे खातों से जुड़ी मिलीं। कड़ी से कड़ी मिलाते हुए पुलिस ने जहानाबाद क्षेत्र के मोहल्ला बिलई निवासी मोहसिन पुत्र मोहम्मद अमजद और उसके साथ राहुल पुत्र मेघनाथ निवासी हरवंशपुर लक्ष्मनियापुर थाना भोजीपुरा बरेली को गिरफ्तार किया।

पकड़े गए आरोपियों से आरोपियों के कब्जे से एक लैपटॉप, छह मोबाइल फोन, 16 कूटरचित आधार कार्ड, 10 एटीएम कार्ड, सात चेकबुक और 10 बैंक पासबुक बरामद हुई हैं। बरामद दस्तावेज उन्हीं लोगों के हैं, जिनके नाम पर खाते खुलवाए गए थे।

जांच में सामने आया कि आरोपियों का नेटवर्क लोगों को सरकारी योजना में लाभ दिलाने का लालच देकर उनके दस्तावेज लेने के बाद खाते खुलवाता था। इसके बाद खाते और बैंकिंग दस्तावेज दूसरे लोगों को उपलब्ध करा दिए जाते थे। जिसके एवज में उन्हें मोटी कमीशन मिलती थी। कुछ मामलों में खातों के साथ फर्म भी रजिस्टर कराई जाती थी, ताकि उनमें बड़ी रकम का लेन-देन किया जा सके।

प्राप्त शिकायतों के आधार पर करीब पांच लाख से अधिक की धनराशि को होल्ड कराया गया है। रविवार को सीओ सदर नताशा गोयल ने प्रेसवार्ता कर खुलासा किया। जिसके बाद दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया। वहीं इस प्रकरण से जुड़े आरोपी विशाल मौर्या और फरमान पुत्र अफसर खां निवासी हरवंशपुर थाना भोजी पुरा बरेली की भूमिका भी सामने आई है। जिनकी गिरफ्तारी के लिए टीमें लगी हुई है। पुलिस के मुताबिक गिरोह 47 बेट गेमिंग प्लेटफॉर्म और विभिन्न इन्वेस्टमेंट प्लान के जरिये लोगों को रकम लगाने पर मुनाफे का लालच देता था। ठगी की रकम इन म्यूल खातों में पहुंचती थी। इसके बाद खाते संचालित करने वाले लोग रकम को आगे ट्रांसफर करते थे। जांच में राहुल के बैंक खाते से संबंधित राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर 34 शिकायतें मिली हैं। पिछले दो वर्षों में इन खातों से करीब 28 करोड़ रुपये का लेन-देन हुआ। मोहसिन के खाते से संबंधित 15 शिकायतें मिलीं, जिनमें करीब 32 करोड़ रुपये के लेन-देन की जानकारी सामने आई है। इसके अलावा हारुन के खाते से संबधित 85 शिकायतें मिली।जिनमें करीब 42.54 करोड़ के लेने देन सामने आया है। जांच के दौरान पुलिस को ऐसे कई स्थानीय बैंक खाते मिले, जिन्हें कथित तौर पर दूसरे लोगों के दस्तावेजों से खुलवाया गया था। पुलिस के मुताबिक इन खातों में साइबर फ्रॉड से संबंधित 50 लाख रुपये से अधिक की रकम जमा और निकासी का प्रारंभिक पता चला है। अब इन खातों की पूरी मनी ट्रेल खंगाली जा रही है। बरामद मोबाइल और लैपटॉप का फॉरेंसिक परीक्षण भी कराया जा रहा है। पुलिस म्यूल अकाउंट उपलब्ध कराने वालों, रकम के लाभार्थियों और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान में जुटी है।

## संक्षेप समाचार

### यूपी नीट यूजी-2026: दूसरे चरण की काउंसलिंग का संशोधित कार्यक्रम जारी, 21 सितंबर से च्वाइस फिलिंग

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा के विस्तार और मेडिकल शिक्षा में प्रवेश प्रक्रिया को पारदर्शी एवं निर्धारित नियमों के अनुरूप संचालित करने की दिशा में यूपी नीट यूजी-2026 की दूसरे चरण की ऑनलाइन काउंसलिंग का संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार राज्य के राजकीय एवं निजी क्षेत्र के मेडिकल एवं डेंटल कॉलेजों तथा चिकित्सा विश्वविद्यालयों में संचालित एमबीबीएस/बीडीएस पाठ्यक्रम की स्टेट कोटे की सीटों पर प्रवेश के लिए दूसरे चरण की काउंसलिंग की प्रक्रिया निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार आगे बढ़ेगी। आधिकारिक यूपी नीट पोर्टल पर भी दूसरे चरण की काउंसलिंग से संबंधित अधिसूचना उपलब्ध है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार दूसरे चरण की मेरिट सूची 21 सितंबर, 2026 को जारी होगी। इसके बाद अभ्यर्थी 21 सितंबर को अपराह्न 2 बजे से 24 सितंबर को पूर्वाह्न 11 बजे तक ऑनलाइन च्वाइस फिलिंग कर सकेंगे। सीट आवंटन परिणाम 25 सितंबर को जारी किया जाएगा। सीट आवंटित होने वाले अभ्यर्थी 26 सितंबर से 1 अक्टूबर, 2026 तक आवंटन पत्र डाउनलोड कर प्रवेश की प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे। महानिदेशालय ने स्पष्ट किया है कि दूसरे चरण में सीटों का आवंटन दूसरे चरण की मेरिट सूची के आधार पर किया जाएगा। काउंसलिंग के लिए पहले से निर्धारित नियम एवं शर्तें लागू रहेंगी। शासन के दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि प्रथम चरण की काउंसलिंग के माध्यम से सरकारी एवं निजी क्षेत्र के मेडिकल कॉलेजों/चिकित्सा विश्वविद्यालयों में जिन अभ्यर्थियों ने प्रवेश ले लिया है, उनका प्रवेश यथावत रहेगा। इससे प्रथम चरण में दाखिला लेने वाले अभ्यर्थियों को बड़ी राहत मिली है।शासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि 4 राजकीय मेडिकल कॉलेजों में विशेष आरक्षण व्यवस्था से संबंधित मामलों में इलाहाबाद हाईकोर्ट तथा सुप्रीम कोर्ट में लंबित प्रकरणों को ध्यान में रखते हुए संबंधित निर्णयों के अनुरूप आगे की कार्रवाई की जाएगी। महानिदेशालय ने अभ्यर्थियों से नीट यूजी-2026 काउंसलिंग से जुड़ी अद्यतन जानकारी के लिए विभागीय वेबसाइट upneet .gov .in और dgme .up .gov .in को नियमित रूप से देखने की अपील की है। योगी सरकार के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा के बुनियादी ढांचे और मेडिकल कॉलेजों की उपलब्धता बढ़ाने पर जोर दिया गया है। वर्तमान यूपी नीट यूजी-2026 काउंसलिंग पोर्टल पर प्रदेश के अनेक राजकीय एवं निजी मेडिकल संस्थान सूचीबद्ध हैं। इस पूरी प्रक्रिया का उद्देश्य न्यायालयीन निर्देशों, शासन के निर्णयों और निर्धारित आरक्षण व्यवस्था के अनुरूप काउंसलिंग प्रक्रिया को आगे बढ़ाना है।

### सहारनपुर करेंसी चेस्ट प्रकरण में एनआईए ने दो और आरोपियों को दबोचा, अब तक चार आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ।** 29 अगस्त 2026 को सहारनपुर के थाना सदर बाजार को पंजाब नेशनल बैंक के करेंसी चेस्ट से 17 .29 करोड़ रुपये कीमत के नकली भारतीय नोट मिलने की जानकारी मिली थी। एनआईए ने जांच टेकओवर करने के बाद गिरफ्तारियां की हैं। सहारनपुर में पंजाब नेशनल बैंक करेंसी चेस्ट में नकली नोट रखने की साजिश के मामले में नेशनल इंवेस्टीगेशन एजेंसी (एनआईए) ने दो और मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अब तक इस मामले में चार आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। एनआईए द्वारा रविवार को दबोचे गए आरोपियों में सहारनपुर के थाना सदर स्थित हसनपुर गांव निवासी मुकेश कुमार और थाना सरसावा के कल्याणपुर गांव निवासी राजेंद्र कुमार शामिल है। दोनों मुख्य आरोपी आदेश चौधरी के करीबी सहयोगी हैं। एनआईए के मुताबिक 29 अगस्त 2026 को सहारनपुर के थाना सदर बाजार को पंजाब नेशनल बैंक के करेंसी चेस्ट से 17 .29 करोड़ रुपये कीमत के नकली भारतीय नोट मिलने की जानकारी मिली थी। जांच के दौरान बैंक के 3 कर्मचारियों की भूमिका सामने आने पर उन्हें बैंक ने निलंबित कर दिया था। बाद में 3 सितंबर को इस मामले की जांच एनआईए ने टेकओवर की थी और एफआईआर में नामजद दो आरोपियों अमित कुमार और आदेश चौधरी को गिरफ्तार किया था।

# लाखों खर्च के बाद भी कूड़ा निस्तारण व्यवस्था बेपटरी, गांवों में गंदगी के ढेर

जागरण मोर्चा कार्यालय



ग्राम कुसमा में आरआरसी केंद्र पर खेलते बच्चे। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** ग्राम पंचायतों को गंदगी से मुक्त करने और कूड़े का स्थायी निस्तारण के लिए लाखों रुपये खर्च कर बनाए गए आरआरसी (रिसोर्स रिकवरी सेंटर) प्रभावी साबित नहीं हो रहे है। इनके नियमित संचालन नहीं होने से गांवों में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हैं। कूड़ा निस्तारण व्यवस्था बेपटरी होने से स्वच्छता अभियान को झटका लगा है। आरआरसी से गांवों की तस्वीर बदलने और कूड़े के बेहतर प्रबंधन का दावा किया गया था, लेकिन फिलहाल हकीकत इससे उलट है। ग्रामीणों के अनुसार, अधिकांश ग्राम पंचायतों में आरआरसी का नियमित संचालन नहीं हो रहा है। कहीं केंद्र बंद पड़े हैं तो कहीं उनका इस्तेमाल ही नहीं हो रहा। बरखेड़ा ब्लॉक के गांव कुसुमा में तैयार कूड़ा निस्तारण केंद्र तो नहीं बन सका, लेकिन बच्चों के लिए खेल का स्थान जरूर बन गया। दोपहर के समय गांव के बच्चे धूप से बचकर इस स्थान पर ही खेलते हैं। ललौरीखेड़ा ब्लॉक की ग्राम पंचायत गाजीपुर मुगल में इसका निर्माण कराया गया है, लेकिन इस कूड़ा निस्तारण केंद्र का संचालन ही नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार निर्माण के बाद इसका संचालन नहीं हो सका है। दियोराजपुर में केंद्र खुद बना कूड़ा बरखेड़ा ब्लॉक के ही गांव दियोराजपुर में ग्राम पंचायत को स्वच्छ बनाए जाने के लिए इसका निर्माण कराया गया, लेकिन इसका संचालन नहीं हो सका। आलम यह है कि सेंटर खुद ही कूड़ा सा लग रहा है।

# अंसल के आवंटियों के लिए खुशखबरी निरस्त नहीं होंगे आवंटित 2747 भूखंड

जागरण मोर्चा कार्यालय




**लखनऊ।** अंसल एपीआई कंपनी की शहीद पथ स्थित सुशांत गोल्फ सिटी हाईटेक टाउनशिप के 2747 भूखंडों की रजिस्ट्री एलडीए निरस्त नहीं करेगा। इससे उन आवंटियों को बड़ी राहत मिली है जिन्हें अपनी रजिस्ट्री निरस्त होने की चिंता सता रही थी। एलडीए ने घर खरीदारों के हितों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया है। शासन ने 15 सितंबर को हुई कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी।

एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार ने बताया कि अंसल प्रॉपर्टी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने एलडीए के पास कुल 3489 भूखंड गारंटी के तौर पर बंधक रखे थे। टाउनशिप की शर्तों के अनुसार ये भूखंड इसलिए बंधक थे ताकि अंसल यदि कार्य न करे तो एलडीए उन्हें बेचकर कॉलोनी का विकास कर सके। नियमानुसार बंधक भूखंडों को एलडीए की अनुमति के बिना बेचा नहीं जा सकता था। कंपनी ने धोखाधड़ी से इनमें से कुछ भूखंड काटकर बेच दिए थे। रजिस्ट्री निरस्त होने से आवंटी अधर में फंस जाते। इसलिए एलडीए ने भूखंडों को अवमुक्त करने का प्रस्ताव शासन को भेजा था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में इसे मंजूरी मिली। एलडीए वीसी ने बताया कि एलडीए को अंसल के विकसित क्षेत्र में पूर्णता प्रमाण पत्र (कंप्लीशन सर्टिफिकेट) जारी करने की अनुमति मिल गई है। इससे बंधक भूखंडों को अवमुक्त करने का रास्ता साफ हो गया है। टाउनशिप के अर्ध विकसित और अविकसित क्षेत्रों का विकास कार्य एलडीए पूरा कराएगा।

**पीलीभीत टाइगर रिजर्व**

**नेपाली हाथियों के पारंपरिक रास्ते अतिक्रमण के कारण हो गए बाधित**

# पुराने कॉरिडोर पर अतिक्रमण से भटक रहे हाथी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पीलीभीत।** पीलीभीत टाइगर रिजर्व में नेपाली हाथियों के पारंपरिक रास्ते अतिक्रमण के कारण बाधित हो गए हैं। इससे हाथी आबादी और खेतों में घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे मानव-हाथी संघर्ष का खतरा बढ़ रहा है।

नेपाल से तराई के जंगलों में आने वाले हाथियों का पीलीभीत टाइगर रिजर्व की बराही और हरीपुर रेंज से दशकों पुराना रिश्ता रहा है। हाथी जंगल में पहुंचने के बाद कुछ दिन विचरण करते थे और फिर वापस चले जाते थे। हालांकि, वर्षों से वन भूमि पर बढ़ते अतिक्रमण और मानवीय दखल के कारण हाथियों के आवागमन वाले रास्ते प्रभावित हुए हैं। इससे हाथी भटककर आबादी और खेतों की ओर पहुंचने लगे हैं।

शारदा नदी के पार रमनगरा, गुन्हान, ढकिया ताल्लुके महाराजपुर और भूरा गोरख डिब्बी का क्षेत्र भी हाथियों के पारंपरिक कॉरिडोर के रूप में जाना जाता था। पिछले छह माह से नेपाली हाथियों का बराही, महोफ और माला रेंज के जंगल में चहलकदमी का सिलसिला जारी है। जंगल के अंदर विभागीय संसाधनों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। वहीं, जंगल से बाहर निकलकर भी हाथी फसलों और झोंपड़ियों को रौंद रहे हैं। हाथियों की निगरानी वन विभाग के लिए चुनौती बनी हुई है। विभाग की ओर से निगरानी के लिए टीमें लगाई गई हैं।

डीएफओ भरत कुमार डीके के मुताबिक, हाथियों का रूट तो पुराना है। इसकी पूरी रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारियों को भेजी जा रही है। मुआवजे की प्रक्रिया पर भी अमल किया जा रहा है। वर्तमान में हाथी शारदा पार जा चुके हैं। शारदा नदी के पार का जंगल कभी नेपाली हाथियों के लिए प्रमुख वासस्थल माना जाता था, लेकिन वर्षों पहले वन भूमि पर अतिक्रमण शुरू होने के बाद स्थिति बदलने लगी। शुरुआती दौर में वन विभाग ने अतिक्रमण रोकने के प्रयास किए, लेकिन बाद में कार्रवाई ठंडे बस्ते में चली गई। संयुक्त सीमांकन की प्रक्रिया के बीच अतिक्रमण का दायरा बढ़ता गया। वासस्थल प्रभावित होने से हाथी उन्हीं इलाकों में खेतों को नुकसान पहुंचाने लगे, जहां पहले उनकी मौजूदगी रहती थी।

## आदेश के बाद नई तैनाती पर न जाने वाले चार सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों पर कार्रवाई

**लखनऊ।** तबादले के बाद भी नई तैनाती पर न जाने वाले नगर निगम के चार सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों पर कार्रवाई की तलवार लटक गई है। इसके साथ उनका वेतन भी फंस गया है। अब सितंबर माह का वेतन नगर निगम से जारी करने पर रोक लगा दी गई है। यह वेतन अब नई तैनाती स्थल से ही निकलेगा। इसको लेकर निदेशक नगर निकाय निदेशालय की ओर से आदेश भी जारी कर दिया गया है। करीब तीन महीने पहले शासन ने नगर निगम के पांच सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को स्थानांतरण नगर निगम से किया था। आदेश जारी होने के बाद भी अब तक निरीक्षकों ने नई तैनाती स्थल पर कार्यभार नहीं ग्रहण किया। यह यहीं पर जमे हैं। इससे नाराज नगर निकाय निदेशालय की ओर से सख्त रुख अपनाया गया है। जिसके बाद अब एक कड़ा आदेश निदेशक अनुज कुमार झा की ओर से जारी किया गया है।

# मौसम विभाग ने की प्रदेश से मानसून विदा होने की घोषणा, अब होगी सिर्फ छिटपुट बारिश

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** यूपी से मानसून विदा होने जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार 21 सितंबर के बाद कुछ जिलों में छिटपुट बारिश हो सकती है लेकिन यह भारी मानसूनी बरसात नहीं होगी। यूपी के साथ देश के कई और राज्यों से सितंबर के अंतिम सप्ताह तक मानसून विदाई ले सकता है।

प्रदेश में मौसम की स्थिति लगातार बदल रही है। इसको लेकर मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार ने बताया कि शनिवार को प्रदेश के केंद्रीय भागों कानपुर, लखनऊ, बाराबंकी आदि क्षेत्रों में बारिश हुई जबकि आज दक्षिण पूर्वी क्षेत्रों बनारस, प्रयागराज में बारिश की संभावना है। बाकी के क्षेत्रों में मौसम सामान्य रहेगा। हालांकि कुछ क्षेत्रों में बादलों की आवाजाही बनी रहेगी। अतुल कुमार ने बताया कि निचले एवं मध्य क्षोभमंडल में प्रदेश के उत्तर पूर्वी भाग से उत्तर पूर्वी अरब सागर तक जा रही द्रोणी के कारण अरब सागर से आ रही नमी के अतिरिक्त प्रदेश के उत्तरी पश्चिमी भाग पर अवस्थित पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आज प्रदेश में कुछ स्थानों पर हुई हल्की से मध्यम वर्षा हुई। इसके साथ ही शनिवार को पश्चिमी राजस्थान से मानसून वापसी आरंभ होने के साथ ही 20 सितंबर से पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं 21 सितंबर को पूरे प्रदेश में वर्षा का वर्तमान दौर थम जाएगा। इसके उपरांत उत्तरी अंडमान सागर पर बने निम्न दबाव क्षेत्र के उत्तरोत्तर मजबूत होते हुए दक्षिण उड़ीसा-उत्तरी आंध्रप्रदेश तट की ओर बढ़ने की संभावना के दृष्टिगत 23 सितंबर को पूर्वांचल से वर्षा का नया दौर आरंभ होकर 25 सितंबर तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश पहुंचने की संभावना है।

## हरियाणा में काम करने गए युवक की मौत, मचा कोहराम

**परिजन शव लेने के लिए हरियाणा के लिए हुए रवाना**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर/घुंघचाई।** हरियाणा काम करने गए युवक की मौत हो गई। सूचना पर परिजन मैं कोहराम मच गया। परिजन हरियाणा के लिए रवाना हो गए। कस्बा घुंघचाई निवासी कृष्णपाल कुछ समय पहले काम की तलाश में हरियाणा गया था। वह वहां रहकर मेहनत-मजदूरी कर रहा था। परिवार के लोगों को उससे काफी उम्मीदें थीं। युवक की मेहनत से परिवार की रोजमर्रा की जरूरतें पूरी हो रही थीं। इसी बीच हरियाणा में उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में हो गई। युवक की मौत की सूचना संबंधित लोगों ने उसके परिजनों को दी। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। परिजन युवक के शव को गांव लाने के लिए हरियाणा रवाना हो गए। घटना की जानकारी गांव में पहुंचने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मृतक के घर पहुंचने लगे और शोका कुल परिवार को सांत्वना दी। अचानक युवक की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीण भी घटना को लेकर दुखी हैं। बताया जा रहा है कि शव को गांव लाने की प्रक्रिया की जा रही है। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसकी जानकारी फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है। परिजन हरियाणा से शव आने का इंतजार कर रहे हैं। युवक की मौत के बाद परिवार के सामने आर्थिक संकट भी खड़ा हो गया है। गांव में युवक के परिचित और रिश्तेदार परिजनों को ढांढस बंधा रहे हैं।

# किचन का छज्जा गिरने से युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

## गांव शेरपुरकला में लिंटर तोडने के बाद नीचे आने पर अचानक हुआ हादसा

जागरण मोर्चा कार्यालय



हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** किचन का छज्जा गिरने से एक की मौत हो गई। अचानक हुए हादसे से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुरकला के मोहल्ला नूरगंज निवासी फहीम रविवार को अपने घर की किचन का लिंटर तोड़ने का काम कर रहा था। बताया गया कि लिंटर तोड़ने के बाद फहीम नीचे आ गया था। इसी दौरान अचानक किचन का छज्जा भरभराकर नीचे गिर पड़ा। छज्जे के मलबे की चपेट में आने से फहीम गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके ऊपर मलबा गिर गया। इससे खलवली मच गई। हादसा होते ही आसपास के कई लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। लोगों ने तत्काल मलबा हटाने का काम शुरू किया और उसमें दबे फहीम को बाहर निकाला। परिजन आनन फानन में गंभीर हालत में फहीम को उपचार के लिए पूरनपुर सीएचसी ले जाया गया, लेकिन वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फहीम की मौत की खबर घर पहुंचते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। हादसे के बाद मोहल्ले में भी मातम छा गया। आसपास के लोग परिजनों को ढांढस बंधाते नजर आए। अचानक हुए इस हादसे से परिवार के लोग सदमे में हैं। जिनका रो रो कर वुराहाल है। मृतक दो भाईयों व दो बहन में सबसे छोटा था। महेनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण कैसे होगा। इसको लेकर परिजन दहाडे मार मार कर रो रहे है। सूचना पर लोगों का मौके पर हुजूम उमड पडा। घटना से परिवार में चीत्कार मची हुई है।

## अब 8 महीने खुला रहेगा पीलीभीत बाघ अभयारण्य

जागरण मोर्चा कार्यालय




**पीलीभीत।** पीलीभीत बाघ अभयारण्य (Pilibhit Tiger Reserve) में जंगल की हरियाली, वन्यजीवों और मशहूर चूका बीच के प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने वाले पर्यटकों के लिए अच्छी खबर है। शासन ने पीटीआर में पर्यटन सत्र की अवधि बढ़ा दी है। अब पर्यटक करीब आठ महीने तक पीटीआर की सैर कर सकेंगे। नया पर्यटन सत्र एक नवंबर से 30 जून तक चलेगा।

बरेली के मुख्य वन संरक्षक एवं फील्ड निदेशक पीपी सिंह ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पर्यटन सत्र शुरू होने से पहले पीटीआर में पर्यटक सुविधाओं, सफारी मार्गों और प्रमुख पर्यटन स्थलों को दुरुस्त करने का काम तेजी से चल रहा है। पीपी सिंह के मुताबिक, सोमवार से शुक्रवार तक पर्यटकों के लिए निर्धारित प्रवेश शुल्क लागू रहेगा, जबकि शनिवार और रविवार को प्रवेश शुल्क इससे अधिक होगा। हालांकि, सप्ताहांत के शुल्क की राशि की जानकारी अधिकारी ने नहीं दी। पहले पीटीआर का पर्यटन सत्र आम तौर पर 15 नवंबर से 15 जून तक रहता था। वहीं, वर्ष 2024-25 में पर्यटन सत्र छह नवंबर से शुरू किया गया था। अब शासन ने पर्यटन अवधि को बढ़ाकर एक नवंबर से 30 जून तक कर दिया है।

एक नवंबर से पीटीआर खोलने का शासनादेश जारी होने के बाद प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। मानसून के बाद चूका क्षेत्र में पर्यटकों की आवाजाही भी बढ़ने लगी है। चूका बीच पीटीआर के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल है। यहां पर्यटकों की सुविधा के लिए हट, रेस्तरां और अन्य व्यवस्थाओं को बेहतर किया जा रहा है।

मुख्य वन संरक्षक एवं फील्ड निदेशक पीपी सिंह ने शुक्रवार को चूका पहुंचकर पर्यटन व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को पर्यटन सत्र शुरू होने से पहले सभी तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश दिए।उन्होंने बताया कि वाटर हट और अरण्य कुटीर की मरम्मत और रंग-रोगन का काम पीटीआर प्रशासन करा रहा है। वहीं, थारू हट और ट्री टॉप हट को नया रूप देने की जिम्मेदारी वन निगम को दी गई है।

चूका बीच के साथ ही पीटीआर के सफारी मार्गों को भी दुरुस्त किया जा रहा है। मुख्य वन संरक्षक ने डीएफओ भरत कुमार के साथ चूका बीच का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अधिकारियों का कहना है कि पर्यटन सत्र शुरू होने से पहले सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएंगी। निरीक्षण के दौरान उप प्रभागीय वनाधिकारी रुद्र प्रताप सिंह, महोफ रेंज के क्षेत्रीय वनाधिकारी सहेंद्र यादव समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## संगठन कार्यकर्ताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी पुलिस को तहरीर देकर उठाई कार्रवाई की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** थाना माधोटांडा क्षेत्र के गांव बांसखेड़ा निवासी अरविंद कुमार जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय हनुमान दल व राष्ट्रीय निर्माण दल ने कथित रूप से अभद्र एवं आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने का आरोप लगाते हुए शिकायत पुलिस से की है। शनिवार रात करीब दस बजे राष्ट्रीय हनुमान दल व राष्ट्रीय निर्माण दल के जिलाध्यक्ष सहित कार्यकर्ताओं के साथ जमुनिया पुलिस चौकी पर पत्र सौंपकर मामले में जांच और कानूनी कार्रवाई की मांग की गई।शिकायतकर्ता के अनुसार वह राष्ट्रीय हनुमान दल/हिन्दुत्ववादी संगठन से जुड़ा कार्यकर्ता है। आरोप है कि 19 सितंबर को गौसखेड़ा निवासी पवन पुत्र बसंत लाल ने सार्वजनिक रूप से संगठन और उसके कार्यकर्ताओं को लेकर कथित तौर पर अभद्र एवं आपत्तिजनक टिप्पणी की।शिकायतकर्ता का कहना है कि टिप्पणी से हिन्दू भावनाओं को ठेस पहुंची है।आरोप लगाया गया कि संबंधित व्यक्ति द्वारा संगठन के कार्यकर्ताओं के प्रति लगातार आपत्तिजनक व्यवहार किया जा रहा है, जिससे कार्यकर्ताओं में नाराजगी है। शिकायतकर्ता ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करने और नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस द्वारा शिकायत के आधार पर मामले की जांच किए जाने की बात कही गई है। पुलिस ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है। जिसकी जांच की जा रही है। मामला ठीक पाए जाने पर कार्रवाही की जाएगी।

## पानी में गिरी एलटी लाइन, बाधित रही बिजली आपूर्ति

जागरण मोर्चा कार्यालय



लाइन ठीक करते बिजली कर्मचारी। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** गोपालपुर घरेलू पोशाक पर कुरैया इकोतरनाथ मंदिर के पास एलटी लाइन टूटकर पानी में गिर जाने से विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। लाइन के पानी में गिरने से विद्युत लाइन में फॉल्ट आ गया, जिसके चलते आसपास के क्षेत्र की बिजली गुल हो गई। बिजली आपूर्ति बाधित होने के बाद लोगों ने इसकी सूचना बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को दी। सूचना मिलते ही बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पानी में गिरी एलटी लाइन को लेकर कर्मचारियों ने सावधानी बरतते हुए लाइन में आए फॉल्ट को तलाशना शुरू किया। काफी प्रयास के बाद कर्मचारियों ने विद्युत लाइन को दुरुस्त करने का काम पूरा किया। फॉल्ट ठीक किए जाने के बाद बिजली विभाग की टीम ने लाइन की जांच की और इसके बाद विद्युत आपूर्ति बहाल की गई। काफी देर तक बिजली बाधित रहने के बाद सप्लाई शुरू होने पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। स्थानीय लोगों का कहना है कि विद्युत लाइन टूटकर पानी में गिरने से लोगों में भी चिंता बनी रही। लोगों ने बिजली विभाग से जर्जर और कमजोर विद्युत लाइनों की समय-समय पर जांच कराने तथा आवश्यकतानुसार उनकी मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि इस तरह की समस्या दोबारा उत्पन्न न हो। बिजली विभाग की टीम की तत्परता से फॉल्ट को ठीक कर आपूर्ति बहाल कर दी गई। हालांकि, बिजली बाधित रहने के दौरान लोगों को काफी समय तक परेशानी का सामना करना पड़ा।

## भीषण गर्मी में बेहाल जनता, किराए के जनरेटर के सहारे रातें

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शेरपुर कलां।** ग्रामीण इलाकों में 24 घंटे में ट्रांसफार्मर बदलने की नीति कस्बे में फेल होली के पास रखा विद्युत ट्रांसफार्मर 48 घंटे बीत जाने के बावजूद नहीं बदला जा सका है। इसके चलते भीषण गर्मी और उमस के बीच पूरा गांव अंधेरे के साए में जीने को मजबूर है। बिजली ठप रहने से क्षेत्र में पेयजल संकट भी खड़ा हो गया है। उत्तर प्रदेश सरकार भले ही ग्रामीण क्षेत्रों में फुंका हुआ ट्रांसफार्मर 24 घंटे के भीतर बदलने का दावा करती हो लेकिन पूरनपुर विद्युत खंड के अधिकारियों की बेपरवाही के चलते ये दावे धरातल पर खोखले साबित हो रहे हैं। बिजली न आने से बेबस कुछ संपन्न ग्रामीणों ने तो किराए पर जनरेटर मंगवाकर अपने और आसपास के घरों में रोशनी का बंदोबस्त किया, लेकिन आम गरीब उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी में मोमबत्ती सहारे रातें काटनी पड़ रही हैं। समस्या को लेकर हाजी रियाजत नूर खान ने विद्युत खंड पूरनपुर के एसडीओ मोहित गुप्ता से दूरभाष पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। दो दिन और दो रातों से जनता जिस परेशानी से जूझ रही है, उसकी पूरी जवाबदेही बिजली विभाग की है। सरकार के आदेशों को दरकिनार कर अधिकारी मनमानी कर रहे हैं, जिसका खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है।" नूर खां द्वारा जनता में पनप रहे तीव्र आक्रोश की जानकारी दिए जाने के बाद बिजली विभाग में हड़कंप मच गया। विद्युत इंजीनियर आनन-फानन में अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पेट्रोलिंग शुरू की। हालांकि, देर रात तक विभागीय कसरत के बावजूद लाइन सुचारू नहीं हो सकी थी और ग्रामीण अंधेरे में रहने को विवश थे।

## संक्षेप समाचार

### गणपति बप्पा मोरया जयकारों से निकली विसर्जन यात्रा, गणपति बप्पा मोरया जयकारों से बातावरण भक्तीमय

**पूरनपुर।** नगर में भव्य विसर्जन यात्रा निकाली गई। जिसमे बडी संख्या में भक्त शामिल हुए। जयकारों से बातावरण भक्तीमय हो गया। महाराष्ट्र मित्र मंडल एवं सर्राफा बंधुओं की ओर से आयोजित 19वें श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव के तहत रविवार दोपहर गणेश प्रतिमा विसर्जन यात्रा निकाली गई। अमोल बैंकट हॉल, तिरंगा चौराहा से दोपहर करीब एक बजे शुरू हुई यात्रा में श्रद्धालु गणपति बप्पा के जयकारे लगाते हुए शामिल हुए। यात्रा में श्रद्धालुओं ने भक्ति गीतों और जयकारों के साथ भगवान गणेश की प्रतिमा को विसर्जन के लिए धनाराघाट की ओर रवाना किया। रास्ते में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर गणपति का आशीर्वाद लिया। जगह जगह पुष्पबर्षा कर स्वागत किया गया। आयोजकों ने बताया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी महोत्सव का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। महोत्सव के समापन पर विधि-विधान से गणेश प्रतिमा का विसर्जन धनाराघाट पर किया जाएगा।विसर्जन यात्रा को लेकर आयोजकों और श्रद्धालुओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। यात्रा के दौरान व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्यकर्ता भी सक्रिय रहे। इस मौके पर संजय गुप्ता, आशीष रस्तोगी, पुनीत पांडे, विकास गुप्ता, अमोल मराठा, संतोष मराठा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### कार की टक्कर से आवारा पशु की मौत

**पूरनपुर।** मैगलगंज हाईवे पर घुंघचाई थाने के पास रविवार को एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक आवारा पशु की मौत हो गई।बताया गया कि हाईवे पर घूम रहे आवारा पशु को अचानक सामने आने पर कार चालक ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पशु की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद कुछ देर के लिए हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल रहा।सूचना पर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। वहीं कार सवार बाल-बाल बच गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि हाईवे पर आवारा पशुओं के घूमते रहने से आए दिन हादसे का खतरा बना रहता है।लोगों ने प्रशासन से हाईवे पर घूम रहे आवारा पशुओं को पकड़वाकर गौशाला भिजवाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों को रोका जा सके।

### श्री राधे राधे जन कल्याण सेवा ट्रस्ट ने मनाई राधा अष्टमी



राधा अष्टमी पर कार्यक्रम के दौरान मौजूद भक्तगण। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** भगवान श्रीकृष्ण राधा प्रेमियों के लिए कृष्ण जन्माष्टमी और राधा अष्टमी पवित्र पर्व अतुलनीय होते है। शनिवार को शहर से सटे गांव रूपपुर कमालू में हाइवे किनारे राधा कृष्ण प्रेमियों ने गीत संगीत और नृत्य कर मनाई। श्री राधे राधे जन कल्याण सेवा रजि. के अध्यक्ष एड. दिनेश कुमार यादव 2011 से ग्राम रूपपुर कमालू में राधा अष्टमी पर कार्यक्रम आयोजित करते आए है। ट्रस्ट सचिव एड. अनिरुद्ध सिंह जर्नलिस्ट ने बताया सभी सहयोगी गणों के सहयोग से राधा अष्टमी मना ली जाती है सभी लोग का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में एड. सकुश मिश्रा, पत्रकार नीरज मिश्रा, प्रेम गंगवार, रामकुमार पाल, भगवान दास, डीके गंगवार, धनपाल यादव, अर्पित, दर्शित, अभिषेक, गामा यादव, बाबूराम, रामनिवास, हीरादेवी, विनीता, मीना यादव, रेखा, प्रियंका गंगवार, सुमन, सुशीला यादव, रेशमा, अमित गंगवार, विष्णु, लक्की, अंकित यादव, बीनू, मिंटू यादव मौजूद रहे।

### छह खिलाड़ियों का मंडलीय प्रतियोगिता के लिए चयन

**बीसलपुर।** एसआरएम इंटर कॉलेज में शनिवार को जिला स्तरीय माध्यमिक विद्यालयीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बीसलपुर और बिलसंडा के विभिन्न विद्यालयों से पहुंचे खिलाड़ियों ने अलग-अलग भार वर्गों में शानदार प्रदर्शन कर अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन आगामी मंडलीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ एसआरएम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजेश चंद्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद उन्होंने प्रतिभागी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर बीसलपुर, शिशु विहार इंटर कॉलेज बीसलपुर और शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज बिलसंडा के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। बालक वर्ग के अंडर-17 में 35 से 40 किलोग्राम भार वर्ग में अथर्व राज, 41 से 45 किलोग्राम में सुभाष राठौर और 45 से 48 किलोग्राम में सार्थक का चयन किया गया।

### 27 घंटे बाद मिला नहर में डूबे युवक का शव

**माधोटांडा।** हरदोई ब्रांच नहर में गणेश मूर्ति विसर्जन के दौरान डूबे माधोटांडा के वार्ड नंबर सात निवासी संगम (18) पुत्र त्रिवेणी शर्मा का दूसरे दिन 27 घंटे बाद शव मिला। एसएसबी, एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों ने तलाश की। शव देख परिजन बदहवास हो गए। उधर, युवक के नहर में डूबने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। शुक्रवार को भगवान गणेश की मूर्ति विसर्जन के दौरान कलीनगर पुल के निकट हरदोई ब्रांच नहर में संगम गहरे पानी में चला गया था। साथियों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह पानी में समा गया। सूचना पर पहुंची माधोटांडा पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम को बुलाकर तलाश शुरू कराई। देर शाम तक खोजबीन के बावजूद युवक का पता नहीं चल सका। शनिवार को पुलिस और प्रशासन की टीम ने नहर को बंद कराया। इसके बाद खोजबीन की गई। शाम करीब साढ़े चार बजे नहर पुल के निकट से युवक का शव मिला। सीओ विधि भूषण मौर्य ने भी पहुंचकर जानकारी जुटाई। उन्होंने बताया कि युवक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। मामले में थाना पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

**अनदेखी** | सफेद हाथी बनी पानी की टंकी, पाईप लाइन लीकेज

## करोड़ों से बनी पानी की टंकी नहीं बुझा पा रही प्यास

जागरण मोर्चा कार्यालय



सफेद हाथी साबित हो रही पानी की टंकी। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** जनपद पीलीभीत के विकास खंड पूरनपुर तहसील कलीनगर क्षेत्र के ग्राम जमुनिया खास में ग्रामीणों के लिए शुद्ध पेयजल देने के लिए जल जीवन मिशन के अंतर्गत सरकार के द्वारा गांव के लगभग दस हजार आबादी के लोगों के लिए लगभग पंद्रह वर्ष पूर्व करोड़ों रूपये से बनाई गई पानी की टंकी ग्रामीणों की प्यास नहीं बुझा पाई है। पानी की टंकी बनने के बाद से भी अभी तक ग्रामीणों को पीने योग्य शुद्ध जल नहीं मिल रहा है। अधिकारियों ठेकेदारों कंपनी मालिकों की मिली भगत से मानक के अनुसार पाइप लाइन नहीं डाली गई है। जिसकी वजह से पाइपलाइन बार-बार लीकेज हो रही है लीकेज ठीक करने के नाम पर पूरे गांव के मार्गों को खोदकर खराब कर डाला है लीकेज होने की वजह से ग्रामीणों को शुद्ध पीने योग्य पानी नहीं मिल पा रहा सरकारी करोड़ो रुपये खर्च के बाद भी टंकी बिल्कुल सफेद हाथी की तरह दिख रही है। पानी की टंकी को प्राइवेट कंपनी के हाथों सौपा जा चुका है प्राइवेट कंपनी के जिम्मेदार व्यक्ति इस ओर बिल्कुल ध्यान नहीं दे रहे हैं और कागजी कार्रवाई पर पानी ग्रामीणों को पानी दिया जा रहा है जबकि हकीकत कुछ और ही है ग्रामीण अपने अपने घरों के कम गहराई के गड़े हुए प्राइवेट नालों का बिसैला पानी पीकर अपनी प्यास बुझाने को मजबूर है भीषण गर्मी में शुद्ध बूद बूद पानी पीने को ग्रामवासी तरस रहे है पानी टंकी का शुद्ध जल ग्रामीणों को न मिलने की वजह से जनता में बहुत रोष व्याप्त है। जन कल्याण सुरक्षा संघ सामाजिक संगठन के अध्यक्ष ब्रहमपाल सिंह ने बताया कि हमारे पास गांव के लोग पानी टंकी का शुद्ध जल न मिलने की तथा लीकेज के नाम पर सड़कों को बर्बाद करने आधे गांव में सप्लाई लाइन न होने की लगातार शिकायत कर रहे हैं हमारी संबंधित अधिकारियों ठेकेदारों एवं कंपनी मालिकों तथा जनप्रतिनिधियों जिम्मेदारों से मांग है कि पानी टंकी को अति शीघ्र ठीक करा कर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए अगर इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो आगामी कोई ठोस कदम उठाया जाएगा।

## राहुल नगर मजदूर बस्ती में सड़क निर्माण की मांग

**पूरनपुर।** ग्राम पंचायत चंदिया हजारा के मजरा राहुल नगर मजदूर बस्ती में खराब और कच्चे मार्ग के कारण ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र निवासी समाजसेवी डॉ. कमलेश कुमार ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर मार्ग का पक्का निर्माण अथवा सुदृढ़ीकरण कराए जाने की मांग की है। पत्र में बताया गया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र होने के कारण बरसात के दिनों में कच्चा रास्ता बेहद खराब हो जाता है। जलभराव और कीचड़ के चलते बच्चों, महिलाओं और अन्य ग्रामीणों को आने-जाने में दिक्कत होती है। कई बार ग्रामीणों को जरूरी काम के लिए भी परेशानी उठानी पड़ती है। डॉ. कमलेश कुमार ने मुख्यमंत्री से जनहित में समस्या का संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारियों को मार्ग निर्माण के लिए आवश्यक निर्देश देने की मांग की है।

## नेपाल से शारदा नदी पार कर भारतीय सीमा में घुसा गैंडा, फसलों को पहुंचाया नुकसान

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पीलीभीत।** पीलीभीत जिले में नेपाल से आए एक गैंडे ने कलीनगर तहसील के महाराजपुर क्षेत्र में किसानों की तैयार फसलें रौंद दी हैं। बीते कई दिनों से गैंडे की आवाजाही से किसान चिंतित हैं। वे रात में खेतों की रखवाली कर रहे हैं।

पीलीभीत जिले के सीमावर्ती गांवों में वन्यजीवों की आवाजाही ने किसानों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। बीते कुछ दिनों से नेपाल के जंगल से एक गैंडा शारदा नदी पार करके भारतीय सीमा में प्रवेश कर गया। कलीनगर तहसील के ढकिया तालुका महाराजपुर क्षेत्र में इस गैंडे की मौजूदगी देखी गई। खेतों में इसके घुसने से किसानों की तैयार खड़ी फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है।

ग्रामीणों ने बताया कि गैंडे की आवाजाही पिछले कई दिनों से जारी है। शुक्रवार रात भी गैंडे ने नदी पार कर महाराजपुर क्षेत्र के खेतों में घुसकर फसलों को रौंद दिया। लगातार हो रहे नुकसान के कारण किसान चिंतित हैं। अपनी आजीविका और फसलों को वन्यजीवों से बचाने के लिए किसान रात के समय भी खेतों की रखवाली करने को विवश हैं। रात के अंधेरे में खेतों की निगरानी करने से सुरक्षा का जोखिम बना रहता है, लेकिन फसलों को बचाने के लिए ग्रामीण यह खतरा मोल ले रहे हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यह इलाका जंगलों और नदी से सटा होने के कारण काफी संवेदनशील है। यहां पहले से ही जंगली हाथियों का झुंड अक्सर आबादी और खेतों की ओर आता रहा है। हाथियों की समस्या से किसान पहले से ही जूझ रहे थे और अब गैंडे की दस्तक ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं।




# एशियाड में भारत को आज दो रजत पदक, इलावेनिल ने दिलाया दूसरा रजत

**एजेंसी समाचार**

**आईचीनगाओ (जापान)।** एशियन गेम्स 2026 में भारत का पदक खाता महिला 10 मीटर एयर राइफल टीम ने रजत पदक के साथ खोला। इलावेनिल वालारिवन, विदार्सा के विनोद और सोनम उत्तम मस्कर की तिकड़ी ने कुल 1898.0 अंक हासिल कर दूसरा स्थान पाया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि ने भारत का पदक खाता खोला और देश को गौरवान्वित किया। सोनम 634.1 अंक के साथ तीसरे, इलावेनिल 633.5 के साथ सातवें और विदार्सा 630.4 अंक के साथ 12वें स्थान पर रहीं। चीन ने 1904.2 अंक के साथ स्वर्ण और जापान ने 1897.1 अंक के साथ कांस्य जीता।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा, 'एशियन गेम्स 2026 में महिला 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतने पर इलावेनिल वालारिवन, विदार्सा के विनोद और सोनम उत्तम मस्कर को हार्दिक बधाई। आपकी सराहनीय उपलब्धि ने खेलों में भारत का पदक खाता खोला है और इससे देश को अपार गर्व हुआ है। आपकी निरंतर सफलता के लिए मेरी शुभकामनाएं।'

**भारतीय पुरुष हॉकी टीम का धमाकेदार आगाज, इंडोनेशिया को 13-1 से रौंदा**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एशियन गेम्स 2026 में शानदार शुरूआत की। भारत ने अपने पहले मुकाबले में इंडोनेशिया को 13-1 से हरा दिया। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने महिला टीम के 19-0 की जीत के बाद दमदार आगाज किया। भारत की ओर से दिलप्रीत सिंह ने चार गोल दागे, जबकि सुखजीत सिंह ने दो गोल किए। भारतीय खिलाड़ियों ने शुरूआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और मुकाबले पर पूरी तरह नियंत्रण बनाए रखा। मुख्य कोच क्रेग फुल्टन के लिए यह टीम की ओर से शानदार शुरूआत रही। भारत ने पूरे मुकाबले में इंडोनेशिया पर दबाव बनाए रखा और एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज की।

भारत ने एशियन गेम्स 2026 के महिला बैडमिंटन टीम इवेंट के पहले दौर में कजाखस्तान को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। भारत ने 90 मिनट के भीतर ही मुकाबला अपने नाम कर लिया। तीनों भारतीय खिलाड़ियों ने अपने-अपने मुकाबले सीधे गेम में जीते।

पहला मैचः पीवी सिंधू ने कमिला स्मागुलोवा को 21-7, 21-9 से हराया। मुकाबला 24 मिनट चला।

दूसरा मैचः उन्नति हुड्डा ने एलिसा कुलेशोवा को 21-7, 21-19 से हराया। उन्होंने 22 मिनट में जीत दर्ज की।

तीसरा मैचः तन्वी शर्मा ने डायना नामेनोवा को 21-5, 21-10 से हराया। मुकाबला सिर्फ 19 मिनट चला।

इस तरह सिंधू, उन्नति और तन्वी की लगातार तीन जीत से भारत ने कजाखस्तान का 3-0 से सफाया करते हुए अंतिम आठ में प्रवेश किया।

**भारतीय महिला क्रिकेट टीम फाइनल में**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम फाइनल में पहुंच गई है। उसने सेमीफाइनल में बांग्लादेश को 114 रन से रौंद दिया। इस जीत के साथ भारत का एक और पदक पक्का हो गया है। भारत ने कम से कम रजत तो पक्का कर लिया है। अब 22 सितंबर को भारत का मुकाबला फाइनल में श्रीलंका से होगा। वहीं, बांग्लादेश की टीम 22 को ही पाकिस्तान के खिलाफ कांस्य पदक के लिए मुकाबला करेगी। भारत ने 2023 में हांगझोउ एशियाई खेलों में भी स्वर्ण जीता था। टीम इंडिया इस बार भी स्वर्ण जीतना चाहेगी। श्रीलंका ने आज सुबह दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान को आठ विकेट से हराया था। भारत और श्रीलंका की टीमें हाल ही में एशिया कप के फाइनल में भी आमने-सामने आई थीं। उसमें टीम इंडिया ने आसानी से जीत हासिल की थी।

सेमीफाइनल मुकाबले की बात करें तो भारत ने शेफाली के शतक की बदौलत 20 ओवर में चार विकेट पर 195 रन बनाए थे। शेफाली ने 49 गेंद में नाबाद 100 रन बनाए। वहीं, कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 33 गेंद में 40 रन की पारी खेली। स्मृति मंधाना ने 19 गेंद में 37 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश की टीम 15.4 ओवर में 81 रन पर सिमट गई। दिलारा अख्तर ने सबसे ज्यादा 27 रन बनाए। वहीं, शर्मिन अख्तर ने 10 रन और सुल्ताना खातून ने 12 रन बनाए। इनके अलावा बांग्लादेश की कोई बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सकीं। भारत की ओर से नंदिनी शर्मा और दीप्ति शर्मा ने तीन-तीन विकेट लिए। वहीं, श्री चरणी को दो विकेट मिला। क्रांति गौड़ और श्रेयांका पाटिल को एक-एक विकेट मिला।



**भारतीय MMA फाइटर वरुण सान्याल एशियन गेम्स से अयोग्य**

भारतीय टटअ फाइटर वरुण सान्याल को एशियन गेम्स से अयोग्य घोषित कर दिया गया है। वह सौना में बेहोश हो गए थे। इसके बाद उन्हें गंभीर डिहाइड्रेशन के कारण मुकाबले के लिए अनफिट घोषित किया गया। बताया गया कि नागोया में आवास मिलने में करीब 10 घंटे की देरी के बाद वरुण को डिहाइड्रेशन की समस्या का सामना करना पड़ा।

**बैडमिंटन में भारत की शानदार शुरूआत**

भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने एशियन गेम्स में कजाकिस्तान के खिलाफ पहले दौर के मुकाबले की शानदार शुरूआत की है। पीवी सिंधु ने कमिला स्मागुलोवा को सीधे गेम में 21-7, 21-9 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। सिंधु ने यह मुकाबला महज 22 मिनट में अपने नाम किया। अब उन्नति हुड्डा का मुकाबला एलिसा कुलेशोवा से चल रहा है।

**शेफाली वर्मा का तूफानी शतक, 49 गेंदों में ठोका सैकड़ा**

शेफाली वर्मा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ दिया। यह एशियन गेम्स की महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में किसी भारतीय बल्लेबाज का पहला शतक भी है। शेफाली ने 49 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। उन्होंने अपनी पारी में नौ छक्के और तीन चौके लगाए। खास बात यह रही कि उन्होंने पारी की आखिरी गेंद पर शतक पूरा किया। शेफाली की तूफानी पारी के दम पर भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ 20 ओवर में 4 विकेट पर 195 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। भारतीय टीम ने पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा और अब बांग्लादेश के सामने 196 रन का लक्ष्य है। एजेंसी

## एशियन गेम्स 2026: बांग्लादेश की 11 खिलाड़ी मिलकर भी नहीं कर सकीं शेफाली की बराबरी, भारत की तीसरी सबसे बड़ी जीत

**निशिन.** शेफाली वर्मा के नाबाद शतक के बाद भारतीय गेंदबाजों ने बांग्लादेश को 81 रन पर समेट दिया। भारत ने सेमीफाइनल 114 रन से जीतकर एशियन गेम्स के महिला क्रिकेट फाइनल में जगह बनाई। शेफाली के अकेले 100 रन बांग्लादेश की पूरी टीम के 81 रन से ज्यादा रहे। यह भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय में तीसरी सबसे बड़ी जीत के बराबर का अंतर है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एशियन गेम्स 2026 के महिला क्रिकेट टूनामेंट के फाइनल में जगह बना ली है। निशिन के कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में खेले गए सेमीफाइनल में भारत ने बांग्लादेश को 114 रन से करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ भारत ने अपना कम से कम रजत पदक पक्का कर लिया है।

इस मुकाबले में शेफाली वर्मा के बल्ले का ऐसा तूफान आया कि बांग्लादेश की पूरी टीम भी उनके व्यक्तिगत स्कोर तक नहीं पहुंच सकी। शेफाली ने 49 गेंदों पर नाबाद 100 रन बनाए, जबकि बांग्लादेश की पूरी टीम 15.4 ओवर में 81 रन पर सिमट गई। यानी शेफाली ने अकेले बांग्लादेश के सभी 11 बल्लेबाजों से मिलकर बनाए कुल स्कोर से भी 19 रन ज्यादा बनाए। भारत की 114 रन की जीत महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उसकी सबसे बड़ी जीतों में तीसरे स्थान पर है। भारत ने इससे पहले 2018 में मलयेशिया को 142 रन और 2026 एशिया कप में हॉन्गकॉन्ग को 137 रन से हराया था।

भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। शेफाली वर्मा ने इस फैसले को सही साबित करते हुए बांग्लादेशी गेंदबाजों की जमकर खबर ली। उन्होंने 49 गेंदों का सामना किया और नौ छक्कों तथा तीन चौकों की मदद से नाबाद 100 रन बनाए। शेफाली का शतक भारतीय पारी की आखिरी गेंद पर पूरा हुआ। उन्होंने आखिरी गेंद पर चौका लगाकर अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला शतक पूरा किया। वह एशियन गेम्स के महिला क्रिकेट टूर्नामेंट में शतक लगाने वाली पहली बल्लेबाज भी बनीं। शेफाली के शतक की बदौलत भारत ने 20 ओवर में चार विकेट पर 195 रन बनाए और बांग्लादेश के सामने 196 रन का लक्ष्य रखा।

जवाब में बांग्लादेश की शुरूआत ही खराब रही। भारतीय गेंदबाजों ने लगातार विकेट निकाले और बांग्लादेश की बल्लेबाजी को कभी संभलने का मौका नहीं दिया। पूरी टीम 15.4 ओवर में 81 रन पर ऑलआउट हो गई। बांग्लादेश की ओर से दिलारा अख्तर ने सबसे ज्यादा 27 रन बनाए। शर्मिन अख्तर ने 10 और सुल्ताना खातून ने 12 रन बनाए।






## शेयर बाजार से पैसा निकाल रहे विदेशी निवेशक: सितंबर में 20,974 करोड़ निकाले

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** दुनिया भर में जारी अनिश्चितताओं, अमेरिका में ऊंची ब्याज दरों और बॉन्ड यील्ड, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और कमजोर होते रुपये के कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) एक बार फिर सतर्क हो गए हैं। विदेशी निवेशकों ने सितंबर महीने में 18 तारीख तक भारतीय इक्विटी (शेयर बाजार) से 20,974 करोड़ रुपये की भारी निकासी की है। सीडीएसएल (सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड) के आंकड़ों के मुताबिक, यह बिकवाली ऐसे समय में आई है जब इससे पहले जुलाई और अगस्त में विदेशी निवेशक भारतीय बाजार में लौटे थे। जुलाई में विदेशी निवेशकों ने 20,200 करोड़ रुपये और अगस्त में 29,630 करोड़ रुपये का निवेश किया था।

सितंबर की इस हालिया बिकवाली के साथ, वर्ष 2026 में अब तक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक भारतीय शेयर बाजार से कुल 2.45 लाख करोड़ रुपये निकाल चुके हैं। यह आंकड़ा पूरे 2025 में हुई 1.66 लाख करोड़ रुपये की कुल निकासी से भी कहीं अधिक है। हालांकि, आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि इस महीने प्राइमरी मार्केट के जरिए विदेशी निवेशकों का निवेश जारी रहा है।




बिकवाली के तीन मुख्य कारण

चॉइस वेल्थ के मुख्य निवेश रणनीति अधिकारी धीरज गौड़ ने विदेशी निवेशकों की इस बिकवाली के लिए तीन प्रमुख वजहों को जिम्मेदार बताया है-

अमेरिका में ऊंची ब्याज दरें और मजबूत बॉन्ड यील्ड

भू-राजनीतिक तनावों के कारण कच्चे तेल के ऊंचे भाव

भारतीय रुपये में लगातार आती कमजोरी

धीरज गौड़ के अनुसार, अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों को बढ़ाकर 3.75-4.00 प्रतिशत कर दिया है। इससे भारत और अमेरिका के बीच यील्ड का अंतर कम हो गया है, जिससे भारतीय संपत्तियों का आकर्षण घट गया है। इसके अलावा, मध्य पूर्व में तनाव बढ़ने से ब्रेंट क्रूड 100 डॉलर प्रति बैरल के पार बना हुआ है, जिससे भारत के आयात बिल और महंगाई को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।

रुपया भी दबाव में है और पिछले सप्ताह इसमें 1.1 प्रतिशत की गिरावट आई, जो चार महीनों में सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट है। रुपया डॉलर के मुकाबले 95.92-95.96 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर कारोबार कर रहा था और कारोबार के दौरान इसने 96 का स्तर भी पार कर लिया था।









## टाटा संस में बढ़ी तकरार: चंद्रशेखरन की पुनर्नियुक्ति पर ट्रस्ट्स ने खोला मोर्चा

**एजेंसी न्यूज**

**जोधपुर।** टाटा समूह में चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन की दोबारा नियुक्ति को लेकर विवाद अब खुलकर सामने आ गया है। टाटा ट्रस्ट्स ने टाटा संस के 17 सितंबर के उस फैसले की वैधता पर सवाल उठाया है, जिसमें चंद्रशेखरन को पांच साल के एक और कार्यकाल के लिए एग्जीक्यूटिव चेयरमैन बनाए रखने का फैसला हुआ था। ट्रस्ट्स का कहना है कि कंपनी के आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन के मुताबिक, ट्रस्ट की ओर से नामित निदेशकों की मंजूरी जरूरी थी। ऐसे में चेयरमैन के पास मौजूद कास्टिंग वोट इस शर्त को खत्म नहीं कर सकता।

टाटा ट्रस्ट्स के मुताबिक, 17 सितंबर की बोर्ड बैठक में चंद्रशेखरन की दोबारा नियुक्ति के प्रस्ताव पर कोई गतिरोध था ही नहीं। टाटा संस के बोर्ड में ट्रस्ट्स के दो नामित निदेशक हैं। इनमें से रतन टाटा के निधन के बाद टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन बने नोएल टाटा ने चंद्रशेखरन के कार्यकाल को पांच साल बढ़ाने के प्रस्ताव के खिलाफ वोट दिया, जबकि दूसरे ट्रस्ट-नामित निदेशक वेणु श्रीनिवासन ने प्रस्ताव का समर्थन किया। ट्रस्ट्स का तर्क है कि दो नामित निदेशकों में बहुमत का मतलब दो है, एक नहीं। इसलिए जरूरी समर्थन नहीं मिला और प्रस्ताव वैध रूप से पारित नहीं हो सकता था।

टाटा संस के बोर्ड ने चंद्रशेखरन को एक और पांच साल के लिए एग्जीक्यूटिव चेयरमैन बनाए रखने के प्रस्ताव को 4-1 के अंतर से मंजूरी दी थी। नोएल टाटा ने इसका विरोध किया था। खास बात यह है कि चंद्रशेखरन पहले ही कह चुके थे कि वह अगले कार्यकाल के लिए खुद दावेदारी नहीं करेंगे। हालांकि, बोर्ड के अनुरोध के बाद उन्होंने अपना फैसला बदलने पर सहमति जताई। टाटा संस ने इसी आधार पर उनकी दोबारा नियुक्ति को वैध मानते हुए आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी है।







जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।